BEST EMERGENCY CARE IN TRAUMA, STROKE & HEAD INJURY
जानकी न्यू लाईफ
मल्टीस्पेशालिटी हॉस्पिटल
क्रीड़ा संकुल रोड, मरारटोली, गोंदिया - 441614
EMERGENCY 75 108 57 108
डॉ. सनी सतीश जायसवाल न्यूरो सर्जन
डॉ. सौ. पूनम सनी जायसवाल स्त्री रोग विशेषज्ञ

बालाघाट, सिवनी, गोंदिया एवं भंडारा जिले मे प्रसारित हिन्दी दैनिक..
# जग प्रेरणा
बालाघाट - 17 जुलाई 2026 | दिन - शुक्रवार | वर्ष-14 वां | पृष्ठ - 12 | अंक - 171 | मूल्य - 5 रुपये

SAHAYOG HOSPITAL
7 Years
निःशुल्क एंजियोग्राफी एवं एंजियोप्लास्टी शिविर
वैधता 31 अगस्त 2026 तक
91 8888 001 426 / 07182 250006 / 07



JAIN RESORT
जैन रिसॉर्ट्स
शांत, सुरम्य नवेगांव नागझिरा फॉरेस्ट के पास स्थित
Relaxation at its Peak
उपलब्ध सेवाएं..
■ शादी, रिसेप्शन, व अन्य छोटी बड़ी पार्टीयां सभी सुविधाओं के साथ..
■ लॉन व रिसॉर्ट 2 लाख फीट में..
■ सभी 80 रुम 2 बेंक्वेट हॉल एसी
■ घराती बाराती 300 एवं मेहमानों की व्यवस्था..
■ स्वीमिंग पुल, भव्य गार्डन..
■ लिफ्ट सुविधा, 24 x 7 विद्युत सुविधा..
अन्य सभी सुविधाएं आवश्यतानुसार..कैटरींग, सजावट, फूल सजावट, स्टेज की व्यवस्था..
पता - गराड़ा, मुंडीपार, तहसील - गोरेगांव, जिला गोंदिया 441801 (महाराष्ट्र)
N-H- 753 गोंदिया से 17 किलोमीटर दूर..
संपर्क करें..
नमन जैन 9049223444
ऑफिस 9270175557

## गुजरात में भारतीय वायुसेना के कर्मी ने गोली मारकर आत्महत्या की

कच्छ, (भाषा)।

गुजरात के कच्छ जिले में नालिया वायुसेना स्टेशन पर भारतीय वायुसेना (आईएएफ) के एक कर्मी ने खुद को गोली मारकर कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने बताया कि अभी तक कोई 'सुसाइड नोट' नहीं मिला है। ''मृतक की पहचान कॉर्पोरल भरतकुमार भारद्वाज (27) के तौर पर हुई है। यह घटना नालिया वायुसेना स्टेशन के पार्किंग क्षेत्र में हुई, जब ड्यूटी पर मौजूद कर्मियों ने गोली चलने की आवाज सुनी और भारद्वाज को खून से लथपथ हालत में पाया।

## नीट-यूजी के परिणाम घोषित, पंजाब के आर्यन और हरियाणा के पांशुल ने सर्वोच्च स्थान हासिल किया..

नई दिल्ली, (भाषा)।

***राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी)-2026 के परिणाम घोषित किए, जिसमें पंजाब के आर्यन गुप्ता और हरियाणा के पांशुल बंसल ने शीर्ष स्थान हासिल किया जबकि कुल 11.21 लाख अभ्यर्थी सफल घोषित किए गए। सफल अभ्यर्थियों में 58 फीसदी से अधिक महिलाएं हैं।***




एनटीए के अनुसार, जहां गुप्ता और बंसल ने 720 में से 715-715 अंक हासिल किए, वहीं 19 अभ्यर्थियों ने 700 अंक और 138 अभ्यर्थियों ने 690 अंक प्राप्त किए। इसके अलावा कुल 1,492 अभ्यर्थियों ने 650 या उससे अधिक अंक अर्जित किए, जबकि 10,160 अभ्यर्थियों ने 600 या उससे अधिक अंक प्राप्त किए हैं। चिकित्सा पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए नौ मई को आयोजित यह परीक्षा प्रश्नपत्र लीक होने के आरोपों के बीच 12 मई को राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा रद्द कर दी गई थी। इस मामले की जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) कर रहा है।

परीक्षा का दोबारा आयोजन 21 जून को किया गया था। पिछले वर्ष परीक्षा के परिणाम 25 जून को घोषित किए गए थे। दोबारा परीक्षा के कारण प्रवेश प्रक्रिया के कार्यक्रम में देरी की आशंकाओं को दूर करते हुए एनटीए ने स्पष्ट किया कि परिणाम समय पर घोषित किए गए हैं, ताकि अभ्यर्थियों के लिए चिकित्सा पाठ्यक्रमों में प्रवेश और काउंसिलिंग का कार्यक्रम निर्धारित समय के अनुसार जारी रह सके। एनटीए ने कहा, ''प्रक्रिया में बदलाव करके परिणाम समय पर घोषित किए गए। इसके तहत विभिन्न चरणों को एक के बाद एक पूरा करने के बजाय समानांतर रूप से संचालित किया गया। साथ ही, ओएमआर शीट से संबंधित आपत्तियों की प्रक्रिया को उत्तर कुंजी जारी करने की प्रक्रिया से अलग रखा गया। प्रत्येक चरण को पूरी तरह पूरा किया गया और अभ्यर्थियों के देखने के लिए उपलब्ध कराया गया। एमबीबीएस पाठ्यक्रम के लिए कुल 1,08,000 सीट उपलब्ध हैं। इनमें से लगभग 56,000 सीट सरकारी कॉलेजों में हैं और करीब 52,000 सीट निजी कॉलेजों में हैं।

निरंतर 65 वर्षों से विश्वसनीय प्रतिष्ठान
Lucky
आपके अपने विजय भैय्या का
Apparels
20% To 50%
SAREES
GHAGRA CHUNNI
LACHA
INDO WESTERNS
MONSOON SALE
FOLLOW US ON :
हमारी अन्य कहीं भी कोई शाखा नहीं है..
गोरेलाल चौक, मेन रोड, गोंदिया

## पुरी रथ यात्रा में 10 लाख से अधिक श्रद्धालु शामिल हुए, भीड़ के कारण दो श्रद्धालुओं की मौत

पुरी, (भाषा)।

***बारिश से प्रभावित ओडिशा के पुरी में बृहस्पतिवार को रथ यात्रा के दौरान अचानक भीड़ बढ़ने और मौसम की प्रतिकूल परिस्थितियों के कारण दो लोगों की मौत हो गई तथा पांच अन्य अस्वस्थ हो गए। मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) ने यह जानकारी दी।***

मुख्यमंत्री कार्यालय ने एक बयान में कहा कि उत्सव के दौरान सात लोग अस्वस्थ हो गए थे और उन्हें बिना देरी किए अस्पताल पहुंचाया गया। बयान में कहा गया, ''इनमें 60 वर्ष से अधिक उम्र के एक पुरुष श्रद्धालु की दुर्भाग्यवश मौत हो गई। संबंधित अधिकारी उनकी मौत के सही कारण का पता लगा रहे हैं।'' इसमें कहा गया, ''इससे अलावा एक अन्य असंबंधित घटना में 35 वर्ष से अधिक उम्र के एक पुरुष श्रद्धालु को दिल का दौरा पड़ा और तत्काल चिकित्सा सहायता दिए जाने के बावजूद उनकी मौत हो गई।''मुख्यमंत्री कार्यालय ने कहा कि बारिश के कारण अस्वस्थ हुए कई श्रद्धालुओं का अस्पतालों में उपचार किया गया और बाद में उन्हें छुट्टी दे दी गई।

गौरतलब है कि भगवान जगन्नाथ और उनके भाई भगवान बलभद्र और उनकी बहन देवी सुभद्रा के भक्तों को शुक्रवार को रथ खींचने का एक और अवसर मिलेगा, क्योंकि 'पहंडी' रस्म में देरी के कारण तीनों में से कोई भी रथ श्री गुंडिचा मंदिर नहीं पहुंच सका। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। भगवान बलभद्र का 'तालध्वज' रथ अपने निर्धारित समय शाम चार बजे के बजाय शाम पांच बज कर 10 मिनट पर आगे बढ़ना शुरू हुआ, जो ग्रैंड रोड पर करीब 700 मीटर की दूरी तय करने के बाद मार्केट छक पर रुक गया। अधिकारियों ने बताया कि रथों को 12वीं शताब्दी के श्री जगन्नाथ मंदिर से गुंडिचा मंदिर पहुंचने के लिए 2.6 किलोमीटर की दूरी तय करनी होती है। इसी प्रकार, देवी सुभद्रा का 'दर्पदलन' रथ करीब 400 मीटर की दूरी तय करने के बाद मरीचीकोट छक पर रुक गया, जबकि भगवान जगन्नाथ के 'नंदिघोष' रथ को केवल कुछ ही गज की दूरी तक खींचा जा सका और वह सिंहद्वार के पास ही खड़ा रहा।

क्लासिफाईड विज्ञापन सिर्फ 100/- प्रतिदिन..
दैनिक जगप्रेरणा मे क्लासिफाईड विज्ञापन सिर्फ 100 /- प्रतिदिन मे प्रकाशित किये जाते है। कृपया संपर्क करे.. मो. 9329033433

स्वामी विवेकानन्द प्रा. आई.टी.आई.
इलेक्ट्रिशियन | फिटर
न्यूनतम शुल्क सर्वश्रेष्ठ प्रशिक्षण | सर्वाधिक रोजगार रोजगार हेतु नियमित कैम्पस
मोती तालाब के पास, सुरभी नगर, बालाघाट
मो. 7000627847, 7000482405, 9826324832
ADMISSION OPEN 2026-27
NCVT एवं DGE&T से मान्यता प्राप्त

## प्रधानमंती आज करेंगे बालाघाट नैनपुर के पुनर्विकसित रेलवे स्टेशन कर लोकार्पण..

जगप्रेरणा बालाघाट।

***भारतीय रेलवे के आधुनिकीकरण की दिशा में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि जुडने जा रही है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी 17 जुलाई 2026 को दोपहर 2 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से देशभर में अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत पुनर्विकसित 75 रेलवे स्टेशनों एवं विभिन्न रेल अवसंरचना***



परियोजनाओं का लोकार्पण एवं राष्ट्र को समर्पित करेंगे। इसी क्रम में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बालाघाट, नैनपुर एवं छिंदवाड़ा रेलवे स्टेशन भी आधुनिक स्वरूप में विकसित होकर राष्ट्र को समर्पित किए जाएंगे। इस अवसर पर तीनों स्टेशनों पर भव्य लोकार्पण समारोह आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों, गणमान्य नागरिकों एवं बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों की उपस्थिति रहेगी। सभी स्टेशन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सीधे प्रधानमंत्री के कार्यक्रम से जुड़ेंगे और उनके करकमलों से इन स्टेशनों का राष्ट्र को समर्पण होगा। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत बालाघाट, नैनपुर और छिंदवाड़ा रेलवे स्टेशनों का पुनर्विकास आधुनिक यात्री सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए किया गया है। स्टेशनों के भवनों को नया एवं आकर्षक स्वरूप दिया गया है। इसके साथ ही बेहतर प्रवेश एवं निकास व्यवस्था, दिव्यांगजन-अनुकूल सुविधाएं, आधुनिक प्रतीक्षालय, उन्नत प्रकाश व्यवस्था, डिजिटल यात्री सूचना प्रणाली, स्वच्छ एवं सुव्यवस्थित परिसर, बेहतर पेयजल एवं शौचालय सुविधाएं, सौंदर्यीकरण तथा पर्यावरण-अनुकूल अधोसंरचना विकसित की गई है। इन कार्यों का उद्देश्य यात्रियों को सुरक्षित, सुगम एवं विश्वस्तरीय यात्रा अनुभव उपलब्ध कराना है रेल प्रशासन के अनुसार बालाघाट रेलवे स्टेशन का पुनर्विकास जिले की सामाजिक, आर्थिक एवं पर्यटन गतिविधियों को नई गति प्रदान करेगा। इससे स्थानीय व्यापार को बढ़ावा मिलेगा तथा रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। बालाघाट रेलवे स्टेशन पर आयोजित समारोह में जनप्रतिनिधि एवं जोन के रेल सलाहकार सदस्य मोनिल जैन सहित रेलवे के अधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहेंगे। रेल प्रशासन ने क्षेत्र के नागरिकों से अपील की है कि वे इस ऐतिहासिक अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होकर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के संबोधन एवं लोकार्पण समारोह के साक्षी बनें तथा भारतीय रेलवे के आधुनिक और विकसित स्वरूप के इस महत्वपूर्ण पड़ाव में सहभागी बनें।

SARDAR PATEL UNIVERSITY
BALAGHAT (M.P.)
ADMISSION OPEN 2026-27
ENGINEERING
POLYTECHNIC
B.TECH | M.TECH
Part Time / Full Time | AICTE Approved
• Civil Engg.
• Mechanical Engg.
• Electrical Engg.
• Mining Engg.
• Computer Sc. & Engg.
• Mining & Mine Surveying
B.Tech. (AI & ML)
100% Job Oriented Program
छात्रवृत्ति SC/ST/OBC
PHARMACY
PCI Approved
• D. PHARMACY
• B. PHARMACY
• M. PHARMACY
Pharmacology / Pharmaceutics
MBA PHARMACEUTICAL MANAGEMENT
AGRICULTURE
• B.Sc. (Hons.) • M.Sc.(Ag.)
• B.Tech (Agril) • Diploma
ABM AGRI BUSINESS MANAGEMENT
LAW
• B.A. LL.B.
• LL.B. • LL.M.
BCI Approved
MANAGEMENT
• BBA (Hons.) • MBA • BHM
BAMS SARDAR PATEL AYURVEDIC MEDICAL COLLEGE & HOSPITAL
BHMS S.M. DEO HOMOEOPATHIC MEDICAL COLLEGE & HOSPITAL
कैम्पस : वारासिवनी रोड, डोंगरिया, बालाघाट (म.प्र.)
9174192111, 9174202111, 9174212111

ग्रेसियस् कॉलेज
2026-27 ADMISSION OPEN
SC, ST, OBC वर्ग के विद्यार्थियों को म. प्र. शासन के नियमानुसार छात्रवृत्ति
नर्सिंग | फार्मेसी
बी.एस.सी. नर्सिंग 4 वर्षीय डिग्री
बी.फार्मा. 4 वर्षीय डिग्री
डी.फार्मा. 2 वर्षीय डिप्लोमा
योग्यता : 12 वी उत्तीर्ण (जीव विज्ञान/गणित संकाय)
73820 53000 / 73820 54000
आर.टी.ओ. ऑफिस के पास, वारासिवनी रोड, बरबसपुर - कायदी, बालाघाट म.प्र.






2 शुक्रवार 17 जुलाई 2026

जग प्रेरणा live शहर बालाघाट









# जय जगन्नाथ के जयघोष से गूंजा बालाघाट

## बालाघाट में नया राम मंदिर से धुमधाम से निकली भगवान जगन्नाथ की भव्य रथ यात्रा..

## भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और माता सुभद्रा की प्रतिमाओं को किया गया रथयात्रा पर विराजमान..









जगप्रेरणा बालाघाट।

*गत दो वर्षों से लगातार आयोजित किया जाने वाला भगवान जगन्नाथ महोत्सव तीसरे वर्ष भी इस्कॉन संस्थान के तत्वाधान में आयोजित किया गया, जिसमें ओडिशा के पुरी की विश्वप्रसिद्ध परंपरा के अनुरूप भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा नया राम मंदिर से*

निकाली गई। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ इस शोभायात्रा में उमड़ पड़ी। वैदिक मंत्रोच्चार एवं विधि-विधान के साथ भगवान की पूजा-अर्चना के बाद भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और माता सुभद्रा की प्रतिमाओं को सुसज्जित भव्य रथ पर विराजमान कराया गया। इसके बाद श्रद्धालुओं ने रस्सियां थामकर पूरे उत्साह और भक्ति के साथ रथ को नगर भ्रमण कराया। रथ यात्रा नए राम मंदिर से प्रारंभ होकर हनुमान चौक, सराफा बाजार चौक, सुभाष चौक, महावीर चौक, राजघाट चौक, काली पुतली चौक और अहिंसा द्वार होते हुए सिंधु भवन पहुंची। मार्ग में अनेक स्थानों पर श्रद्धालुओं ने भगवान की आरती उतारी, पुष्प वर्षा की और प्रसाद वितरण किया। इस वर्ष की रथ यात्रा का सबसे बड़ा आकर्षण भगवान का नया भव्य रथ रहा।

आयोजकों ने बताया कि यह रथ विशेष रूप से उज्जैन में तैयार कराया गया है। सुंदर नक्काशी, आकर्षक सजावट और पारंपरिक शैली में निर्मित इस रथ ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। रथ यात्रा का समापन सिंधु भवन में हुआ, जहां भगवान की विशेष पूजा-अर्चना एवं महाआरती के उपरांत विशाल महाप्रसाद वितरण का आयोजन किया गया। इस्कॉन संस्था के प्रमुख रत्नभूषण दास ने बताया कि भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा का विशेष धार्मिक महत्व है। उन्होंने बताया कि स्नान पूर्णिमा पर भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा का पंचामृत से अभिषेक किया जाता है। इसके बाद भगवान कुछ दिनों तक अस्वस्थ अवस्था में रहते हैं, जिसे अनवसर काल कहा जाता है। इस दौरान भगवान विश्राम करते हैं और विशेष सेवा ग्रहण करते हैं। स्वस्थ होने के बाद भगवान रथ पर सवार होकर नगर भ्रमण के लिए निकलते हैं और अपने भक्तों को दर्शन देकर उनका कल्याण करते हैं। रथ यात्रा में शहर के विभिन्न सामाजिक, धार्मिक एवं सांस्कृतिक संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ बड़ी संख्या में महिलाएं, युवा, बुजुर्ग और बच्चों ने भाग लिया।

# रातभर बैनगंगा नदी में फंसे युवक की बालाघाट पुलिस ने बचाई जान..



**जगप्रेरणा बालाघाट।**

बालाघाट पुलिस की तत्परता और मानवीय संवेदनशीलता के चलते बैनगंगा नदी में रातभर फंसे एक 18 वर्षीय युवक की जान बच गई। पुलिस ने सूचना मिलते ही तत्काल रेस्क्यू अभियान चलाकर युवक को सुरक्षित बाहर निकाला और जिला अस्पताल पहुंचाकर उसका उपचार कराया।

पुलिस के अनुसार 16 जुलाई 2026 को ग्राम निवासी शाहरुख खान ने डायल-112 पर सूचना दी कि गर्रा पुल के पास बैनगंगा नदी में एक युवक गिर गया है और उसकी हालत गंभीर है। सूचना मिलते ही थाना कोतवाली की एफआरवी-01 टीम, जिसमें आरक्षक गोपाल घोड़ावत (सी-722) एवं पायलट प्रज्ज्वल सोनी शामिल थे, बिना समय गंवाए मौके पर पहुंची। वहां युवक नदी के पानी में आधा डूबा हुआ अत्यधिक पीड़ा की स्थिति में मिला। पुलिस टीम ने स्थानीय लोगों की सहायता से तत्काल रेस्क्यू अभियान चलाकर युवक को सुरक्षित बाहर निकाला और एफआरवी-112 वाहन से जिला अस्पताल पहुंचाया। समय पर उपचार मिलने से युवक की जान बच गई।

उपचार के दौरान युवक की पहचान हर्ष चौरागढ़े (18 वर्ष), निवासी बढ़ी, जिला बालाघाट के रूप में हुई। युवक ने बताया कि वह घूमने के उद्देश्य से बैनगंगा नदी किनारे गया था। इसी दौरान पैर फिसलने से वह नदी में गिर गया। तेज बहाव के कारण वह बाहर नहीं निकल सका और पूरी रात नदी में फंसा रहा, जिससे उसकी हालत गंभीर हो गई। पुलिस के त्वरित एवं मानवीय प्रयासों से उसे सुरक्षित निकालकर समय पर उपचार उपलब्ध कराया गया।

## जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक 17 जुलाई को..

**जगप्रेरणा बालाघाट।**

कलेक्टर श्री मृणाल मीना की अध्यक्षता में 17 जुलाई को जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई है। यह बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में शाम 04 बजे से आयोजित की जाएगी। बैठक में मध्यप्रदेश ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण (रूक्कक्रऋष्ट) सहित जिला सड़क सुरक्षा समिति के सभी सदस्य उपस्थित रहेंगे। संबंधित अधिकारियों एवं सदस्यों से बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित होकर सड़क सुरक्षा को बेहतर बनाने के लिए अपने बहुमूल्य सुझाव देने का आग्रह किया गया है।

# प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में रोजगार मेले का आयोजन, 328 युवाओं को मिला जॉब ऑफर..



**जगप्रेरणा बालाघाट।**

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफएक्सीलेंस शासकीय जटाशंकर त्रिवेदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बालाघाट में 15 जुलाई को स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के तत्वावधान में एक दिवसीय विशाल रोजगार मेले का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार मराठे के निर्देशन में आयोजित मेले में 500 से अधिक युवाओं ने पंजीयन कराया, जबकि 450 से अधिक अभ्यर्थियों ने साक्षात्कार प्रक्रिया में भाग लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। मुख्य अतिथि श्रीमती मौसम बिसेन हरिनखेड़े सहित अन्य अतिथियों ने युवाओं को कौशल विकास, रोजगार, स्वरोजगार एवं आत्मनिर्भर भारत की अवधारणा पर प्रेरक मार्गदर्शन दिया। वहीं उद्योग विशेषज्ञों ने वर्तमान औद्योगिक आवश्यकताओं, करियर निर्माण तथा रोजगार की संभावनाओं पर उपयोगी जानकारी साझा की।

रोजगार मेले में हुंडई, न्यूबेनो, निको, हायर, स्टार, किमल, फाइट ऑटोमोबाइल सहित 11 प्रतिष्ठित कंपनियों ने भाग लिया। चयन प्रक्रिया के दौरान 328 अभ्यर्थियों को जॉब ऑफर दिए गए, जिनमें से 89 युवाओं को मौके पर ही नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। जिले के 14 महाविद्यालयों के प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट अधिकारियों (टीपीओ) एवं विद्यार्थियों ने भी इस आयोजन में सहभागिता की।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में डॉ. प्रतिमा बिसेन, डॉ. मीमा श्रीवास्तव, जिला नोडल अधिकारी श्री अनिल कुमार पंचारिया सहित महाविद्यालय के प्राध्यापकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। अंत में आयोजकों ने कहा कि इस तरह के रोजगार मेले युवाओं को उद्योग जगत से जोड़ने, उनकी प्रतिभा को उचित मंच प्रदान करने तथा रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। महाविद्यालय भविष्य में भी विद्यार्थियों के हित में ऐसे आयोजन निरंतर करता रहेगा।

# क्या बालाघाट में आयकर विभाग, जीएसटी, खाद्य विभाग को भी अपने आप में समाहित कर लिया पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा ने..

जगप्रेरणा बालाघाट।

***बालाघाट जिले में छिंदवाड़ा के एथेनॉल प्लांट से निकले चांवल के ट्रक को वारासिवनी की संचेती राईस मिल में देखे जाने पर पुलिस ने दबिश दी, और इस मामले में पुलिस ने ताबड़तोड़ कार्यवाही करने का काम किया। पिछले 03 जून को प्रकाश में आए मामले में पुलिस ने संचेती राईस मिल और एवीजे एथेनॉल प्लांट से शुरु की जांच को निरंतर तह तक ले जाने का प्रयास किया, और 13 लोगों पर सरकारी अनाज की अवैध खरीदी बिक्री के मामले में अपराध दर्ज किया, जबकि वहीं इस मामले में पुलिस की जांच अब भी शुरु है।***

गौरतलब है कि इस पुरे मामले में वारासिवनी पुलिस की जांच शुरु होने के बाद राज्य और देश में एथेनॉल प्लांट के नाम पर बड़े खेल को लेकर विपक्ष को सरकार को घेरने का मौका मिल गया, तथा यह कहा जाने लगा कि कुल 1160 करोड़ के चांवल का गबन किया गया है, जिसके बाद इस मामले में विपक्ष को संसद में सरकार को घेरने का मौका मिल गया। कांग्रेस सरकार विशेष रुप से आगामी 20 जुलाई से केन्द्र और राज्य सरकार को घेरने की तैयारी कर रही है, जबकि भारतीय खाद्य निगम ने इस पुरे मामले को सिर्फ और सिर्फ 490 बोरियां यानी 242.50 क्विंटल चावल के कथित डायवर्जन से जुड़ा बताकर अनुमानित मूल्य लगभग 5.63 लाख रुपये बताया है, तथा पूरे 5 एलएमटी चावल के मूल्य को कथित अनियमितता से जोड़ने को भ्रामक बताते हुए यह भी बताया गया है कि चांवल की इस अनियमितता मामले में एसआईटी की जांच के उपरांत भारतीय खाद्य निगम ने संबंधित राईस मिल पर 44.5 लाख का जुर्माना लगाया है, और ब्लैक लिस्टेड कर दिया है, लेकिन चूंकि इसके बाद भी बालाघाट जिले में पुलिसिया जांच निरंतर शुरु है, जिसके बाद अब बालाघाट जिले में पुलिस विभाग की कार्यवाही को लेकर व्यापारिक समूदाय में जमकर नाराजगी नजर आ रही है, तथा व्यापारी लामबंद होकर पुलिस के खिलाफ आरपार की लड़ाई के मूड़ में दिखाई दे रहे हैं।

## बिना शिकायत और एफआईआर के पुलिस को जांच का क्या अधिकार..

गौरतलब है कि राईस मिलर्स की ओर से जुड़े एक अधिवक्ता ने इस संदर्भ में यह तथ्य पेश किये कि पुलिस का काम आपराधिक मामलों में काम करने का है, तथा जिले में शांती और कानुन व्यवस्था को कायम रखने के साथ साथ चोरी, लूट, हत्या आदि मामलों में कार्यवाही करने का है, तथा जहां आर्थिक अपराध की बात हो और कारोबारी लेन देन में कुछ हो, तो उसके लिये सरकार की ओर से आयकर विभाग, जीएसटी, खाद्य विभाग आदि विभाग हैं जो कि इन मामलों के लिये अधिकृत है, लेकिन देखने में यह आया है कि पुलिस अहस्तक्षेप योग्य मामले में बिना किसी आमंत्रण के अपनी टांग डालकर कार्यवाही हेतु आतुरता से जुटी हुई है, जिससे सीधे तौर पर यह सवाल खड़ा होता है कि क्या पुलिस ने इस मामले में आयकर विभाग, जीएसटी, खाद्य विभाग आदि को अपने साथ लिया, या फिर उन्हें यह मामला सुपुर्द क्यों नहीं किया गया, जबकि अनेक मामलों में जब तक एफआईआर दर्ज ना हो या फिर कहीं कोई प्रत्यक्ष आपराधिक मामला ना हो तो पुलिस जांच और कार्यवाही से पल्ला झाड़ने का काम करती है, तो फिर बालाघाट में पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा की इतनी दिलचस्पी क्यों कि वे विभिन्न हत्या और आत्महत्या के मामलों में खुलासे के लिये जांच करने के लिये मेहनत करने की बजाए अन्य विभागों के काम को आपराधिक बनाकर अपने हाथ में लेने का काम कर रहे हैं, जबकि आर्थिक अपराधों के मामले में जीएसटी, आयकर विभाग और अन्य विभागों से संबंधित मामले में व्यापारियों पर कार्यवाही की अलग प्रणाली तय है, जिसमें व्यापारियों पर जुर्माना आदि लगाकर विषयों का निराकरण किया जाता है, लेकिन बालाघाट में पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा के नेतृत्व में की जाने वाली कार्यवाही में सीधे तौर पर राईस मिलर्स और एथेनॉल प्लांट संचालकों को अपराधी बनाकर उनके खिलाफ विभिन्न धाराओं में अपराध दर्ज कर उन्हें पुलिस गिरफ्त से बचने के लिये दर दर की ठोकरें खाने के लिये मजबूर कर दिया गया है, जबकि देखा जाए तो यह मामला सीधे तौर पर पुलिस अहस्तक्षेप योग्य है।

## व्यापारीयों की दलील, बालाघाट में एथेनॉल और राईस मिलर्स के बीच बिना शिकायत के लेन देन की जांच कर पुलिस अहस्तक्षेपयोग्य मामले में कूद पड़ी पुलिस..

## अब लामबंद होकर व्यापारी और राईस मिलर्स मिलकर बड़े आंदोलन की तैयारी में..




## राईस मिलर्स भोपाल पहुंचकर मुख्यमंत्री से करेंगे मुलाकात..

गौरतलब है कि बालाघाट जिले में भाजपा जिलाध्यक्ष रामकिशोर कावरे के भाई कुमार कावरे और अन्य करीबी लोग राईस उद्योग से जुड़े हैं, जबकि वहीं वारासिवनी में संचेती राईस मिल उद्योग परिवार भी भाजपा संगठन से जुड़ा हुआ है। जानकारी के अनुसार भाजपा संगठन से विशिष्ट रुप से जुड़े लोगों की यह शिकायत है कि राजनीतिक कारणों से पुलिस अधीक्षक इन्हें निशाना बना रहे हैं, तथा उन्हीं की सरकार में उन पर दमनकारी नीति अपनाई जा रही है, तथा विशेष रुप से तकलीफदेह यह है कि पुलिस अधीक्षक उस काम को हाथ में ले बैठे हैं, जिससे उनके विभाग का प्रत्यक्ष कोई लेना देना ही नहीं है।

इस तरह की परिस्थितियों के कारण संपूर्ण व्यापारी जगत में भी आक्रोश है, और अब सब मुख्यमंत्री से मिलकर पुलिस अधीक्षक की जांच और कार्यवाही को रोकने तथा पुलिस अधीक्षक पर कार्यवाही करने की मांग करने की तैयारी कर रहे हैं।

## बोले भाजपा व्यापारी प्रकोष्ठ अध्यक्ष..

बालाघाट में राईस मिलर्स पर जबरन कार्यवाही के लिये पिछले 1 महीने से अधिक समय से पुलिस पूछताछ करते हुए डराने और चमकाने का काम कर रही है, जो कि अनुचित है। पुलिस को अपने विभाग से संबंधित कार्य करने चाहिये, यह बात बालाघाट भाजपा व्यापारी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष ने जगप्रेरणा से कही। व्यापारी प्रकोष्ठ अध्यक्ष ने कहा कि राईस मिलर्स ने पुलिस की जबरन और अनुचित कार्यवाही को लेकर पत्र के माध्यम से मांग की है कि व्यापारी प्रकोष्ठ राईस मिलर्स की मांग को सरकार तक पहुंचाए, जिसके लिये हम मुख्यमंत्री जी से मिलकर राईस मिलर्स की बात रखेंगे, ताकि व्यापारी निश्चिंत होकर अपने व्यवसाय को गति दे सके।

## व्यापारिक संगठन और राईस मिलर्स मिलकर आंदोलन की तैयारी में..

**गौरतलब है कि बालाघाट में पिछले 03 जुन से पुलिस कार्यवाही से बालाघाट एवं आस पास के अन्य राईस मिलर्स भारी परेशान हो गए हैं। राईस मिलर्स, एथेनॉल प्लांट के मालिकों, कर्मचारियों से जब तब अनेक अनेक बार बुला बुलाकर और थाने में बिठाकर पुलिस पुछताछ कर रही है, तथा आर्थिक अनियमितता को उजागर करने का पुरजोर प्रयास कर रही है। देखा जाए तो इस तरह की कार्यवाही पहले कभी हुई नहीं, और हुई भी तो आयकर विभाग, जीएसटी आदि विभाग जब कार्यवाही करते हैं, तो व्यापारियों को डराया, चमकाया नहीं जाता, बल्कि दस्तावेजी प्रमाण के अनुरुप कार्यवाही की जाती है, लेकिन अब जिस तरह से बालाघाट में कार्यवाही हो चली है, संपूर्ण राईस मिलर्स एवं व्यापार जगत में आक्रोश व्याप्त हो चला है। बालाघाट में राईस मिलर्स विभिन्न व्यापारिक संगठनों से भी सहयोग की मांग कर रहे हैं, तथा अब पुलिस अहस्तक्षेप योग्य मामले में पुलिस को जबरन एक्शन से रोकने के लिये आंदोलन की रुपरेखा तैयार कर रहे हैं।**

# सुरक्षा कर्मियों की भर्ती के लिए 29 से 24 जुलाई तक विशेष प्लेसमेंट कैंप का आयोजन, 600 पदों पर होगा चयन, जनपद पंचायत कार्यालय में लगेंगें शिविर

**जगप्रेरणा बालाघाट।**

राष्ट्रीय कौशल विकास योजना एवं भारत सरकार के पसारा अधिनियम 2005 के अंतर्गत कपस्टन सर्विसेज लिमिटेड द्वारा बालाघाट जिले में सुरक्षा कर्मियों की भर्ती के लिए विशेष प्लेसमेंट कैंप आयोजित किए जा रहे हैं। भर्ती प्रक्रिया में महिला एवं पुरुष दोनों अभ्यर्थी भाग ले सकते हैं। भर्ती अभियान के तहत 500 सुरक्षा जवान एवं 100 सिक्योरिटी सुपरवाइजर सहित कुल 600 पदों पर चयन किया जाएगा। सुरक्षा जवान पद के लिए शैक्षणिक योग्यता 8वीं, 10वीं अथवा 12वीं उत्तीर्ण निर्धारित की गई है। अभ्यर्थी की आयु 18 से 40 वर्ष तथा न्यूनतम ऊंचाई 165 सेंटीमीटर होनी चाहिए। वहीं सिक्योरिटी सुपरवाइजर पद के लिए स्नातक (ग्रेजुएशन) योग्यता, आयु 25 से 30 वर्ष तथा न्यूनतम ऊंचाई 172 सेंटीमीटर निर्धारित की गई है। सुरक्षा जवानों को पोस्टिंग के आधार पर 18 हजार 500 से 22 हजार 500 रुपये तथा सिक्योरिटी सुपरवाइजर को 23 हजार 500 से 27 हजार 500 रुपये तक मासिक वेतन दिया जाएगा। चयनित अभ्यर्थियों को पीएफ ईएसआई, दुर्घटना बीमा, आवास एवं मेस सुविधा, एक माह का प्रशिक्षण, वार्षिक वेतन वृद्धि, ग्रेच्युटी, पदोन्नति तथा 60 वर्ष की आयु तक सेवा जैसी सुविधाएं भी प्रदान की जाएंगी। सुरक्षा जवान एवं सिक्योथरिटी सुपरवाइजर की भर्ती के लिए 20 जुलाई 2026 को जनपद पंचायत कार्यालय, बैहर, 21 जुलाई को जनपद पंचायत कार्यालय कटंगी, 22 जुलाई को जनपद पंचायत कार्यालय, बालाघाट, 23 जुलाई को जनपद पंचायत कार्यालय, लांजी एवं 24 जुलाई को जनपद पंचायत कार्यालय, वारासिवनी में कैंप (शिविर) लगाया जायेगा। भर्ती शिविर प्रतिदिन सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक आयोजित होंगे। इच्छुक अभ्यर्थियों को शैक्षणिक प्रमाण-पत्र, आधार कार्ड (जेरॉक्स), दो पासपोर्ट साइज फोटो तथा 350 रुपये पंजीयन शुल्क के साथ भर्ती स्थल पर उपस्थित होना होगा। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए अभ्यर्थी मोबाईल नंबर 8305976816, 8789697323 एवं 750978 1949 पर संपर्क कर सकते हैं।




विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433



विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

### जल-संकट की मार, धनौरा में हाहाकार..

# हफ्तों से बूंद-बूंद पानी को तरस रहे ग्रामीण, ठप पड़ी नल-जल योजना..

बलजीत सिंह/जगप्रेरणा धनौरा।

*ग्राम पंचायत धनौरा में नल-जल योजना पूरी तरह से दम तोड़ चुकी है, जिसके चलते पिछले 6 दिनों से ग्रामीणों को पानी की बूंद-बूंद के लिए भारी किल्लत का सामना करना पड़ रहा है।*






भीषण गर्मी के इस मौसम में ग्रामीणों को दूर दूर से पानी ढोने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि धनौरा में जल संकट अब आए दिन की आम समस्या बन चुका है। कभी पाइपलाइन फूट जाती है तो कभी विभाग की लापरवाही से मोटर जल जाती है।

हद तो तब हो जाती है जब वोल्टेज की समस्या का बहाना बनाकर उपभोक्ताओं को लगातार 10 से 15 दिनों तक सूखे में छोड़ दिया जाता है। इस बार भी पिछले 6 दिनों से नल पूरी तरह बंद हैं, लेकिन पंचायत और संबंधित विभाग के कान पर जूं तक नहीं रेंग रही है। सरकारी दावों की पोल खोलती यह बदइंतजामी साफबयां कर रही है कि जनता को बुनियादी सुविधाएं देने में स्थानीय प्रशासन कितना नाकाम साबित हो रहा है।

## ग्रामीणों के सवाल

जब जनता हर महीने टैक्स और बिल चुकाती है, तो उन्हें 10-10, 15-15 दिनों तक पानी के लिए क्यों तड़पाया जा रहा है?

आए दिन पाइपलाइन का फूटना और मोटर का जलना क्या घटिया निर्माण और रखरखाव में हो रहे भ्रष्टाचार की ओर इशारा नहीं करता? इसकी उच्च स्तरीय जांच क्यों नहीं की जा रही? वोल्टेज की समस्या का स्थाई समाधान निकालने के बजाय 10-15 दिनों तक जलापूर्ति ठप रखना कहाँ का न्याय है?

धनौरा के जिम्मेदार जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी यह साफ-साफबताएं कि ग्रामीणों की इस विकराल समस्या का अंत कब होगा और नल-जल योजना के तहत सुचारू रूप से पानी कब चालू किया जाएगा?

# डुण्डासिवनी पुलिस की बड़ी कार्रवाई, अंतरराज्यीय ट्रक चोर गिरोह का पर्दाफाश

### 04 आरोपी गिरफ्तार, हैदराबाद तक फैला था गिरोह का जाल..

### चोरी के 20 दिन बाद स्क्रैप में बिका ट्रक, 02 लाख रुपये नगद जप्त..



**जगप्रेरणा डुण्डासिवनी।**

पुलिस अधीक्षक कृष्ण लालचंदानी (भा.पु.से.) के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा एवं **SDOP** सिवनी चंचलेश मरकाम व सचिन परते के मार्गदर्शन में डुण्डासिवनी पुलिस ने चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने हेतु बड़ी सफलता हासिल की है।

दिनांक 27.06.2026 को प्रार्थी श्री तरुण बोपचे, निवासी पिण्डरई, थाना बरघाट ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसका ट्रक क्रमांक **MH 40 AK 3957**बम्होड़ी पेट्रोल पंप के सामने से चोरी हो गया है। रिपोर्ट पर थाना डुण्डासिवनी में अपराध क्रमांक 338/2026 धारा **BNS** के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की गई।

थाना प्रभारी निरीक्षक श्री चैनसिंह उइके के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। घटना स्थल के आसपास के लगभग 20-25 स्थानों के **CCTV** फुटेज खंगाले गए। फुटेज में 02 संदेहियों द्वारा ट्रक ले जाते देखा गया। तकनीकी साक्ष्य, मुखबिर तंत्र एवं साइबर सेल की मदद से ट्रक का पीछा करते हुए महाराष्ट्र बॉर्डर बोनकट्टा तक सुराग लगाया गया। पतासाजी के दौरान आठनेर, जिला बैतूल निवासी नंदकिशोर खाकरे एवं अलकेश उइके को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। सख्ती से पूछताछ पर दोनों ने ट्रक चोरी करना स्वीकार किया। आरोपियों ने बताया कि उन्होंने ट्रक को हैदराबाद के मो. रहमान आसिफ को बेच दिया था।

हैदराबाद पुलिस के समन्वय से मो. रहमान आसिफ एवं उसके साथी मो. ईस्माईल को भी गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में खुलासा हुआ कि आरोपियों ने चोरी के बाद ट्रक को काटकर स्क्रैप में बेच दिया था। प्रकरण में धाराओं का इजाफा कर सभी 04 आरोपियों को माननीय न्यायालय में पेश कर जिला जेल दाखिल किया गया।

## गिरफ्तार आरोपी..

नंदकिशोर पिता सुखचंद खाकरे, उम्र 38 वर्ष, निवासी ग्राम साटनेर, थाना आठनेर, जिला बैतूल, अलकेश पिता बारू उइके, उम्र 26 वर्ष, निवासी ग्राम हिवरा, थाना आठनेर, जिला बैतूल, मो. रहमान आसिफ पिता मो. यूसुफउद्दीन, उम्र 48 वर्ष, निवासी जी.एम. कॉलोनी, थाना चन्द्रायनगुट्टा, जिला हैदराबाद (तेलंगाना), मो. ईस्माईल पिता मो. साकिर, उम्र 30 वर्ष, निवासी किंग्स कॉलोनी, शिवरामपल्ली, थाना मैलारदेवपल्ली, हैदराबाद (तेलंगाना) **जप्ती**-नगद 02 लाख रुपये।

## आपराधिक पृष्ठभूमि..

गिरफ्तार आरोपी नंदकिशोर खाकरे एवं अलकेश उइके पूर्व में भी चोरी के मामलों में जेल जा चुके हैं। इनके विरुद्ध नागपुर, महाराष्ट्र के विभिन्न थानों में चोरी के अपराध पंजीबद्ध हैं।

## सराहनीय भूमिका..

इस संपूर्ण कार्रवाई में निरीक्षक चैनसिंह उइके के नेतृत्व में उनि. सदानंद गोदेवार, सउनि. देवेन्द्र जैसवाल, सायबर सेल, प्रआर. नितेश राजपूत, प्रआर. अजय बघेल, सायबर सेलद्व, प्रआर. संजय यादव, प्रआर. धूपलाल नेताम, आर. धनराज बरकड़े, आर. मोहसिन आजमी, आर. अंशुमन राजपूत, आर. अजय मिश्रा, आर. रघुराज यादव, आर. खिलेन्द्र गौतम का सराहनीय योगदान रहा।

# घंसौर पुलिस की त्वरित कार्रवाई - हत्या के आरोपी को 6 घंटे में किया गिरफ्तार..

दैनिक जगप्रेरणा मे समाचार एवं विज्ञापनो के लिये संपर्क करे मो. 9329033433

### खेत में मवेशी लाने को लेकर हुए विवाद में टूटी शीशी से किया था वार..

### आरोपी को न्यायालय में पेश कर भेजा गया जिला जेल..

**जगप्रेरणा घंसौर।**

*पुलिस अधीक्षक कृष्ण लालचंदानी (भा.पु.से.) एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा के निर्देशन, SDOP घंसौर सुश्री नम्रता सोंधिया के मार्गदर्शन में घंसौर पुलिस ने हत्या के मामले में त्वरित कार्रवाई करते*

हुए आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। दिनांक 15.07.2026 की दरम्यानी रात प्रार्थीया श्रीमती सेवबती बाई उइके, पति बुध्दुलाल उइके, उम्र 50 वर्ष, निवासी ग्राम जम्होड़ी कला ने थाना उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराई।

रिपोर्ट के अनुसार शाम लगभग 6:00 बजे ग्राम का अशोक मरावी उनके घर आया था। रात्रि करीब 8:00-9:00 बजे उनका पति बुध्दुलाल अशोक के साथ ग्राम कोहका टोला से वापस लौटा। प्रार्थीया ने देखा कि उनके पति की कमर से खून बह रहा था। पूछने पर मृतक बुध्दुलाल ने बताया कि ग्राम कोहका टोला के राजकुमार उर्फ पुच्ची मरावी से उसने कहा था कि 'हमारे खेत में मवेशी क्यों लाते हो'। इसी बात पर राजकुमार गुस्से में आकर गाली-गलौच करने लगा और उसे जमीन पर पटक दिया। इसके बाद पास पड़ी टूटी शीशी का कांच उठाकर उसकी कमर में मार दिया। अत्यधिक दर्द के कारण बुध्दुलाल की घर आकर तड़पते हुए मृत्यु हो गई।

रिपोर्ट पर थाना घंसौर में अपराध क्रमांक 189/2026 धारा 296(बी), 351(2), 103(1) **BNS** के तहत प्रकरण दर्ज किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए **SDOP** घंसौर सुश्री नम्रता सोंधिया के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई।

पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घटना के 06 घंटे के अंदर आरोपी राजकुमार उर्फपुच्ची पिता सिम्मू लाल मरावी, उम्र 35 वर्ष, निवासी ग्राम कोहका टोला, जम्होड़ी, थाना घंसौर को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को माननीय न्यायालय में पेश कर जिला जेल दाखिल किया गया।

## गिरफ्तार आरोपी..

राजकुमार उर्फ पुच्ची पिता सिम्मू लाल मरावी उम्र 35 वर्ष, निवासी ग्राम कोहका टोला, थाना घंसौर

## सराहनीय भूमिका..

इस त्वरित कार्रवाई में निरीक्षक एल.एस. झारिया, सउनि महेश सहारे, आर. गोपाल यादव, आर. एजाज खान, आर. चंदन नागवंशी, म.आर. श्रीमती अनुराधा का सराहनीय योगदान रहा।

# कांग्रेस का दो दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण 04 एवं 05 अगस्त को..

**जगप्रेरणा सिवनी।**

मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार कांग्रेस संगठन को मजबूत और अधिक गतिशील बनाने के उद्धेश्य से अखिल भारतीय कांग्रेस एवं प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रशिक्षण पदाधिकारियों द्वारा ब्लॉक एवं मंडलम कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त अध्यक्ष गणों को पार्टी के मूल सिद्धांतो के अनुरूप ब्लॉक से लेकर बूथ स्तर तक संगठनात्मक संरचना को नई दिशा और मजबूती देने जिला स्तरीय दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जाना सुनिश्चित है। इस संबंध में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नरेश मरावी द्वारा प्रशिक्षण में ब्लॉक, मंडलम की शतप्रतिशत उपस्थिति कराने हेतु सिवनी विधानसभा के ब्लॉक प्रभारी नियुक्त किए गए है। सिवनी नगर सुरेन्द्र करोसिया, शिवसनोडिया, सिवनी ग्रामीण हेतु प्रकाश सूर्यवंशी, यशपाल भलावी, गोपालगंज ब्लॉक हेतु मोहनसिंह चंदेल, बंडोल ब्लॉक हेतु रंजीत यादव, मुंगवानी ब्लॉक हेतु उदयसिंह बघेल, बखारी एवं चमारी ब्लॉक हेतु हाजी मो. हनीफ खान, अतुलचंद मालू। इसी तरह बरघाट विधान सभा में बरघाट ब्लॉक हेतु अनिल मर्सकोले, गजानंद हरिनखेड़े, गंगेरूआ ब्लॉक हेतु दुपेन्द्र लकी अमूले, पप्पी दीवान, सुकतरा ब्लॉक हेतु जाहिद खान, कुरई ब्लॉक हेतु राकेश सनोडिया, राहुल उइके को ब्लॉक प्रभारी नियुक्त किया गया है।

जिला स्तरीय प्रशिक्षण शिविर कांग्रेस संगठन के लिए बहुत ही गौरवशाली विषय है जो कि दिनांक 04 एवं 05 अगस्त 2026 को सिवनी में आयोजित किया जाएगा। इस महत्वपूर्ण प्रशिक्षण शिविर में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष, एवं समस्त नवनियुक्त मंडलम कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गण भाग लेंगे।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष ने सभी प्रभारियों से अपने अपने प्रभार से संबंधित ब्लॉक, मंडलम कांग्रेस अध्यक्षों से सर्म्पक स्थापित कर दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में उपस्थिति सुनिश्चित कराने हेतु अपील की है।

# धनौरा थाना प्रभारी मनीष बंसोड़ बने थ्री-स्टार निरीक्षक..



### पुलिस अधीक्षक ने कंधे पर सजाए सितारे..

**बलजीत सिंह/जगप्रेरणा धनौरा।**

धनौरा क्षेत्र के लिए आज का दिन बेहद हर्ष और गौरव लेकर आया। लंबे समय से धनौरा थाने में अपनी सेवाएं दे रहे थाना प्रभारी मनीष बंसोड़ को पदोन्नति का तोहफा मिला है। वे अब कार्यवाहक उपनिरीक्षक **(2-Star)** से पदोन्नत होकर 'निरीक्षक' **(3-Star Inspector)** बन गए हैं।

पुलिस मुख्यालय भोपाल के आदेशानुसार, जिला मुख्यालय सिवनी के पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित एक गरिमामयी समारोह में पुलिस अधीक्षक कृष्ण लालचंदानी **(IPS)** ने नवनियुक्त निरीक्षक मनीष बंसोड़ के कंधों पर तीसरा स्टार लगाकर उन्हें इस गौरवपूर्ण पद की बधाई दी। एसपी ने बंसोड़ की कार्यप्रणाली की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस गौरवपूर्ण अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा, सीएसपी चंचलेश मरकाम, एसडीओपी सचिन परते सहित जिले के तमाम वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

## धनौरा में खुशी की लहर, मिल रही बधाइयां..

थाना प्रभारी मनीष बंसोड़ के निरीक्षक **(Inspector)** बनने की खबर जैसे ही धनौरा पहुंची, क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों, पत्रकारों और स्थानीय अमले में खुशी की लहर दौड़ गई। सभी ने उनके कार्य व्यवहार की सराहना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

# कान्हीवाड़ा में रेलवे एप्रोच रोड पर हैलोजन लगाकर की गई प्रकाश की व्यवस्था..




**जगप्रेरणा कान्हीवाड़ा।**

*हाल्ट स्टेशन के नए बने रेलवे एप्रोच रोड पर प्रकाश की व्यवस्था न होने पर इसकी मांग को लेकर विगत दिनों दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के नागपुर*

मंडल के डीआरएम का सिवनी आगमन हुआ था उनसे मिलकर क्षेत्र के कांग्रेसी नेता एम नईम खान ने प्रकाश व्यवस्था एवं महिलाओं के लिए शौचालय बनाए जाने की मांग रखी, जिस मांग पर कार्रवाई करते हुए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नागपुर के डीआरएम ने कार्यालय प्रधान मुख्य विद्युत इंजीनियर के के को रेलवे एप्रोच रोड में प्रकाश व्यवस्था करने के निर्देश दिए एवं निर्देश के कुछ ही दिनों के बाद रेलवे एप्रोच रोड पर हैलोजन लगाकर प्रकाश की व्यवस्था करने से समस्या का निराकरण कर दिया गया इसकी जानकारी क्षेत्र के नेता एवं नईम खान को कार्यालय प्रधान मुख्य विद्युत इंजीनियर के पत्र क्रमांक 40 55 दिनांक 7/7/.2026 भेज कर यह बताया गया है कि आपके यहां प्रकाश की व्यवस्था तत्काल कर दी गई क्षेत्रीय नागरिकों को इस बात की जानकारी के लिए जो पत्र रेल विभाग ने भेजा है उसके लिए वरिष्ठ कांग्रेसी नेता एम नईम खान ने रेल विभाग का आभार व्यक्त किया शीघ्र ही अन्य समस्याओं पर निराकरण की बात कही है।

# न्यू आसरा सोशल फाउंडेशन की अध्यक्ष नाज़नीन शेख ने 25 वीं बार किया रक्तदान..



### दिया मानव सेवा का संदेश..

**जगप्रेरणा सिवनी।**

समाजसेवा के क्षेत्र में लगातार सक्रिय न्यू आसरा सोशल फाउंडेशन की अध्यक्ष नाज़नीन शेख (रोज़) ने एक बार फिर मानवता की मिसाल पेश करते हुए 25वीं बार स्वैच्छिक रक्तदान किया। उनके इस सराहनीय कार्य की सामाजिक संगठनों एवं नागरिकों ने मुक्त कंठ से प्रशंसा की।

इस अवसर पर नाज़नीन शेख ने कहा कि 'अगर भोजन करना हमारी मजबूरी नहीं, बल्कि आदत है, तो जरूरतमंदों की मदद करना भी हमारी आदत बननी चाहिए। मदद करके देखिए, अच्छा लगता है।' उन्होंने लोगों से नियमित रक्तदान करने और जरूरतमंदों की सहायता के लिए आगे आने की अपील की। उन्होंने कहा कि एक यूनिट रक्त किसी गंभीर मरीज को नया जीवन दे सकता है। इसलिए स्वस्थ व्यक्ति को समय-समय पर स्वैच्छिक रक्तदान अवश्य करना चाहिए। रक्तदान न केवल एक महान सामाजिक दायित्व है, बल्कि यह मानवता की सबसे बड़ी सेवा भी है।

न्यू आसरा सोशल फाउंडेशन लंबे समय से जरूरतमंदों की सहायता, निशुल्क भोजन वितरण, सामाजिक जागरूकता एवं जनसेवा के विभिन्न कार्यों में सक्रिय भूमिका निभा रहा है। संस्था की अध्यक्ष नाज़नीन शेख का यह 25वां रक्तदान समाज के लिए प्रेरणादायी उदाहरण माना जा रहा है।

# बकोड़ा सिवनी स्कूल मे 54 छात्र छात्राओं को मिली साइकिल..



**जगप्रेरणा छपारा।**

*शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बकोड़ा सिवनी में शासन की योजना के तहत 54 बालक-बालिकाओं को निशुल्क साइकिल वितरित की गई। वितरण कार्यक्रम में जनपद पंचायत अध्यक्ष सदम सिंह बरकड़े, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती ललिता रावेन शाह ऊईके, ब्लॉक सरपंच संघ अध्यक्ष अवध लाल मरकाम और ग्राम पंचायत बकोड़ा सिवनी सरपंच उपस्थित रहे।*

विद्यालय के प्राचार्य श्री ठाकुर सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं और छात्र-छात्राएं भी इस अवसर पर मौजूद थे। इस मौके पर जनपद पंचायत अध्यक्ष सदन सिंह बरकड़े ने कहा कि ÷बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ÷ अभियान को आगे बढ़ाने में यह योजना अहम भूमिका निभाएगी। साइकिल मिलने से बच्चों को स्कूल आने-जाने में आसानी होगी और उनकी पढ़ाई बेहतर होगी।

उन्होंने शिक्षकों और विद्यार्थियों से अपील की 2025-26 मे कक्षा 10वीं, 11वीं और 12वीं में 100 प्रतिशत परिणाम आने पर प्राचार्य शिक्षक शिक्षिकाओं को हृदय से आभार व्यक्त कर बधाई दिया इस वर्ष भी 100त्न परिणाम लाने के लिए विशेष मेहनत करें। कार्यक्रम में मौजूद अभिभावकों और ग्रामीणों ने साइकिल वितरण के लिए शासन और जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया। छात्र-छात्राओं के चेहरे पर साइकिल पाकर खुशी साफ दिखाई दे रही थी।

न्यू लाईफ मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
डॉ. आमिर अंसारी
MBBS, MS (Gen. Surgery), FMAS, FISCP
डॉ. समरीन आमिर अंसारी
MBBS, DGO (KEM, Mumbai), FMAS
मिलने का समय
सुबह 10 से दोप. 1 बजे, शाम 4 से 7 बजे तक
विशेषज्ञ चिकित्सक सहित सुविधाएं उपलब्ध
पता- बड़ी ज्यारत डाल्डा फेक्ट्री रोड अकबर वार्ड सिवनी
मो.- 8817448039

सिवनी मे जगप्रेरणा समाचार पत्र के लिये संपर्क करें..
हसीब मोहम्मद 7898530101

# विज्ञापन आमंत्रित है..

संपर्क - मो. 9329033433





विज्ञापन आमंत्रित है..

संपर्क - मो. 9329033433


## दिवंगत इंजीनियर श्रीकांत अग्रवाल की स्मृति में महावीर इंटरनेशनल ने बांटे छाते; श्रद्धांजलि सभा में दी गई भावभीनी विदाई






जगप्रेरणा वारासिवनी।

***सामाजिक और सेवा कार्यों में अग्रणी रहने वाली संस्था महावीर इंटरनेशनल राईस सिटी, वारासिवनी द्वारा दो दिवसीय सेवा और श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया।***

***संस्था के स्थापना***

काल वर्ष 2017 से जुड़े बेहद सक्रिय और कर्मठ सदस्य रहे दिवंगत इंजीनियर वीर श्रीकांत अग्रवाल के आकस्मिक निधन पर संस्था के साथियों ने उन्हें नम आंखों से याद किया। श्रीकांत जी की पुण्य स्मृति में संस्था द्वारा स्थानीय सब्जी मंडी और आसपास के क्षेत्रों में खुले आसमान के नीचे दुकान लगाने वाले जरूरतमंद सब्जी और मटका विक्रेताओं नगर के बाबा अंबेडकर चौक में शांताबाई हेड़ाऊ,शशिकला पात्रे ,गंगाबाई तुमन्रे, गीता बाई संचरे एवं सिकंदरा में एक अन्य महिला को छातों का वितरण किया गया। इस मानसूनी सीजन में कड़ी धूप और बारिश से बचाव के लिए बांटे गए इन छातों से छोटे व्यापारियों को बड़ी राहत मिली है। इस अवसर पर संस्था की अध्यक्ष वीर रीना कासल ने बताया कि 'वीर श्रीकांत अग्रवाल जी का असमय चले जाना हमारी संस्था महावीर इंटरनेशनल के लिए एक ऐसी अपूर्ण क्षति है जिसे कभी भरा नहीं जा सकता. वे 2017 से, यानी हमारे शुरुआती दिनों से ही संस्था के रीढ़ की हड्डी रहे हैं. आज हम उनकी स्मृति में जो छाता वितरण कर रहे हैं, यह उनके उसी सेवाभावी स्वभाव को समर्पित है जो हमेशा दूसरों की मदद के लिए तत्पर रहते थे। उनकी कमी हमें ताउम्र खलती रहेगी।'

### बोली डॉ. भारती सुराणा..

'एक सच्चा समाजसेवी वही है जो अपनी विदाई के बाद भी लोगों के दिलों में जीवित रहे। श्रीकांत जी ने अपने जीवनकाल में निस्वार्थ भाव से समाज की सेवा की। आज भले ही वे हमारे बीच शारीरिक रूप से मौजूद नहीं हैं, लेकिन उनके द्वारा बोए गए सेवा के बीज हमेशा महावीर इंटरनेशनल के माध्यम से फ्लते-फूलते रहेंगे। हम उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लेते हैं।'

### संदीप रूसिया का उद्बोधन..

श्रीकांत भाई केवल एक सदस्य नहीं, बल्कि हम सभी के मार्गदर्शक और अत्यंत आत्मीय मित्र थे। संगठन के हर छोटे-बड़े कार्य में उनका उत्साह देखने लायक होता था। आज का यह आयोजन उन्हें हमारी तरफ से एक विनम्र श्रद्धांजलि है। उनके विचार और उनकी कर्मठता सदा हमारे दिलों में सुरक्षित है। वहीं 15 जुलाई को उत्कर्ष सिटी में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित जयश्री अरोरा, गणेश ठाकुर, संजय कासल और तरुण सुराना ने उद्बोधन में कहा कि वीर श्रीकांत अग्रवाल जी का संपूर्ण जीवन समाज सेवा और परोपकार के लिए समर्पित रहा है, जो हमेशा हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत रहेगा। उनके आकस्मिक निधन से पूरे वारासिवनी क्षेत्र ने एक बेहद सच्चा और ऊर्जावान सामाजिक कार्यकर्ता खो दिया है। संगठन के हर कार्य में उनका निस्वार्थ समर्पण हम साथियों को हमेशा आगे बढ़ने का हौसला देता था। हम सभी मिलकर उनके अधूरे सेवा संकल्पों को पूरा करने का प्रयास करेंगे।

16 जुलाई को श्रद्धांजलि सभा के अवसर पर डॉ. अशोक सुराना, विनय सुराणा, मुकेश मॉडल, गोपाल खंडेलवाल, प्रदीप जैन, संदीप कासल, संदीप रूसिया, जय अग्रवाल, प्रदीप श्रीवास्तव, लोकचंद ठाकरे, सुरेश कुर्वे, राजेंद्र खंडेलवाल एवं मातृशक्ति में अध्यक्ष श्रीमती रीना कासल, संगीता कासल, डॉ. भारती सुराणा, स्नेहलता जैन उपस्थिति रही दिनांक 15 जुलाई के कार्यक्रम में उपस्थित तरुण सुराना, संजय कासल, गणेश ठाकुर, जयश्री अरोरा, कल्पना रुसिया, राहुल अरोरा एवं रविंद्र टेमरे उपस्थित रहे।

## कटंगी में क्लाइमेट ग्रीन इकोनॉमिक ज़ोन (सी. जी. ई. जेड) परियोजना की पहल, हरित उद्योगों और रोजगार को मिलेगा बढ़ावा..



जगप्रेरणा कटंगी।

***कटंगी एवं बालाघाट क्षेत्र के समग्र एवं सतत विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए विधायक गौरव सिंह पारधी के मार्गदर्शन में क्लाइमेट पार्लियामेंट इंडिया* (Climate Parliament India) *के प्रतिनिधि निखिल चौहान ने जिला***

कलेक्टर मृणाल मीणा से मुलाकात कर क्लाइमेट ग्रीन इकोनॉमिक ज़ोन (छ्त्रर्श्व) परियोजना का विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया। बैठक में परियोजना के उद्देश्यों, जिले में संभावित निवेश, हरित ऊर्जा आधारित उद्योगों की स्थापना, रोजगार सृजन तथा स्थानीय आर्थिक विकास की संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। कलेक्टर श्री मीणा से आवश्यक प्रशासनिक सहयोग एवं अनुमतियां प्राप्त करने के बाद जिले के विभिन्न विभागों के प्रमुख अधिकारियों की संयुक्त बैठक आयोजित की गई, जिसमें परियोजना के क्रियान्वयन की रूपरेखा पर विचार-विमर्श किया गया।

बैठक के दौरान क्लाइमेट पार्लियामेंट इंडिया द्वारा नियुक्त परामर्शदाता (कंसल्टेंट) का परिचय भी विभागीय अधिकारियों से कराया गया, ताकि सभी विभागों के समन्वय से परियोजना का कार्य शीघ्र प्रारंभ किया जा सके। बैठक में स्वास्थ्य विभाग के भवनों, स्कूल शिक्षा विभाग के शाला भवनों, खनिज क्षेत्र तथा एमएसएमई के अंतर्गत संचालित लघु उद्योगों में हरित ऊर्जा (ग्रीन एनर्जी) के उपयोग को बढ़ावा देने पर विशेष चर्चा हुई।

इस अवसर पर कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने अधिकारियों से कहा कि बालाघाट जिले के कटंगी को ग्रीन एनर्जी परियोजना में शामिल करना एक सराहनीय पहल है। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने विभागों के भवनों में ग्रीन एनर्जी की सुविधाएं विकसित करने के लिए तत्परता से कार्य करें, ताकि कटंगी की यह परियोजना केवल मध्यप्रदेश ही नहीं, बल्कि पूरे देश के लिए हरित विकास का एक आदर्श मॉडल बन सके।

### परियोजना से होंगे कई महत्वपूर्ण लाभ

प्रस्तावित छ्त्रर्श्व परियोजना के माध्यम से क्षेत्र में पर्यावरण-अनुकूल एवं हरित उद्योगों की स्थापना को बढ़ावा मिलेगा। इसके साथ ही स्थानीय युवाओं के लिए बड़े पैमाने पर रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर सृजित होंगे। परियोजना के तहत सौर ऊर्जा, कृषि आधारित उद्योग, खाद्य प्रसंस्करण, वेयरहाउसिंग तथा अन्य ग्रीन इंडस्ट्री में निवेश आकर्षित करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके अलावा सड़क, विद्युत, जल जैसी आधारभूत संरचनाओं का विकास होगा, किसानों को कृषि उत्पादों के बेहतर मूल्य एवं प्रसंस्करण सुविधाएं मिलेंगी तथा स्वच्छ ऊर्जा एवं पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा। स्थानीय व्यापार एवं लघु उद्योगों को भी नए बाजार और व्यावसायिक अवसर उपलब्ध होने की संभावना है।

### विधायक ने कहा कटंगी क्षेत्र के लिए विकास की नई दिशा

विधायक गौरव सिंह पारधी ने कहा कि छ्त्रर्श्व परियोजना कटंगी एवं बालाघाट के आर्थिक, औद्योगिक और सामाजिक विकास के लिए मील का पत्थर साबित होगी। उन्होंने कहा कि शासन-प्रशासन और सभी संबंधित विभागों के सहयोग से इस महत्वाकांक्षी परियोजना को शीघ्र धरातल पर उतारने के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। वहीं क्लाइमेट पार्लियामेंट इंडिया के प्रतिनिधि निखिल चौहान ने विश्वास व्यक्त किया कि छ्त्रर्श्व मॉडल के माध्यम से कटंगी-बालाघाट को हरित विकास, निवेश आकर्षण और रोजगार सृजन का एक आदर्श केंद्र बनाया जा सकता है।

बैठक में पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के अधीक्षण यंत्री दीपक उइके, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. परेश उपलप, जिला शिक्षा अधिकारी धनश्री जैन, उप संचालक खनिज फ्रहत जहां, जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र की महाप्रबंधक प्रीति मरस्कोले सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## गाली-गलौच व मारपीट करने वाले आरोपी को 02 वर्ष की सजा एवं 1000 रूपये का अर्थदंड..

जगप्रेरणा कटंगी।

माननीय न्यायालय शबाना खान न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी कटंगी, जिला बालाघाट के न्यायालयीन प्रकरण क्रं. 159/2023 थाना तिरोड़ी के अप0क्र0. 40/2023, में आरोपी मुकेश उईके पिता रामसिंह उईके उम्र 30 साल निवासी ग्राम बनेरा, थाना कटंगी, जिला बालाघाट म.प्र. को धारा 325 भादवि के तहत 02 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 1000 का अर्थदंड का आदेश दिया।

अभियोजन कथा संक्षेप में इस प्रकार है दिनांक 16.02.2023 को प्रार्थी दिनेश उइके ने थाना तिरोड़ी में उपस्थित होकर रिपोर्ट लेख करायी कि दिनांक 15.02.2023 को वह काम पर गया था, उसके पिताजी घर की भैसों को तालाब में पानी पिलाने करीबन 10:00 बजे दिन में लेकर गये थे, तो उनके गांव का मुकेश उइके ने उसके पिता को बोला कि तू उसकी जमीन से भैसी क्यों लेकर जाता है, कहकर उसके पिताजी को मां-बहन की गंदी गंदी अश्लील गालियां देने लगा, जो सुनने में बुरी लग रही थी। उसके पिता ने उसे गालियां देने से मना किया तो हाथ में रखी बांस की लकड़ी से उसके पिताजी को दाहिने कंधे, बाये तरफ घुटने के उपर जांघ में एवं दाहिने हाथ में हथेली के उपर लकड़ी से मारपीट किया और बोला कि साले तू दोबारा उसकी जमीन से भैसों को लेकर जायेगा तो तुझे जान से खत्म कर देने की धमकी दिया। उक्त रिपोर्ट के आधार पर अभियुक्त के विरूद्ध अपराध क्रमांक 40/2023, अंतर्गत धारा 294,323,506 भा.दं.सं. पंजीबद्ध किया गया। आहत का मुलाहिजा कराया गया। अनुसंधान के दौरान घटनास्थल का नक्शा मौका बनाया गया। साक्षीगण के कथन उनके बताये अनुसार लेखबद्ध किये गये। चिकित्सीय प्रतिवेदन के आधार पर आहत के फ्रेक्चर होने से धारा 325 भा. दं. सं. का इजाफा किया गया। अभियुक्त का अभिरक्षा पत्रक तैयार किया गया।

आवश्यक अनुसंधान की कार्यवाही पूर्ण कर अभियुक्त के विरूद्ध अभियोग पत्र न्यायालय में पेश किया गया। प्रकरण के तथ्यों, परिस्थितियों के आधार पर तथा अभियोजन के तर्को से सहमत होकर माननीय न्यायालय द्वारा आरोपी मुकेश उईके पिता रामसिंह उईके उम्र 30 साल निवासी ग्राम बनेरा, थाना कटंगी, जिला बालाघाट म0प्र0 को धारा 325 भादवि के तहत 02 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 1000 का अर्थदंड का आदेश दिया।

## मारपीट करने वालो को सश्रम कारावास

जगप्रेरणा खैरलांजी।

***माननीय न्यायालय श्रीमति अंकिता जैन, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, वारासिवनी, जिला बालाघाट (म.प्र.) ने न्यायालयीन प्रकरण क्रं. 738/2020 आरक्षी केन्द्र खैरलांजी***

जिला बालाघाट (म.प्र.) के अपराध क्रं. 249/2020 में अभियुक्तगण 1. ज्ञानीराम पिता सोमाजी लिल्हारे, उम्र 55 वर्ष 2. बलीराम पिता सोमाजी लिल्हारे, उम्र 50 वर्ष, दोनों निवासी वार्ड नं. 02 खैरलांजी, थाना खैरलांजी जिला बालाघाट को धारा 325/34 भा.द.सं. के अपराध में 01-01 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 500-500/- रूपये (पॉच-पॉच सौ रूपये) के अर्थदण्ड से दंडित किया गया एवं अर्थदण्ड के व्यतिक्रम में अभियुक्तगण को 10 दिवस का सश्रम कारावास पृथक से भुगताया जाने का आदेश पारित किया गया। सहायक निदेशक श्री कपिल कुमार डेहरिया के कुशल मार्गदर्शन में अभियोजन की ओर से पैरवी श्री प्रणव राजनेगी, सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी वारासिवनी द्वारा की गई।

श्री प्रणव राजनेगी, सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी वारासिवनी ने बताया कि दिनांक 26.08.2020 को आहत अपना मोबाईल सुधारने खैरलांजी में मोबाईल की दुकान गया था, मोबाईल न बनने पर वापस हो रहा था, उसी समय ज्ञानीराम लिल्हारे पुरानी रंजिश को लेकर मॉ-बहन की गंदी-गंदी गालियॉ देने लगा।

गालियॉ देने से मना करने पर ज्ञानीराम ने हाथ मुक्के से मारपीट की, उसी समय बलीराम आया और वह भी उसे मॉ-बहन की गंदी-गंदी गालियॉ देने लगा और लकड़ी से मारा, जिससे उसके दोनों पैर, सीने, बाएँ कमर, दोनों पंजे, उंगली में चोटें आई। दोनों अभियुक्तगण ने उसे जान से खत्म करने की धमकी दी थी।

पुलिस थाना खैरलांजी द्वारा प्रकरण में आवश्यक विवेचना पूर्ण कर अभियोग पत्र माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया गया था। माननीय न्यायालय ने प्रस्तुत साक्ष्य एवं तथ्यों पर विश्वास करते हुए अभियुक्त को उपरोक्त दण्ड से दण्डादिष्ट किया गया।

## शासकीय ड्यूटी में चिकित्सक के साथ अभ्रद व्यवहार करने एवं तोड़फोड़ करने वाले आरोपी को न्यायालय उठने तक का कारावास एवं 5000/- रू अर्थदंड से दंडित किया गया

जगप्रेरणा वारासिवनी।

***माननीय न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी श्रीमान अविनाश छारी, जिला बालाघाट ने न्यायालय के प्रक0क्र0 975/2019, थाना कोतवाली के अप.क्र. 600/2019 में आरोपी आलोक उर्फसंजय दुबे पिता दिलीप कुमार उम्र 29 वर्ष निवासी सम्राट नगर वार्ड नंबर - 2 वारासिवनी जिला बालाघाट जिला-बालाघाट,***

म.प्र को दोषसिद्ध करते हुए धारा 3/4 मध्यप्रदेश चिकित्सक या चिकित्सा से संबंधित व्यक्तियों की सुरक्षा अधिनियम 2008 में न्यायालय उठने तक का कारावास एवं 5000/-रू अर्थदंड से दंडित किया। श्री कपिल कुमार डहेरिया, जिला लोक अभियोजन अधिकारी के मार्गदर्शन में अभियोजन की ओर से पैरवी सुश्री रीता यादव, सहायक जिला अभियोजन अधिकारी, बालाघाट द्वारा की गई।

सुश्री रीता यादव सहा.जिला लोक अभियोजन अधिकारी/मीडिया प्रभारी ने घटना के संबंध में जानकारी देते हुये बताया- अभियोजन कहानी संक्षेप में इस प्रकार है कि फरियादी डॉ. अरूण लांजेवार ने थाना कोतवाली में इस आशय की लिखित शिकायत दी कि दिनांक 27.10.19 को रात्रि डयूटी में था, अति गंभीर मरीज जिसके गले में गंभीर घाव जिसको 108 एंबूलेंस से लाया गया था, जिसका ईलाज उसके द्वारा एवं डॉ. शुभम लिल्हारे के द्वारा किया जा रहा था, आकस्मिक चिकित्सा कक्ष में सिविल सर्जन एवं अन्य स्टाप उपस्थित थे,

उसी समय एक व्यक्ति आकस्मिक चिकित्सा कक्ष में आया और कंधे में दर्द होने की शिकायत किया, उसके द्वारा उस व्यक्ति को समझाया गया कि अति गंभीर व्यक्ति का ईलाज कर रहे हैं, दो मिनट रूक जाओ, इसी बात को लेकर उस व्यक्ति ने अपना नाम आलोक दुबे वार्ड नं. 2 सम्राट नगर वारसिवनी का रहने वाला बताया तथा आवेश में आकर मां बहन की हमारा ईलाज कैसे नहीं करेगा, कहकर अभद्र व्यवहार शासकीय सामान कुर्सी टेबल को उठा पटक करने लगा तथा सामान को तोड़फोन किया एवं मारने पिटने पर उतारू होने लगा, तथा जान से मारने की धमकी दिया।

उक्त के आधार पर थाना कोतवाली में अभियुक्त के विरूद्ध अपराध कमांक 600/2019 पंजीबद्ध कर प्रकरण विवेचना में लिया गया। विवेचना उपरांत अभियुक्त के विरूद्ध अभियोग पत्र माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया गया था। माननीय न्यायालय ने विचारण उपरांत प्रकरण में आयी सकारात्मक साक्ष्य के आधार पर उक्त आरोपी को उपरोक्त दण्ड से दण्डित किया।

## खैरलांजी महाविद्यालय में स्वास्थ्य जागरूकता शिविर आयोजित..

### एनएसएस स्वयंसेवकों को डेंगू से बचाव के उपाय बताए




जगप्रेरणा खैरलांजी।

शासन के निर्देशानुसार जुलाई माह को डेंगू निरोधक माह के रूप में मनाए जाने के तहत वीरांगना रानी अवंती बाई शासकीय महाविद्यालय, खैरलांजी में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई के तत्वावधान में आज 16 जुलाई को स्वास्थ्य जागरूकता (डेंगू माह) पर एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खैरलांजी के चिकित्सा विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को डेंगू एवं मलेरिया जैसी मौसमी बीमारियों से बचाव के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य डॉ. प्रतिभा राजपूत की अध्यक्षता एवं एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी रोहित कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में हुआ। शिविर का उद्देश्य वर्षा ऋतु में फैलने वाली बीमारियों, विशेषकर डेंगू, के प्रति विद्यार्थियों में जागरूकता बढ़ाना था।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खैरलांजी से डॉ. संतोष मानेश्वर एवं डॉ. तरुणा टेंभरे (सीएचओ) ने विद्यार्थियों को डेंगू के कारण, लक्षण एवं बचाव के उपायों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि डेंगू फैलाने वाला मच्छर साफ एवं ठहरे हुए पानी में पनपता है, इसलिए कूलर, पानी की टंकियों, गमलों, पुराने टायरों एवं अन्य स्थानों पर पानी जमा नहीं होने देना चाहिए। विशेषज्ञों ने बताया कि तेज बुखार, सिरदर्द, आंखों के पीछे दर्द तथा जोड़ों में तेज दर्द डेंगू के प्रमुख लक्षण हैं। ऐसे लक्षण दिखाई देने पर तुरंत निकटतम शासकीय अस्पताल में जांच एवं उपचार कराना चाहिए। उन्होंने पूरी आस्तीन के कपड़े पहनने, मच्छरदानी का उपयोग करने तथा घर एवं आसपास साफ-सफाई बनाए रखने की भी सलाह दी। कार्यक्रम में एनएसएस स्वयंसेवकों ने संकल्प लिया कि वे स्वयं सतर्क रहेंगे और अपने-अपने गांवों एवं मोहल्लों में जाकर लोगों को डेंगू से बचाव के प्रति जागरूक करेंगे। साथ ही महाविद्यालय परिसर में जलभराव रोकने और स्वच्छता बनाए रखने के लिए विशेष स्वच्छता अभियान चलाने का निर्णय भी लिया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के अमर सिंह गोंड, वीरेंद्र कुमार पटले, डॉ. विवेक खरगाल, डॉ. मनीष डोंगरे, श्रीमती शालिनी मेश्राम, विक्रांत रंधावा, पल्लवी ठोकर, शिखा डहरवाल, वैभव लंझेवार, वृंदा डहरवाल, उषा रावत, सुनील देवारे, दिनेश बनोते, आकाश लिल्हारे सहित महाविद्यालय के समस्त अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।






## चांवल से भरे ट्रक को बेईमानी से हड़प कर बेचने वाले आरोपी को 2 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 1000/-रू अर्थदंड से दंडित किया गया

जगप्रेरणा वारासिवनी।

***माननीय न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी श्रीमान अविनाश छारी, जिला बालाघाट ने न्यायालय के प्रक0क्र0 835/2019, थाना ग्रामीण नवेगांव के अप.क्र. 206/2019 में आरोपी विशाल पिता रामप्रसाद यादव उर्फधुरूलाल, निवासी परासिया थाना वारासिवनी, जिला-छिंदवाड़ा,***

जिला-बालाघाट, म.प्र को दोषसिद्ध करते हुए धारा 411 भादवि में 2 वर्ष का साधारण कारावास एवं 1000 रूपये के अर्थदंड से दंडित किया। अर्थदंड न अदा करने की स्थिति में अभियुक्त को 15 दिवस का अतिरिक्त सश्रम कारावास भुगतने का आदेश पारित किया गया। श्री कपिल कुमार डहेरिया, जिला लोक अभियोजन अधिकारी के मार्गदर्शन में अभियोजन की ओर से पैरवी सुश्री रीता यादव, सहायक जिला अभियोजन अधिकारी, बालाघाट द्वारा की गई।

सुश्री रीता यादव सहा.जिला लोक अभियोजन अधिकारी/मीडिया प्रभारी ने घटना के संबंध में जानकारी देते हुये बताया- अभियोजन कहानी संक्षेप में इस प्रकार है कि फरियादी ने थाना कोतवाली में इस आशय की रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह अनाज परिवहन का कार्य करता है तथा दिनांक 09.07.2019 के समय करीब 1.00 बजे दिन में ट्रक कं. एम.पी.09एच.जी.9395 में श्री सांई बाबा वेयर हाउस खुरसोड़ी से 520 बोरी चावल मात्रा कुल 252.79 क्विंटल कुल कीमती 6,85,000/- रूपये का लोड करवा कर ड्रायवर ईकबाल मुसलमान को सुपुर्द कर जिला राजगढ़ के नरसिंहगढ गोदाम के लिए भाड़े की एडवांस राशि 21,000/- रूपये देकर भेजा था, तीन चार दिन बाद उसे पता चला कि उक्त भेजा गया माल नरसिंहगढ़ गोदाम नहीं पहुंचा है. उक्त माल व चालक का पता नहीं चला, किंतु उक्त ट्रक थाना कुंडीपारा जिला छिंदवाड़ा में लावारिस अवस्था में जप्त किया गया है, ट्रक चालक ईकबाल ने ट्रक में भरा 252.79 क्विंटल चावल को नरसिंहगढ़ गोदाम ना पहुंचा कर बेईमानी से हड़प कर कहीं बेच दिया है। उक्त आधार पर थाना ग्रामीण नवेगांव बालाघाट में आरोपी के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर प्रकरण विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान आरोपी इकबाल (फरार आरोपी) द्वारा उक्त चावल को आरोपी विशाल द्वारा खरीदना पाया गया। विवेचना उपरांत अभियुक्त के विरूद्ध अभियोग पत्र माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया गया था। माननीय न्यायालय ने विचारण उपरांत प्रकरण में आयी सकारात्मक साक्ष्य के आधार पर उक्त आरोपी को उपरोक्त दण्ड से दण्डित किया।




विज्ञापन
आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433



विज्ञापन
आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# पॉली एकेडमी में हुआ शाला नायक, उपनायक का चयन..

## वेदांग चन्द्रिकापुरे और दिव्या कावड़े को मीली जिम्मेदारी..



जगप्रेरणा लांजी।

***सीबीएसई से मान्यता प्राप्त पाली अकादमिक संस्थान में शुक्रवार को विद्यालयीन लोकतंत्र का जीवंत स्वरूप देखने को मिला। संस्थान में शाला नायक, शाला नायिका सहित विभिन्न छात्र प्रतिनिधियों के चुनाव लोकतांत्रिक एवं पारदर्शी प्रक्रिया के तहत संपन्न कराए गए।***

चुनाव में कक्षा चौथी से दसवीं तक के विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह, अनुशासन और जिम्मेदारी के साथ अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इस दौरान विद्यालय के शिक्षकों ने नवाचार का परिचय देते हुए मोबाइल फोन को ईवीएम (इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन) के रूप में उपयोग कर पूरी चुनाव प्रक्रिया संपन्न कराई, जिसने विद्यार्थियों के साथ उपस्थित सभी लोगों का ध्यान आकर्षित किया। चुनाव कार्यक्रम का आयोजन संस्थान की संचालिका श्रीमती वंदना वैद्य की अध्यक्षता, प्राचार्य श्रीमती श्रद्धा कांड्रा एवं प्रबंधक संजय चौरे के मार्गदर्शन में किया गया। विद्यालय तथा महाविद्यालय में कार्यरत समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं प्राध्यापकगण के सहयोग से चुनाव प्रक्रिया शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई। चुनाव प्रक्रिया प्रारंभ होने से पूर्व संचालिका श्रीमती वंदना वैद्य ने विद्यार्थियों को लोकतंत्र एवं चुनाव की महत्ता से परिचित कराया। उन्होंने कहा कि किसी भी लोकतांत्रिक राष्ट्र की मजबूती निष्पक्ष चुनाव प्रणाली पर निर्भर करती है। चुनाव के माध्यम से जनता अपने प्रतिनिधियों का चयन करती है, जो शासन व्यवस्था को प्रभावी और उत्तरदायी बनाते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था, भारत निर्वाचन आयोग, मुख्य चुनाव आयुक्त की भूमिका तथा स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव की प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी देते हुए मतदान के महत्व को समझाया। मतदान संपन्न होने के बाद मतगणना की गई और परिणाम घोषित किए गए। इसमें वेदांग चंद्रिकापूरे शाला नायक (हेड बॉय) तथा दिव्या काड़े शाला नायिका (हेड गर्ल) निर्वाचित घोषित हुए। वहीं अद्वित्व राऊत डिप्टी हेड बॉय एवं वाणी मस्करे डिप्टी हेड गर्ल चुनी गईं। लिकेश सोनवाने को स्पोर्ट्स हेड बॉय, देशना वैद्य को स्पोर्ट्स हेड गर्ल, पूर्वी खिरेकर को मेडिकल हेड, विनिधि घोंगडे को कल्चरल हेड तथा नितू दल्लेमाल को डिसिप्लिन हेड का दायित्व सौंपा गया। इसके अलावा विभिन्न हाउसों के लिए भी छात्र प्रतिनिधियों का निर्वाचन किया गया। अग्नि हाउस में वैष्णवी भटेरे गर्ल कैप्टन, सुहानी करहि गर्ल वाइस कैप्टन, लक्ष रांदिवे बॉय कैप्टन एवं देव गुर्दे बॉय वाइस कैप्टन चुने गए। वायु हाउस में श्रावणी बागड़े गर्ल कैप्टन, मायशा गर्ल वाइस कैप्टन, सिद्धार्थ कांड्रा बॉय कैप्टन तथा सानिध्य चौरे बॉय वाइस कैप्टन निर्वाचित हुए। पृथ्वी हाउस में अक्षलीना बंसोड़ गर्ल कैप्टन, सौम्या बिल्हारे गर्ल वाइस कैप्टन, आद्वित्व राऊत बॉय कैप्टन एवं भविष्य खोंगल बॉय वाइस कैप्टन चुने गए। वहीं गगन हाउस में तनुश्री गर्ल कैप्टन, रेशिका गर्ल वाइस कैप्टन, समर्थ बॉय कैप्टन तथा गगन बॉय वाइस कैप्टन घोषित किए गए। परिणाम घोषित होने के बाद सभी नवनिर्वाचित छात्र प्रतिनिधियों को पद की गरिमा, अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा एवं नेतृत्व क्षमता का पालन करने की शपथ दिलाई गई। उन्हें विद्यालय के अनुशासन को बनाए रखते हुए छात्र हित में कार्य करने का संकल्प भी दिलाया गया। कार्यक्रम के समापन पर विद्यालय प्रबंधन ने चुनाव प्रक्रिया को सफल बनाने में सहयोग देने वाले समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं प्राध्यापकगण का आभार व्यक्त किया। विद्यालय में पहली बार मोबाइल आधारित ईवीएम प्रणाली के माध्यम से संपन्न हुआ यह चुनाव विद्यार्थियों के लिए न केवल एक नई सीख साबित हुआ, बल्कि उन्हें लोकतांत्रिक प्रक्रिया को व्यवहारिक रूप से समझने का अवसर भी प्रदान कर गया।

# नशा परिवार, समाज के अलावा स्वास्थ के लिए खतरा

## पॉली एकेडमी में हुआ नशामुक्ति कार्यक्रम



जगप्रेरणा लांजी।

***नशा केवल व्यक्ति की आदत नहीं, बल्कि परिवार, समाज और राष्ट्र के भविष्य को खोखला करने वाली ऐसी सामाजिक बुराई है, जो धीरे-धीरे जीवन की खुशियां, स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार और रिश्तों तक को निगल जाती है।***

एक बार नशे की गिरफ्त में आने के बाद युवा अपनी ऊर्जा, प्रतिभा और सपनों से दूर होता चला जाता है। यही कारण है कि सरकार, प्रशासन और समाज मिलकर युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए लगातार जन-जागरूकता अभियान चला रहे हैं, ताकि आने वाली पीढ़ी स्वस्थ, सुरक्षित और जिम्मेदार नागरिक बन सके। इसी उद्देश्य को लेकर मध्यप्रदेश शासन एवं पुलिस विभाग के संयुक्त तत्वावधान में प्रदेशभर में 'नशे से दूरी है जरूरी 2.0' विशेष जन-जागरूकता अभियान प्रारंभ किया गया है।

15 जुलाई से 30 जुलाई 2026 तक संचालित इस राज्यव्यापी अभियान का उद्देश्य प्रदेश को नशामुक्त बनाना, युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराना तथा समाज में सकारात्मक वातावरण का निर्माण करना है। अभियान के अंतर्गत जिले के सभी शैक्षणिक संस्थानों, ग्राम पंचायतों एवं सार्वजनिक स्थानों पर विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में बालाघाट पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा के निर्देशन में लांजी पुलिस द्वारा पाली अकादमिक संस्थान में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में लांजी पुलिस विभाग के उपनिरीक्षक एवं पुलिस स्टाफ संस्थान की संचालिका श्रीमती वंदना वैद्य, महाविद्यालय के प्राचार्य भोजलाल लिल्हारे, विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती श्रद्धा कांड्रा, प्रबंधक संजय चौरे तथा कक्षा 8वीं से 10वीं तक के बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत में उपनिरीक्षक ने विद्यार्थियों को विभिन्न प्रकार के नशे एवं उनके दुष्प्रभावों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नशा केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को ही नहीं, बल्कि उसके परिवार, शिक्षा, आर्थिक स्थिति और सामाजिक जीवन को भी गंभीर रूप से प्रभावित करता है।

उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे स्वयं नशे से दूर रहें और अपने परिवार व आसपास के लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करें। उन्होंने कहा कि आज के युवा ही देश का भविष्य हैं। यदि युवा वर्ग नशे जैसी बुराई से दूर रहेगा तो समाज और राष्ट्र दोनों सशक्त बनेंगे। नशे के कारण अपराध, सड़क दुर्घटनाएं, घरेलू हिंसा, मानसिक तनाव और आर्थिक संकट जैसी अनेक समस्याएं जन्म लेती हैं, इसलिए प्रत्येक नागरिक का दायित्व है कि वह नशामुक्त समाज के निर्माण में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाए। इसके पश्चात उपनिरीक्षक द्वारा उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं कर्मचारियों को नशा नहीं करने तथा दूसरों को भी नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संस्थान की संचालिका श्रीमती वंदना वैद्य ने कहा कि नशा व्यक्ति के स्वास्थ्य, आर्थिक स्थिति और पारिवारिक जीवन को बुरी तरह प्रभावित करता है। इससे परिवारों में तनाव बढ़ता है, सामाजिक विघटन होता है तथा युवाओं का भविष्य अंधकारमय हो जाता है।

उन्होंने विद्यार्थियों से अनुशासित जीवन अपनाने, शिक्षा एवं खेल गतिविधियों में रुचि बढ़ाने तथा समाज में सकारात्मक परिवर्तन के वाहक बनने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों ने नशामुक्त समाज बनाने का संकल्प दोहराया। इस अवसर पर महाविद्यालय एवं विद्यालय के समस्त प्राध्यापक, शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा संस्थान का समस्त स्टाफउपस्थित रहा। आयोजन के माध्यम से विद्यार्थियों में नशे के प्रति जागरूकता बढ़ाने और समाज को नशामुक्त बनाने का प्रभावी संदेश दिया गया।

# आतंकी हमलों से दहला पाकिस्तान का खैबर पख्तूनख्वा 3 पुलिसकर्मियों की मौत, 34 घायल..

**डेस्क जगप्रेरणा।**

पाकिस्तान के अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में बुधवार को हुए 2 अलग-अलग आतंकी हमलों में 3 पुलिसकर्मियों की मौत हो गई, जबकि 34 लोग घायल हो गए। अधिकारियों के मुताबिक, एक हमला लोअर दीर जिले में पुलिस काफिले पर किया गया,

जबकि दूसरा हमला बन्नू जिले के मिरयान पुलिस स्टेशन को निशाना बनाकर किया गया। दोनों घटनाओं के बाद सुरक्षा बलों ने पूरे इलाके की घेराबंदी कर सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया है। पहली घटना लोअर दीर जिले में हुई, जहां आतंकियों ने पुलिस के एक काफिले पर हैंड ग्रेनेड और ऑटोमैटिक हथियारों से हमला कर दिया।

## पुलिस के काफिले पर आतंकियों ने फेंके हैंड ग्रेनेड..

पुलिस के मुताबिक, हमला हैदर क्षेत्र के लादम टॉप के पास उस समय हुआ, जब पुलिस का काफिला वहां से गुजर रहा था। आतंकियों ने पहले पुलिस के काफिले पर हैंड ग्रेनेड फेंके और इसके बाद भारी गोलीबारी शुरू कर दी।

इस हमले में 3 पुलिसकर्मियों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 19 पुलिसकर्मी घायल हो गए। हमलावरों ने हमले के दौरान पुलिस के 2 वाहनों में आग भी लगा दी। घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है।

पुलिस का कहना है कि हालात पूरी तरह साफ होने के बाद घटना से जुड़ी अन्य जानकारियां साझा की जाएंगी। फिलहाल सुरक्षा बलों ने पूरे इलाके की घेराबंदी कर हमलावरों की तलाश के लिए सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया है।

## जवाबी कार्रवाई में विस्फोटकों से भरी गाड़ी नष्ट..

दूसरी घटना बन्नू जिले के मिरयान पुलिस स्टेशन में हुई, जहां सुरक्षा बलों ने एक बड़े आत्मघाती हमले को समय रहते नाकाम कर दिया। अधिकारियों के अनुसार, आतंकवादी विस्फोटकों से भरी एक गाड़ी को पुलिस स्टेशन से टकराने की कोशिश कर रहे थे। शुरुआती जानकारी के मुताबिक, पुलिसकर्मियों

और सुरक्षा बलों ने समय रहते जवाबी कार्रवाई करते हुए गोलीबारी की, जिससे विस्फोटकों से भरी गाड़ी पुलिस स्टेशन तक पहुंचने से पहले ही नष्ट हो गई। इसके बाद आतंकियों ने पुलिस स्टेशन में घुसने की कोशिश की, लेकिन सुरक्षा बलों ने उनका हमला विफल कर दिया। मुठभेड़ के दौरान 4 आतंकवादी मारे गए।

## पूरे इलाके में चलाया जा रहा है सर्च ऑपरेशन..

रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस हमले में 15 पुलिसकर्मी घायल हुए, जिनमें 10 की हालत गंभीर बताई गई है। गंभीर रूप से घायल पुलिसकर्मियों को बेहतर इलाज के लिए पेशावर भेजा गया है। बन्नू के जिला पुलिस अधिकारी कैप्टन मोहम्मद फुरकान बिलाल ने घटना की पुष्टि करते हुए कहा कि स्थिति का आकलन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मृतकों और घायलों से जुड़ी विस्तृत जानकारी बाद में जारी की जाएगी। घटना के बाद पुलिस और अन्य कानून प्रवर्तन एजेंसियों की भारी संख्या मौके पर पहुंची। पूरे इलाके को घेरकर तलाशी और सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है।

## अप्रैल में भी बन्नू में हुआ था आत्मघाती हमला..

अधिकारियों ने बताया कि दोनों घटनाओं की जांच जारी है। मृतकों, घायलों, नुकसान और अन्य पहलुओं से जुड़ी विस्तृत जानकारी सत्यापन के बाद जारी की जाएगी। बता दें कि इसी साल अप्रैल में भी बन्नू के डोमेल पुलिस स्टेशन पर एक आत्मघाती कार बम हमला हुआ था। उस हमले में कम से कम 5 नागरिकों की मौत हुई थी, जबकि 13 लोग घायल हुए थे। इस हमले में घायल हुए लोगों में एक पुलिसकर्मी भी शामिल था।

# मप्र उच्च न्यायालय ने बेटे की मौत के बाद 52 साल की महिला को आईवीएफ प्रक्रिया कराने की अनुमति दी..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय ने 52 वर्षीय एक महिला को 'इन विट्रो फर्टिलाइजेशन' (आईवीएफ) प्रक्रिया कराने की अनुमति दे दी है। अदालत ने कहा कि चिकित्सकीय रूप से स्वस्थ महिला को केवल इसलिए मातृत्व से वंचित नहीं किया जा सकता***



क्योंकि उसने सहायक प्रजनन प्रौद्योगिकी (विनियमन) अधिनियम, 2021 के तहत निर्धारित आयु पार कर ली है। न्यायमूर्ति विशाल मिश्रा ने 10 जुलाई को एक महिला और उसके पति द्वारा दायर याचिका को स्वीकार करते हुए यह आदेश पारित किया। दंपति के इकलौते बेटे की 21 वर्ष की उम्र में पीलिया से मौत हो गई थी। दंपति अपने बेटे की असामयिक मृत्यु के बाद एक और बच्चा चाहते थे, लेकिन महिला स्वाभाविक रूप से गर्भधारण नहीं कर पा रही थी।

इसके बाद उन्होंने आईवीएफका विकल्प चुना और एक अस्पताल से संपर्क किया। अस्पताल ने आवश्यक जांच के बाद दोनों को चिकित्सकीय रूप से स्वस्थ पाया। हालांकि, अस्पताल ने सहायक प्रजनन प्रौद्योगिकी अधिनियम के प्रावधानों का हवाला देते हुए प्रक्रिया को करने से इनकार कर दिया। अधिनियम के तहत आईवीएफ कराने वाली महिला की उम्र 21 वर्ष से अधिक और 50 वर्ष से कम होनी चाहिए, जबकि पुरुष की उम्र 21 वर्ष से अधिक और 55 वर्ष से कम निर्धारित की गई है। दंपति ने तर्क दिया कि कानून की कठोर व्याख्या के कारण उन्हें फिर से माता-पिता बनने के अवसर से वंचित नहीं किया जाना चाहिए।

सुनवाई के दौरान उन्होंने प्रक्रिया से जुड़े सभी चिकित्सकीय जोखिमों को वहन करने के संबंध में अदालत में एक हलफनामा भी दाखिल किया। याचिका स्वीकार करते हुए अदालत ने कहा कि कानून में दंपति के लिए कोई संयुक्त आयु सीमा निर्धारित नहीं की गई है। उच्च न्यायालय ने कहा कि यदि कोई महिला चिकित्सकीय रूप से गर्भधारण करने में सक्षम है तो केवल आयु सीमा उसके मातृत्व की राह में बाधा नहीं बन सकती। अदालत ने दंपति को किसी भी मान्यता प्राप्त चिकित्सा संस्थान में आईवीएफ प्रक्रिया कराने की अनुमति दी। हालांकि, उसने स्पष्ट किया कि महिला की चिकित्सकीय स्थिति के आधार पर अंतिम फैसला लेने के लिए अस्पताल स्वतंत्र होगा।

न्यायाधीश ने कहा कि महिला को केवल इस आधार पर आईवीएफप्रक्रिया से वंचित नहीं किया जाना चाहिए कि उसकी उम्र 52 वर्ष हो चुकी है।

# युवती को प्रेमी से ब्रेकअप करना पड़ गया भारी, चाकू से बेरहमी से वार कर के हत्या..

डेस्क जगप्रेरणा।

***कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु से अपराध की चौंका देने वाली वारदात सामने आई है। बेंगलुरु में एक युवती पर प्रेमी से ब्रेकअप करने के बाद जानलेवा हमला किया गया। जानकारी के अनुसार, अमृता पर 13 जुलाई को चाकू से बेरहमी से हमला किया गया था।***



इसके बाद से वह अस्पताल में मौत से जंग लड़ रही थी। अब 15 जुलाई को अमृता ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। बेंगलुरु पुलिस ने इस मामले में कार्रवाई करते हुए हमलावर सूर्या और उसके भाई धनुष को अरेस्ट कर लिया है।

## क्या है पूरा मामला?

इस घटना को लेकर पुलिस की अब तक की जांच में कई खुलासे हुए हैं। पुलिस के मुताबिक, जीवन बीमा नगर में रहने वाली अमृता और विल्सन गार्डन में रहने वाला धनुष दोनों के पारिवारिक सम्बंध थे। तीन साल पहले दोनों परिवार एक धार्मिक कार्यक्रम में मिले थे जिसके बाद अमृता और धनुष में दोस्ती हो गई।उनकी दोस्ती धीरे-धीरे प्यार में बदल गई। हालांकि, इस साल मार्च में अमृता ने धनुष से ब्रेक अप कर लिया जिसके बाद दोनों परिवारों के बीच झगड़ा शुरू हो गया।

## घर जाकर चाकू से हमला..

ब्रेकअप के बाद धनुष और उसका भाई अमृता को सबक सिखाने की प्लानिंग करने लगे। धनुष और उसके भाई सूर्या ने अमृता के भाई तेजस को भी फोन किया और उसे धमकी दी कि उसकी जिंदगी के साथ खिलवाड़ करने वाली अमृता को वो सबक सिखाएंगे। इसके बाद 13 जुलाई को धनुष के कहने पर उसका भाई सूर्या अमृता के घर गया और उसकी मां से बहस करने के बाद अचानक से चाकू निकालकर उसने अमृता पर हमला कर दिया। इस घटना ने पूरे इलाके में भय का माहौल बना दिया है। आपको बता दें कि इससे पहले कर्नाटक के धारवाड़ जिले में एक 45 साल के एनेस्थिसियोलॉजिस्ट की उनके अपार्टमेंट में हत्या कर दी गई। जबकि उनका आठ साल का बेटा चाकू लगने से घायल हालत में मिला।

## अस्पताल में हुई अमृता की मौत..

चाकू से हमले के कारण अमृता घायल हो गई जिसके बाद पड़ोस के लोगों की मदद से अमृता को तुरंत अस्पताल ले जाया गया। वहां मौजूद लोगों ने हमलावर सूर्या को भी पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। हालांकि, दो दिन इलाज के बाद बुधवार शाम को अमृता की मृत्यु हो गई। पुलिस ने इस पूरे मामले में हत्या का प्रकरण दर्ज कर लिया है और आरोपी हमलावर सूर्या और उसके भाई धनुष को मर्डर के चार्ज में अरेस्ट कर लिया है।

# मुंबई की सोसाइटी में बड़ा हादसा, कंस्ट्रक्शन कार्य में लगी क्रेन गिरी, एक की मौत; कई गाड़ियां क्षतिग्रस्त..

**डेस्क जगप्रेरणा।**

मुंबई के मीरा रोड (ईस्ट) स्थित जेपी नॉर्थ सोसाइटी में गुरुवार को बड़ा हादसा हो गया। निर्माण कार्य में इस्तेमाल हो रही एक बड़ी क्रेन अचानक गिरकर रिहायशी कॉम्प्लेक्स के अंदर आ गिरी, जिससे वहां खड़ी कई गाड़ियां क्षतिग्रस्त हो गईं और बड़े पैमाने पर बचाव अभियान शुरू करना पड़ा। शुरुआती जानकारी के मुताबिक, इस घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई है। अधिकारियों ने अभी तक घायल या फंसे हुए लोगों की संख्या के बारे में कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है। निर्माण कार्य में इस्तेमाल हो रही क्रेन अचानक गिरकर सोसाइटी परिसर के अंदर आ गिरी। गिरने वाले ढांचे की चपेट में आने से परिसर में खड़ी कई गाड़ियां बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं। इस घटना से निवासियों में अफरातफरी मच गई और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग दुर्घटना स्थल के पास जमा हो गए।

## हादसे के बाद राहत बचाव कार्य जारी..

घटना की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की कई टीमें मौके पर पहुंच गईं और राहत एवं बचाव कार्य शुरू कर दिया। मलबे में किसी के फंसे होने की आशंका को देखते हुए बचाव अभियान जारी है। पुलिस और संबंधित विभाग भी घटनास्थल पर पहुंचकर हादसे के कारणों की जांच में जुट गए हैं। इस घटना से जुड़ी आधिकारिक जानकारी और मृतक व घायलों की संख्या की पुष्टि का इंतजार है।

## प्रशासन ने की ये अपील..

प्रशासन ने निवासियों और आम जनता से अपील की है कि वे घटनास्थल से दूर रहें ताकि आपातकालीन कर्मी बिना किसी रुकावट के बचाव कार्य कर सकें। अधिकारियों ने कहा कि बचाव अभियान आगे बढ़ने के बाद ही हताहतों, घायलों और घटना से जुड़ी सटीक जानकारी दी जाएगी।

क्रेन गिरने का सही कारण अभी पता नहीं चल पाया है। अधिकारियों द्वारा यह जांचने की उम्मीद है कि घटना तकनीकी खराबी, स्ट्रक्चरल फेलियर या लापरवाही के कारण हुई थी। पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं और घटना की जांच शुरू कर दी है। अधिकारी सबूत इकट्ठा कर रहे हैं और बयान दर्ज कर रहे हैं ताकि यह पता लगाया जा सके कि हादसा कैसे हुआ। जांच के हिस्से के तौर पर कंस्ट्रक्शन साइट के सुरक्षा उपायों की भी जांच होने की उम्मीद है।

इससे अभी हाल में ही ठाणे जिले में ईस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे पर बाइक सवार पर अचानक बैनर गिर गया था। इस घटना के बाद से लोगों में आक्रोश भी देखने को मिला था।







जग प्रेरणा

# खेल मनोरंजन

खेल जगत एवं बॉलीवुड व हॉलीवुड की खबरें..



## मांसपेशियों में खिंचाव के बाद हर्षित की फिटनेस और वरुण के भविष्य पर उठे सवाल..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***घुटने की सर्जरी से वापसी के बाद अपनी पहली अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में ही मांसपेशियों में खिंचाव (हैमस्ट्रिंग) का शिकार हुए तेज गेंदबाज हर्षित राणा की फिटनेस कार्यक्रम पर सवाल उठने लगे हैं***



और शीर्ष सूत्रों के अनुसार 'रिहैबिलिटेशन' के दौरान उनका वजन बढ़ गया था जिसकी वजह से शायद उन्हें यह चोट लगी। सूत्रों के मुताबिक इंग्लैंड और आयरलैंड दौरे के टी20 चरण के लिए टीम से जुड़ने के समय 24 वर्षीय हर्षित का वजन बढ़ा हुआ था। उन्होंने आयरलैंड के खिलाफ दो और इंग्लैंड के खिलाफ तीन टी20 मैच खेले, लेकिन मांसपेशियों में खिंचाव के कारण सिर्फपांच मैच के बाद ही उन्हें टीम से बाहर होना पड़ा।

बीसीसीआई ने तब विज्ञप्ति में कहा था, 'ट्रेंट ब्रिज में इंग्लैंड के खिलाफतीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान हर्षित राणा को दाहिनी पैर में अचानक दर्द महसूस हुआ। बाद में कराई गई स्कैन जांच में 'ग्रेड-1 हैमस्ट्रिंग' चोट की पुष्टि हुई।' इस चोट के कारण वह तीन मैच की वनडे श्रृंखला में भी नहीं खेल पाए जबकि इसमें उनके अहम भूमिका निभाने की उम्मीद थी।

हालांकि गौतम गंभीर के टीम प्रबंधन और राष्ट्रीय चयन समिति के लिए सबसे बड़ी चिंता का विषय यह है कि घुटने की सर्जरी, 'रिहैब' और बेंगलुरु में 'सेंटर ऑफएक्सीलेंस' में 'रिटर्न टू प्ले' प्रोटोकॉल पूरी करने के बावजूद हर्षित का वजन क्यों बढ़ गया। बीसीसीआई के एक वरिष्ठ सूत्र ने गोपनीयता की शर्त पर पीटीआई से कहा, '2027 विश्व कप को ध्यान में रखते हुए हर्षित इस टीम के बेहद महत्वपूर्ण सदस्य हैं। उन्हें लगभग 140 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से गेंदबाजी करने वाले और आठवें नंबर पर बल्लेबाजी करने वाले संभावित खिलाड़ी के रूप में देखा जा रहा है। लेकिन उन्हें अपनी फिटनेस दिनचर्या को लेकर अधिक सतर्क रहना होगा।

सूत्र ने कहा, 'हाल में जब वह टीम से जुड़े तो उनका वजन सामान्य से अधिक पाया गया। तेज गेंदबाजी करने वाले खिलाड़ी के लिए अतिरिक्त वजन शरीर पर दबाव बढ़ाता है और इससे 'हैमस्ट्रिंग' फटने का खतरा काफी बढ़ जाता है।' हर्षित की चोट इस बात का संकेत है कि घुटने की सर्जरी के बाद 'रिहैब' कार्यक्रम सफलतापूर्वक पूरा करने और फिटनेस प्रमाण पत्र हासिल करने के बावजूद उन्होंने वजन नियंत्रण पर पूरी तरह ध्यान नहीं दिया।

लंबे समय तक चोटिल रहने वाले खिलाड़ियों के लिए यह अक्सर एक चुनौतीपूर्ण पहलू होता है। सूत्रों के अनुसार ब्रिटेन दौरे पर रवाना होने से पहले भारतीय टीम के एक अन्य टी20 विशेषज्ञ शीर्ष क्रम के बल्लेबाज का भी वजन सामान्य से थोड़ा अधिक पाया गया था, हालांकि यह बहुत मामूली था। 2026 टी20 विश्व कप से पहले शानदार प्रदर्शन के कारण वरुण चक्रवर्ती भारत के 'ट्रंप कार्ड' में से एक माने जा रहे थे। लेकिन अब दुनिया की प्रमुख टीमों के बल्लेबाज उनकी कलाई से निकलने वाली गेंदों की विविधताओं को काफी हद तक समझ चुके हैं।

आईपीएल के दौरान कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए पैर की उंगली में फ्रैक्चर के बावजूद खेलने से उन्हें कोई अतिरिक्त लाभ नहीं मिला। 'रिहैब' पूरा नहीं होने के कारण वह आयरलैंड दौरे के टी20 चरण से बाहर रहे। लेकिन ब्रिटेन दौरे में सिर्फ तीन मैच खेलने के दौरान ही उनकी मांसपेशियों में फिर चोट लग गई। बीसीसीआई ने अपनी विज्ञप्ति में कहा था, 'एमआरआई स्कैन में ग्रेड-2 हैमस्ट्रिंग चोट की पुष्टि हुई। विशेषज्ञ चिकित्सकों की सलाह के आधार पर उन्हें जिम्बाब्वे के खिलाफ आगामी टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला से बाहर कर दिया गया है।' इससे यह चिंता भी पैदा हुई कि

अगले महीने 35 वर्ष के होने वाले चक्रवर्ती पूरी तरह फिट हुए बिना ही प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में लौट आए थे। एशियाई खेलों के लिए निर्धारित समय-सीमा के भीतर टीम घोषित करनी थी इसलिए चक्रवर्ती को उसमें जगह मिल गई। हालांकि इसके आगे जब 2028 ओलंपिक और ऑस्ट्रेलिया में होने वाले अगले टी20 विश्व कप की तैयारियां शुरू होंगी,

तब तक चक्रवर्ती 37 वर्ष के हो चुके होंगे। ऐसे में संभावना यही है कि इस वर्ष के एशियाई खेलों के बाद उन्हें भारतीय टीम की दीर्घकालिक योजनाओं में शायद शामिल नहीं किया जाए।

## सिविल सर्विसेज का सपना छोड़ जब मुंबई आईं अर्चना पूरन सिंह, फेवरेट स्टूडेंट के फैसले पर रोए थे टीचर्स..

डेस्क जगप्रेरणा।

***अपनी बेहतरीन कॉमिक टाइमिंग और बेबाक हंसी से दर्शकों के दिलों पर राज करने वाली अर्चना पूरन सिंह आज भारतीय मनोरंजन जगत का एक बेहद लोकप्रिय चेहरा हैं।***



चाहे बड़ी फिल्में हों, टीवी शोज हों या फिर कॉमेडी के मंच, उनकी मौजूदगी हर जगह जान फूंक देती है। लेकिन ग्लैमर की इस चकाचौंध भरी दुनिया में कदम रखने से पहले अर्चना की जिंदगी बिल्कुल अलग थी। वे स्कूल के दिनों में पढ़ाई-लिखाई में बेहद अव्वल थीं और अपनी क्लास की सबसे होनहार छात्रा मानी जाती थीं। हाल ही में अपनी आगामी वेब सीरीज 'आदर्श बाल विद्यालय' की रिलीज से पहले अर्चना ने अपने स्कूल के दिनों के कुछ दिलचस्प किस्से साझा किए और बताया कि कैसे उनके एक्टिंग चुनने के फैसले ने उनके टीचर्स को हैरान और निराश कर दिया था।

### टीचर्स चाहते थे कि मैं देश की सेवा करू

अपने पुराने दिनों को याद करते हुए अर्चना पूरन सिंह ने बताया कि उनके शिक्षक उनसे बहुत बड़ी उम्मीदें लगाए बैठे थे। अर्चना ने कहा, 'मैं पढ़ाई में बहुत अच्छी थी और हमेशा अपनी क्लास में फर्स्ट आती थी। यही वजह थी कि मैं अपने सभी शिक्षकों की पसंदीदा छात्रा थी। मेरे टीचर्स अक्सर मुझसे कहा करते थे कि मुझे आगे चलकर एक आईएएस या आईएफएस अधिकारी बनना चाहिए। उस दौर में यह माना जाता था कि जो बच्चा पढ़ाई में तेज है, उसका भविष्य सिविल सर्विसेज में ही सुरक्षित है। मेरे टीचर्स को भी पूरा यकीन था कि मैं इसी राह पर आगे बढूंगी।'

### एक्टिंग का फैसला सुनकर निराश हो गए थे शिक्षक..

अर्चना ने आगे बताया कि जब उन्होंने अपने इस सपने के बारे में टीचर्स को बताया तो उनकी प्रतिक्रिया बेहद चौंकाने वाली थी। उन्होंने कहा, 'जब मैंने अपने शिक्षकों को यह बताया कि मैं एक अभिनेत्री बनने जा रही हूं और मुंबई फिल्म इंडस्ट्री का रुख कर रही हूं तो उन्हें बहुत बड़ा झटका लगा। वे मुझसे काफी निराश हो गए थे। उन्हें समझ नहीं आ रहा था कि मैं एक उज्ज्वल और सुरक्षित भविष्य को छोड़कर अभिनय जैसी अनिश्चित दुनिया को क्यों चुन रही हूँ। यह एक मजेदार विरोधाभास था कि मैं उनकी सबसे चहेती छात्रा भी थी और उन्हें सबसे ज्यादा निराश करने वाली भी।' उन्होंने आगे कहा, 'आज जब मैं पीछे मुड़कर देखती हूं तो मुझे यह सब बहुत प्यारा और मजेदार लगता है। जिंदगी हमेशा अपनी रफ्तार से चलती है और उसने मेरे लिए अभिनय का रास्ता चुना। इस क्षेत्र ने मुझे लोगों का बेपनाह प्यार दिया, दूसरों के चेहरों पर मुस्कान लाने का जरिया बनाया और कई बेहतरीन अनुभव दिए। मुझे उम्मीद है कि अगर आज मेरे पुराने टीचर्स मुझे टीवी पर देखते होंगे तो उन्हें अपनी इस होनहार छात्रा पर गर्व जरूर होता होगा कि उसने लीक से हटकर अपनी पहचान बनाई।'

### प्राइम वीडियो की नई सीरीज 'आदर्श बाल विद्यालय' में आएंगी नजर..

अर्चना पूरन सिंह जल्द ही प्राइम वीडियो की आगामी कॉमेडी-ड्रामा सीरीज 'आदर्श बाल विद्यालय' में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती नजर आने वाली हैं। इस सीरीज का ट्रेलर भी जारी कर दिया गया है, जो काफी मजेदार है और एक शानदार कहानी पेश कर रहा है। यह सीरीज एक ऐसे स्कूल और उसके हेडमास्टर की कहानी बयां करती है, जो बेहद सीमित संसाधनों और रोजमर्रा की चुनौतियों के बाद भी अपने स्टाफके साथ मिलकर शिक्षा के स्तर को सुधारने की कोशिश करता है। इस सात कड़ियों वाली सीरीज का निर्देशन हिमांक गौर ने किया है, जबकि इसका निर्माण समीर सक्सेना और बिस्वपति सरकार ने 'पोशम पा पिक्चर्स' के बैनर तले किया है। इस सीरीज में दिग्गज अभिनेता के के मेनन मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। उनके साथ ही अर्चना पूरन सिंह, अभिमन्यु सिंह, नवीन कस्तूरिया, देवेन भोजानी और प्राची शाह जैसे बेहतरीन कलाकार अहम किरदारों में दिखाई देंगे। यह सीरीज 24 जुलाई से प्राइम वीडियो पर दस्तक देने के लिए तैयार है।

## वनडे में स्मृति, टी20 में शेफाली को कप्तान बनाने के पक्ष में मिताली..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***भारत की पूर्व कप्तान मिताली राज का मानना है कि हरमनप्रीत कौर के बाद स्मृति मंधाना को वनडे क्रिकेट में और शेफाली वर्मा को टी20 में भारत की कप्तानी सौंपी जानी चाहिये।***



सैतीस वर्ष की हरमनप्रीत की कप्तानी में भारत ने पिछले साल वनडे विश्व कप जीता लेकिन 2018 से अब तक टी20 प्रारूप में आईसीसी टूर्नामेंट नहीं जीत सकी है ।

मिताली ने पीटीआई से बातचीत में कहा ,'हम लगातार दूसरी बार टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में नहीं पहुंच सके लेकिन सिर्फइसी आधार पर यह निष्कर्ष नहीं निकाला जा सकता कि कप्तान बदलने की जरूरत है। मेरा मानना है कि कई मानदंडों को देखना चाहिये कि खिलाड़ी उन पर खराब उतरा है या नहीं।'

उन्होंने कहा, 'एक तो फिटनेस है जो काफी अहम है । पिछले दो तीन साल में आपने देखा होगा कि हरमन को फिजियो की मैदान पर जरूरत पड़ी है। कुछ मैचों में वह उपलब्ध नहीं रही। आप चाहेंगे कि आपका कप्तान फिट और हमेशा उपलब्ध हो ।

हम सभी की उम्र तो बढनी ही है और इसलिये वह सबसे फिट नहीं है।' उन्होंने कहा, 'पिछले तीन विश्व कप में उसके फॉर्म को देखें तो वह 15, 20 रन बनाती है और अर्धशतक बनाने के लिये तीन चार मैच इंतजार करना पड़ता है । इसके अलावा आपको यह भी देखना होगा कि अगले वनडे या टी20 विश्व कप में क्या वह खेल सकेगी । फैसला लेने वालों को इन चीजों को ध्यान में रखना होगा ।'

मिताली ने कहा, 'अगर आपको ऐसा लगता है कि टी20 विश्व कप में खराब प्रदर्शन के कारण ही बदलाव जरूरी है । कोच (अमोल मजूमदार) भी जवाबदेह है क्योंकि अंतिम एकादश पर फैसला कप्तान और कोच दोनों लेते हैं।' भविष्य के बारे में पूछने पर उन्होंने कहा, 'मुझे तो लगता था कि स्मृति दो तीन साल पहले ही वनडे प्रारूप की कप्तानी संभाल लेंगी।

लेकिन अब भी उनके अपार अनुभव को देखते हुए कम से कम वनडे और टेस्ट प्रारूप की कप्तानी तो उन्हें ही दी जानी चाहिए और शायद टी20 प्रारूप किसी युवा खिलाड़ी को सौंपा जा सकता है। लेकिन वनडे के लिए तो साफ तौर पर अनुभव की जरूरत होती है।'

उन्होंने कहा, 'टी20 में शेफाली कप्तान हो सकती है । वह अंडर 19 विश्व कप में कप्तान रह चुकी है । जेमिमा भी डब्ल्यूपीएल में कप्तान रही है लेकिन मेरा मानना है कि जिसे भी कप्तान बनाये, उसे कुछ समय दें।''

## 'दिख रहा है सब', सलमान खान ने सबसे पहले पकड़ी थी सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल की लव स्टोरी, नेहा धूपिया के शो में हुआ खुलासा..

डेस्क जगप्रेरणा।

***सच्ची प्रेम कहानियों की चमक को छुपाना बेहद मुश्किल होता है, भले ही प्रेमी उसे लाख छुपाने की कोशिश करें। कुछ ऐसा ही किस्सा बॉलीवुड की मशहूर जोड़ी सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल का भी रहा है।***



हाल ही में नेहा धूपिया और अंगद बेदी के लोकप्रिय टॉक शो 'डबल डेट' के एक नए और दिलचस्प एपिसोड में इस स्टार कपल ने अपनी निजी जिंदगी और मोहब्बत के सफर से जुड़े कई मजेदार राज खोले। दोनों ने बताया कि जब वे खुद भी अपने रिश्ते को आधिकारिक तौर पर स्वीकार करने से कतरा रहे थे, तब बॉलीवुड के 'सुल्तान' सलमान खान ने सबसे पहले उनके बीच पनप रहे प्यार को भांप लिया था।

### सलमान खान से रिश्ता छुपाने की नाकाम कोशिश..

यह बात किसी से छुपी नहीं है कि सलमान खान ही वह शख्स हैं जिन्होंने सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल की पहली मुलाकात करवाई थी। शो के दौरान जहीर इकबाल ने पुरानी यादों को ताजा करते हुए बताया कि वे दोनों शुरुआत में अपने इस खास रिश्ते को दुनिया के सामने लाने से कतराते थे, लेकिन सलमान खान की पारखी नजरों से कुछ भी छुप नहीं सका। जहीर ने मुस्कुराते हुए कहा, 'इससे पहले कि हम खुद सलमान भाई के पास जाकर अपने रिश्ते का इकरार करते या उन्हें कुछ बताते, उन्हें सब कुछ पहले से ही पता चल चुका था। वे हमारे हाव-भाव देखकर ही समझ गए थे कि हम दोनों के बीच दोस्ती से बढ़कर कुछ चल रहा है।'

### सलमान की मजेदार चेतावनी..

सोनाक्षी सिन्हा ने भी इस मजेदार बातचीत में हिस्सा लेते हुए हंसते हुए उस दौर का एक बेहद दिलचस्प वाकया साझा किया। सोनाक्षी ने कहा, 'हमारे बीच की केमिस्ट्री और वाइब इतनी साफथी कि कोई भी इसे आसानी से समझ सकता था और सलमान भाई तो वैसे भी इन मामलों में बहुत समझदार हैं।

उन्हें सब कुछ साफ-साफ दिख रहा था। शुरुआती दिनों में जब भी वे हमसे हमारे रिश्ते को लेकर कोई सवाल करते थे तो हम दोनों तुरंत बात को घुमा देते थे और साफ मुकर जाते थे कि हमारे बीच ऐसा कुछ भी नहीं है।' सोनाक्षी ने आगे बताया, 'हमारी ना-नुकर से तंग आकर एक दिन सलमान भाई ने बेहद मजाकिया लेकिन गंभीर अंदाज में हमसे कहा, 'देखो, मुझे सब पता है। एक दिन तुम दोनों का ब्रेकअप होगा। फिर तू इधर आकर मेरे पास रोएगी और वो (जहीर) उधर जाकर रोएगा। मैं तुम दोनों से बेहद प्यार करता हूं और मैं तुम दोनों में से किसी एक का पक्ष लेकर विलेन नहीं बनना चाहता।' सलमान भाई की यह भविष्यवाणी सुनकर हम दोनों पूरी तरह से अवाक रह गए थे, क्योंकि हमें अहसास हो गया था कि वे हमारी चोरी पकड़ चुके हैं।'

### ट्रेकिंग ट्रिप पर खुली पोल..

अभिनेत्री ने उस पल का भी जिक्र किया जब उन्हें पक्के तौर पर यकीन हो गया कि अब उनका यह सीक्रेट रिलेशनशिप पूरी तरह उजागर हो चुका है। सोनाक्षी ने बताया कि एक बार वे सभी एक ट्रेकिंग ट्रिप पर गए हुए थे। उस ट्रिप के दौरान अचानक सलमान खान ज़हीर इक़बाल के पास पहुंचे और उनके कंधे पर हाथ रखकर बेहद शांत लेकिन शरारती अंदाज में सिर्फ एक छोटा सा जुमला कहा, 'दिख रहा है सब।' सलमान खान के मुंह से निकले इन तीन शब्दों ने सोनाक्षी और ज़हीर को यह साफकर दिया कि अब उनकी प्रेम कहानी पर सुपरस्टार की आधिकारिक मुहर लग चुकी है और इसे छुपाने का कोई फायदा नहीं है।

## 'रागिनी 3' में दिखेगा तमन्ना भाटिया का सबसे खतरनाक अवतार, हॉरर और रोमांस का अनोखा तड़का लगाने लौट रही फ्रेंचाइजी..

डेस्क जगप्रेरणा।



भारतीय सिनेमा की सबसे चर्चित और डरावनी फ्रेंचाइजी में से एक 'रागिनी' एक बार फिर दर्शकों के रोंगटे खड़े करने के लिए तैयार है। एकता कपूर के बैनर बालाजी मोशन पिक्चर्स ने अपनी बहुप्रतीक्षित डेट नाइट हॉरर एंटरटेनर फिल्म 'रागिनी 3' के निर्माण का आधिकारिक ऐलान कर दिया है। इस बार फिल्म की मुख्य भूमिका में खूबसूरत और प्रतिभाशाली अभिनेत्री तमन्ना भाटिया नजर आएंगी। फिल्म की शूटिंग का पहला शेड्यूल लंदन की खूबसूरत और रहस्यमयी लोकेशन्स पर शुरू हो चुका है। निर्माताओं ने इस फिल्म को साल 2027 में बड़े पर्दे पर रिलीज करने का फैसला किया है।

### नए और रोमांचक अंदाज में लौटेगी फ्रेंचाइजी..

'रागिनी 3' का निर्देशन जाने-माने डायरेक्टर शशांक घोष कर रहे हैं। निर्देशक का दावा है कि यह फिल्म इस लोकप्रिय हॉरर फ्रेंचाइजी को एक बिल्कुल नए और बेहद रोमांचक मुकाम पर लेकर जाएगी। फिल्म की यूएसपी इसका अनोखा स्क्रीनप्ले होगा, जिसमें हॉरर और सस्पेंस के साथ-साथ भरपूर रोमांस और कई चौंकाने वाले ट्विस्ट्स देखने को मिलेंगे। फिल्म की मूल आत्मा यानी डर और रहस्य को बरकरार रखते हुए इसमें आज के दौर का तड़का लगाया जाएगा, ताकि यह युवा दर्शकों को थिएटर्स तक खींचने में कामयाब हो सके।

### किरदार के लिए तमन्ना भाटिया ही थीं पहली पसंद..

तमन्ना भाटिया अपने करियर में कमर्शियल सिनेमा और गंभीर किरदारों के बीच बेहतरीन संतुलन बनाने के लिए जानी जाती हैं। 'रागिनी 3' में उनका किरदार बेहद रहस्यमयी, गहरा और पूरी तरह से अप्रत्याशित होने वाला है, जिसे उन्होंने अब तक स्क्रीन पर नहीं आजमाया है। यही वजह है कि यह फिल्म तमन्ना के करियर के सबसे चर्चित और बहुप्रतीक्षित प्रोजेक्ट्स में से एक बन गई है। फिल्म के निर्माताओं का कहना है कि इस मुख्य भूमिका के लिए तमन्ना उनकी पहली और एकमात्र पसंद थीं, क्योंकि जिस तरह का अभिनय कौशल इस किरदार के लिए आवश्यक है, उसे तमन्ना से बेहतर कोई और न्याय नहीं दे सकता था।

### लंदन में चल रहा है पहला शेड्यूल..

फिल्म का पहला और बेहद महत्वपूर्ण शूटिंग शेड्यूल इस समय लंदन में चल रहा है। बालाजी मोशन पिक्चर्स इस प्रोजेक्ट को काफी बड़े पैमाने पर बना रहा है। हालांक, मेकर्स ने अभी तक इस फिल्म की बाकी स्टारकास्ट और इसकी मुख्य कहानी को पूरी तरह से गुप्त रखा है। उनका कहना है कि आने वाले कुछ महीनों में फिल्म के अन्य कलाकारों के नामों और कहानी की मुख्य थीम से धीरे-धीरे पर्दा उठाया जाएगा। हॉरर और सस्पेंस फिल्मों के शौकीनों के लिए साल 2027 की यह रिलीज बेहद खास होने वाली है।

## ब्रिटेन ने फीफा से विश्व कप में फॉकलैंड से जुड़े बैनर की जांच करने का आग्रह किया..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)




अर्जेंटीना के खिलाड़ियों ने विश्व कप के सेमीफाइनल में इंग्लैंड के खिलाफजीत के बाद विवादित फॉकलैंड द्वीप समूह पर संप्रभुता का दावा करने वाले बैनर के साथ तस्वीरें खिंचवाई जिससे ब्रिटेन भड़क गया है और उसने बृहस्पतिवार को फुटबॉल की सर्वोच्च संस्था फीफा से इसकी जांच करने का आग्रह किया। अटलांटा में बुधवार को खेले गए विश्व कप सेमीफाइनल में अर्जेंटीना ने इंग्लैंड को 2-1 से हराया।

मैच के बाद जश्न के दौरान अर्जेंटीना के खिलाड़ियों ने एक बैनर पकड़ा हुआ था, जिस पर लिखा था 'लास माल्विनास सोन अर्जेंटिनास' जिसका अर्थ है 'माल्विनास अर्जेंटीना के हैं।' अर्जेंटीना फॉकलैंड द्वीप समूह को इस्लास माल्विनास के नाम से संबोधित करता है। अर्जेंटीना के खिलाड़ियों को यह बैनर स्टेडियम में मौजूद एक दर्शक ने दिया था। अर्जेंटीना की टीम को अब अनुशासनात्मक कार्रवाई का सामना करना पड़ सकता है क्योंकि उसने मैदान पर राजनीतिक संदेश देने पर प्रतिबंध लगाने वाले नियमों का उल्लंघन किया है।

ब्रिटेन के व्यापार सचिव पीटर काइल ने कहा कि खिलाड़ियों का व्यवहार 'पूरी तरह से अनुचित' था। काइल ने बीबीसी से कहा, 'राजनीति को फुटबॉल से अलग रखने की जरूरत है। विश्व कप का एक प्रमुख सिद्धांत यही है कि राजनीति फुटबॉल से अलग है। यह अब फीफा का मामला है। मुझे उम्मीद है कि फीफा इसकी जांच करेगा।'

दक्षिण अटलांटिक में स्थित फॉकलैंड द्वीपसमूह को लेकर राजनीतिक तनाव के कारण दोनों देशों के बीच खेल प्रतिद्वंद्विता और भी बढ़ गई है। यह द्वीपसमूह ब्रिटेन के अधीन है, जिसकी आबादी लगभग 3,500 है। यह ब्रिटेन से लगभग 8,000 मील (13,000 किलोमीटर) और अर्जेंटीना से 300 मील (480 किलोमीटर) दूर स्थित है। अर्जेंटीना का तर्क है कि 1833 में उससे ये द्वीप अवैध रूप से छीन लिए गए थे।

ब्रिटेन का कहना है कि यह 1765 से उसके अधीन है। अर्जेंटीना ने 1982 में इस द्वीप समूह पर हमला किया था। इसके बाद 10 सप्ताह तक युद्ध चला था जिसमें अर्जेंटीना के 649 ब्रिटेन के 255 सैनिकों की जान चली गई थी। इस युद्ध में तीन नागरिक भी मारे गए थे।

लेख, लघु कथा, कविताएं एवं साहित्य सामग्रीयां आमंत्रित है..

Email - jagprernaw@gmail.com
Whatsapp - 94070-33433





दैनिक जग प्रेरणा में साहित्य लेख रचनाएं प्रकाशन के लिये संपर्क करें..

एकता आशीष वर्मा
मो. 9407033433

## आर्थिक समृद्धि के साथ समाप्त होती सामाजिक संवेदनाएँ

विकास का सामान्य अर्थ आर्थिक समृद्धि, आधुनिक सुविधाओं और उच्च जीवन-स्तर से लगाया जाता है। निस्संदेह पिछले कुछ दशकों में भारत सहित विश्व के अनेक देशों ने आर्थिक प्रगति के नए आयाम स्थापित किए हैं। आय बढ़ी है, उपभोग बढ़ा है, तकनीक ने जीवन को सुविधाजनक बनाया है और भौतिक संसाधनों की उपलब्धता पहले की अपेक्षा कहीं अधिक हुई है। किंतु एक गंभीर प्रश्न हमारे सामने खड़ा है–क्या इस आर्थिक समृद्धि के साथ हमारी सामाजिक संवेदनाएँ भी विकसित हुई हैं, या वे निरंतर क्षीण होती जा रही हैं?

आज महानगरों की ऊँची-ऊँची इमारतों में रहने वाले लोग अपने पड़ोसियों तक को नहीं जानते। संयुक्त परिवारों का स्थान एकल परिवारों ने ले लिया है और परिवार के भीतर भी संवाद का स्थान मोबाइल स्क्रीन ने ले लिया है। जीवन में सुविधाएँ बढ़ी हैं, पर आत्मीयता घटती गई है। आर्थिक सफलता की अंधी दौड़ में मनुष्य इतना व्यस्त हो गया है कि उसके पास अपने माता-पिता, बच्चों, पड़ोसियों और मित्रों के लिए भी समय नहीं बचा।

उपभोक्तावादी संस्कृति ने मनुष्य के मूल्यांकन का आधार उसके चरित्र, व्यवहार और संवेदनशीलता के स्थान पर उसकी आय, संपत्ति और सामाजिक प्रतिष्ठा को बना दिया है। परिणामस्वरूप प्रतिस्पर्धा, स्वार्थ और व्यक्तिवाद का विस्तार हुआ है। समाज में सहयोग की भावना कमजोर हुई है और रिश्ते भी उपयोगितावादी होते जा रहे हैं। यही कारण है कि भौतिक समृद्धि के बावजूद अकेलापन, अवसाद, तनाव और पारिवारिक विघटन जैसी समस्याएँ तेजी से बढ़ रही हैं।

भारतीय संस्कृति का मूल आधार केवल आर्थिक उन्नति नहीं, बल्कि मानवीय संबंधों की गरिमा रहा है। ÷वसुधैव कुटुम्बकम÷, ÷सर्वे भवन्तु सुखिनः÷ और ÷परहित सरिस धरम नहिं भाई÷ जैसे आदर्श हमें बताते हैं कि समाज की वास्तविक समृद्धि धन से नहीं, बल्कि संवेदनशील नागरिकों से होती है। यदि आर्थिक विकास के साथ करुणा, सहानुभूति और सामाजिक उत्तरदायित्व का विकास न हो, तो वह विकास अंततः समाज को भीतर से खोखला कर देता है।

आज आवश्यकता केवल सकल घरेलू उत्पाद बढ़ाने की नहीं, बल्कि सामाजिक पूँजी को भी सुदृढ़ बनाने की है। परिवारों में संवाद बढ़ाना होगा, बुजुर्गों के प्रति सम्मान, बच्चों के प्रति स्नेह और समाज के वंचित वर्गों के प्रति संवेदना को पुनर्जीवित करना होगा। शिक्षा व्यवस्था को भी केवल रोजगार का माध्यम नहीं, बल्कि मानवीय मूल्यों के संवाहक के रूप में कार्य करना होगा। सेवा, सहयोग, स्वयंसेवा और सामाजिक सहभागिता को जीवन का अनिवार्य अंग बनाना समय की मांग है।

किसी भी राष्ट्र की वास्तविक समृद्धि उसके बैंक खातों, शेयर बाजारों या ऊँची इमारतों से नहीं मापी जाती; वह उसके नागरिकों की संवेदनशीलता, सामाजिक विश्वास और पारस्परिक सहयोग से निर्धारित होती है। यदि आर्थिक प्रगति के साथ मानवीय संवेदनाएँ समाप्त होने लगें, तो ऐसी समृद्धि अंततः सामाजिक दरिद्रता का ही दूसरा नाम बन जाती है। इसलिए समय की सबसे बड़ी आवश्यकता यह है कि विकास की यात्रा में हम अर्थ और मानवीय मूल्यों के बीच संतुलन बनाए रखें। यही संतुलन भारत की सांस्कृतिक आत्मा की रक्षा करेगा और समाज को वास्तव में समृद्ध बनाएगा।

लेखक



प्रो.मनमोहन प्रकाश

## 'बारिश की एक बूंद'..

बादलों से आज बस इतनी-सी गुज़ारिश है,
सूखी धरती पर बरस जाओ, यही हमारी फरियाद है।

प्यासे खेत हैं, सूनी मेड़ें हैं,
हर किसान की आँखों में उम्मीदें हैं।
बीज तो मिट्टी की गोद में सोए पड़े हैं,
बस तेरी एक बूंद के इंतज़ार में खड़े हैं।

नदी का किनारा सूना-सूना,
तालाब का दर्पण भी टूटा-टूटा।
पशु-पक्षी सब राह निहारें,
कब बादल अमृत-जल बरसाएँ।

माँ की आँखों में चिंता है,
बच्चों के सपनों पर पहरा है।
अगर बारिश रूठ गई इस बार,
कैसे सजेगा फिर हर परिवार?

ऐ सावन! अब देर न करना,
धरती माँ का श्रृंगार तुम करना।
हर बूंद में जीवन
की खुशबू भर देना,
हर किसान की
मेहनत को रंग देना।
जब झूम-झूम कर मेघ बरसेंगे,
सूखे खेत फिर से हँसेंगे।
हरियाली का होगा फिर विस्तार,
मुस्कुराएगा भारत का
किसान और उसका संसार।

रचनाकार



आशीष नेवारे
खारा किरनापुर

## चोरी..

राम मंदीर की चोरी में
कई चोरों का माल
कुछ चोरों ने चुरा लिया
इससे ज्यादा कुछ नही हुआ
क्योंकि जो लोग मंदीर में
सोना,चांदी,जेवर,
लाखो रूपये चढाते है
वह भी कही से
लुटे हुये ही होते है
असल दस बीस या
सौ पचास चढाते है
वे आस्था से चढाते है
लेकिन जो लाखो
चढाते है वे केवल
अपना पाप धोने के लिये
या दिखावे के लिये
चढाते है इसलिये
बाहर के चोरों का माल
मंदीर के चोरों ने चुराया
भगवान तो माध्यम है
काला धन सफेद करने का
और पुजारीयों और ट्रस्टीयों
के गल्ले भरने का।

रचनाकार



चिरंजीव बिसेन
गोंदिया

## नशे से दूरी..

गांव-गांव गली-गली
शराब पहुंचाकर,
एक पीढ़ी को
नशे का आदि बनाकर।
स्कूली भवनों को तोड
नई शराब दुकान खडाकर,
अब कौन सा तीर
मार लेगी सरकार
नशे से है दूरी जरूरी
अभियान चलाकर।



संजय अश्क
पुलपुट्टा, बालाघाट
9753633830

## आ भी जाओ..

अब बहुत हुआ बद्रा,
मौसम विभाग
के तो चलो संग।
अब मान भी जाओ जरा,
ना करो अब जन
समुदाय को तंग।

शुरुआत तो
-20 की तरह हुई,
अब टेस्ट का चढ़ा है रंग।
निराशा है अब गहरी छाई,
ना रही फिर वह उमंग।


सकल लगा रहे कयास,
बदरा बरसों लेकर जल तरंग।
आश लगाए हैं बैठे
लेकर आपसे खूब उमंग।

रचनाकार



प्रकृति अनुरागी
बीउपवंशी


## शब्दवर्गपहेली क्र.- 219



Åij l ulpi &: 1) टी. वी. का एक प्रमुख समाचार चॅनल 2) एक प्रसिद्ध धर्मशास्त्रकार ऋषि का नाम 3) कनस्तर 4) खोजबीन, जांच पड़ताल 5) श्रीरामजी का एक नाम 6) घोड़े के टापों पर लगाया जानेवाला लोहे का अर्धन्द्रकार टुकड़ा 8) कब्र 9) तुरन्त 10) थोड़ासा 11) पराजय 12) सारे, समूचा 14) वाद्य का निनादित होना 15) ले आना 18) अयोग्य, अनुचित 22) श्रवण कराना, फटकारना 24) रातभर जागने की क्रिया 27) तपस्या करनेवाला 29) चलायमान होना या स्थिर न रहना 30) बच्चों को सुलाते समय गाया जानेवाला नींद संबंध गाना 31) कुक्कूट 33) रास्ता दिखानेवाला 34) 'गीत गोविन्द' ग्रन्थ के रचयिता 36) पकाने की क्रिया, रींधना, रसोई 37) डोली 38) भारत का एक राजनीतिक दल 39) तूणीर 40) सड़क पर चलने पर चलनेवालों को लूटनेवाले 41) जोखीमभरा 42) खुले चेहरेवाली (स्त्री), बिना परदे की 44) पौराणिक काल के एक सूर्यवंशी राजा जिनके वंशज भगीरथ थे 45) मुख, मुंह 47) झन झनाना, झनझन ध्वनि निकालना 50) मुंह पर ओढ़ा गया कपड़ा जिससे कोई पहचान न हो सके 52) पांसेद्वारा भविष्य जानने की विद्या 55) आकारहीन (परमेश्वर) 58) पथप्रदर्शक (उर्दू) 60) श्रृंगार करना, सुशोभित होना 61) प्रथा 63) रुचि, रुचि के योग्य 64) फेल, अनुत्तीर्ण 65) सूर्य 67) मुंबई का एक इलाका 71) धिक्कारना या झिड़कारना 72) अभी,, इस समय 73) एक छोटा फल जिससे शराब तैयार की जाती है 74) किसी धागे आदि को जोर से खींचना 76) खड़ा या उर्ध्वाकार (अंग्रेजी) 78) एक प्राचीन कालीन वाहन 80) युद्ध 81) हिफाजत, सम्भालना 83) आराम, विश्राम, ठहराव 86) तन्दुरुस्त, अच्छी सेहतवाला 89) ठिकाना 90) पवन पुत्र 91) वपन, बाल काटना 92) विश्व की सात आश्चर्यजनक चीजों में से एक प्रसिद्ध मीनार 94) कल्पना, दलील 96) चान्दी 97) उछल उछल कर कुदना 98) बिहार के एक भूतपूर्व मुख्यमंत्री का केवल नाम 99) घी या तेल में बनाये गये व्यंजन 101) शरम 102) शव, अर्थी 103) ठंड़ 105) स्वर्ग लोक का एक देवर्षि 106) बरसात, वर्षा 107) बराबर, समान 108) समझदार, बुद्धिमान, प्रौढ़ आयुवाला 111) स्त्री 112) युद्ध 113) सूजी 116) जवान, युवक (जवाब अगले अंक में)

ck;s ls nk;s &: 1) टालमटोल करना इस अर्थवाला एक मुहावरा 7) हिन्दी के महाकवि गोस्वामी तुलसीदासद्वारा रचित रामकथा 13) दुर्बल स्त्री,, असहाय स्त्री 16) पानी पिना, नाश्ता करना 17) किसी चीज का तरल पदार्थ में मिल जाना 19) हरियाणा की एक प्रमुख जाति 20) नित्य का अपभ्रंश 21) पश्चिम बंगाल के एक भूतपूर्व मुख्यमंत्री का कुल नाम 23) अर्थी 25) तुम्हारा (संस्कृत) 26) व्यतीत होना, बीत जाना 28) कुशल, निपुण 30) लोग, जनता 32) मापना 34) दिल्ली कनाट प्लेस से लगा इलाका जहां गांधी परिवार का निवास है 35) नदी का किनारा, तालाब 36) बारी 37) जैन धर्मियों के एक तीर्थंकर 39) गीला 40) मत, विचार 41) फिल्मों में दर्शीत दुष्ट व्यक्ति 42) बेकाबू, अनियंत्रित 43) मामला, किसी ग्रन्थ का छोटा विभाग 44) पांडवों में से एक 46) उदगम 47) हल्की नींद 48) चेतावनी 49) गणेशजी, गजानन 51) रसयुक्त, मधुर 52) दौड़नेवाला, धावक (अंग्रेजी) 53) स्मृति, स्मरण 54) नवग्रहों में से एक 56) दौड़ (अं.) 57) स्वीकार न करना 59) बुद्धिहीनता, बेवकुफी 62) तेजी से आगे बढ़कर किसी चीज को पकड़ना 66) भटकना, मार्ग–भ्रष्ट होना 68) बहुत अधिक ईर्ष्या, जलने की पीड़ा 69) एक तिलहन 70) खड़ावा, खड़ाऊ 72) अमरत्व 75) वधू का पहले पहल पति के घर जाना, गौना 77) आवभगत, मान सम्मान 79) कांशीरामजीद्वारा स्थापित एक राजनीतिक पार्टी 82) सप्ताह का एक दिन 84) किसी वस्तु या व्यक्ति का बोधवाची शब्द 85) जल्दी से, तुरन्त 87) नाखुष, अप्रसन्न 88) गाय, धेनु 89) आश्रय 93) रत्न का अपभ्रंश 95) पानी में उठती तरंग 98) गायब, जिसका पता न लगता हो 100) जालसाजी करनेवाला 104) त्यागना 106) दुर्व्यवहार 108) समय, काल, वर्ष 109) अस्थिसार, हड्डी के भीतर का गूदा 110) विविध 112) दिल्ली की एक पुरानी वेधशाला का नाम 114) रुपया, पैसा राशि 115) हवाई जहाज 117) बिहार का एक प्रमुख जिला मुख्यालय 118) बहस, चर्चा 119) अस्पताल 120) राजी करना, किसी को मानने में प्रवृत्त करना

### पिछले अंक के शब्दवर्गपहेली का जवाब



anumeya-08446302691

विज्ञापन आमंत्रित है..

संपर्क - मो. 9329033433


## त्योहारी मांग से सभी तेल तिलहन कीमतों में सुधार..



नई दिल्ली, (भाषा)।

***रक्षाबंधन, जन्माष्टमी जैसे आगामी त्योहारों के मद्देनजर बाजार में मांग बढ़ने के बीच बृहस्पतिवार को देश के तेल-तिलहन बाजारों में सभी तेल-तिलहन के दाम मजबूत रहे तथा सरसों, सोयाबीन एवं मूंगफली तेल-तिलहन,***

कच्चा पामतेल (सीपीओ) एवं पामोलीन तथा बिनौला तेल के दाम में सुधार देखा गया। शिकॉगो और मलेशिया एक्सचेंज में मजबूती का रुख है। बाजार सूत्रों ने कहा कि देश में आगामी त्योहारों के लिए खाद्य तेलों की मांग अभी से बढ़ना शुरू हो गई है जो सभी तेल-तिलहनों में सुधार का मुख्य कारण है।

उन्होंने कहा कि साल्वेंट एक्सट्रैक्टर्स एसोसिएशन (एसईए) के अनुसार जून में पिछ्ले साल की समान अवधि के मुकाबले खाद्य तेलों का आयात घटा है। जो लोग खाद्य तेलों की महंगाई पर बयानबाजी करते थे, उनकी चिंताओं ने आज कहीं अधिक मुकम्मल ढंग से हमारे देश को आयात पर निर्भर बना दिया है जहां सूरजमुखी जैसे तिलहनों की खेती काफी कम रह गई है। सीधी बात है कि किसानों को उपज के अच्छे दाम मिलेंगे और बाजार में उनके खपने का वातावरण बनेगा तो किसान अपने आप उत्पादन बढ़ाने और आत्मनिर्भरता की राह पर देश को लाने की क्षमता से भरपूर हैं।

सूत्रों ने कहा मौजूदा समय में सरसों, सोयाबीन, कपास, मूंगफली जैसे तिलहनों के दाम न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) से अधिक हैं। यह बेहतर दाम आज से लगभग 20 साल पहले से मिल रहा होता तो आज खाद्य तेल के लिए आयात पर निर्भरता की स्थिति संभवतः नहीं होती। सिर्फखाद्य तेलों में महंगाई ढूंढ़ने वालों को मौजूदा स्थिति से आगे आत्मनिर्भरता की राह पर बढ़ने के लिए सबक लेना चाहिये। खाद्य तेलों की प्रति व्यक्ति खपत दूध, पनीर, दुग्ध उत्पादों जैसे बाकी उत्पादों के मुकाबले काफी कम होती है इसलिए खाद्य तेलों की मामूली तेजी को बढ़ा चढ़ाकर पेश नहीं किया जाना चाहिये।

उन्होंने कहा कि देश में सोयाबीन की आवक बहुत ही कम है। सरसों की भी आवक कम है। इस बीच, त्योहारी मांग बढ़ रही है। बिनौले की उपलब्धता नगण्य होती जा रही है। इसकी औद्योगिक मांग को मूंगफली पूरा कर रही है।

### तेल-तिलहनों के भाव इस प्रकार रहे..

सरसों तिलहन - 7,975-8,000 रुपये प्रति क्विंटल।

मूंगफली - 7,250-7,825 रुपये प्रति क्विंटल।

मूंगफली तेल मिल डिलिवरी (गुजरात) - 16,750 रुपये प्रति क्विंटल।

मूंगफली रिफाइंड तेल - 2,635-2,935 रुपये प्रति टिन।

सरसों तेल दादरी- 16,400 रुपये प्रति क्विंटल।

सरसों पक्की घानी- 2,685-2,785 रुपये प्रति टिन।

सरसों कच्ची घानी- 2,685-2,835 रुपये प्रति टिन।

सोयाबीन तेल मिल डिलिवरी दिल्ली- 15,750 रुपये प्रति क्विंटल।

सोयाबीन मिल डिलिवरी इंदौर- 15,600 रुपये प्रति क्विंटल।

सोयाबीन तेल डीगम, कांडला- 12,300 रुपये प्रति क्विंटल।

सीपीओ एक्स-कांडला- 13,800 रुपये प्रति क्विंटल।

बिनौला मिल डिलिवरी (हरियाणा)- 16,300 रुपये प्रति क्विंटल।

पामोलिन आरबीडी, दिल्ली- 15,750 रुपये प्रति क्विंटल।

पामोलिन एक्स- कांडला- 14,550 रुपये (बिना जीएसटी के) प्रति क्विंटल।

सोयाबीन दाना - 7,525-7,575 रुपये प्रति क्विंटल।

सोयाबीन लूज- 7,375-7,450 रुपये प्रति क्विंटल।

## बैंक वसूली प्रक्रिया में हासिल अचल संपत्ति मूल उधारकर्ता को वापस नहीं बेच सकतेः आरबीआई



मुंबई, (भाषा)।

***भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बृहस्पतिवार को स्पष्ट किया कि बैंक वसूली प्रक्रिया के तहत किसी असाधारण स्थिति में हासिल अचल संपत्ति को मूल उधारकर्ता या उससे संबंधित पक्षों को वापस नहीं बेच सकते हैं।***

केंद्रीय बैंक ने कहा कि सामान्य परिस्थितियों में बैंकों से अपने नियमित ऋण कार्यों के बदले गैर-वित्तीय परिसंपत्तियों के स्वामित्व में आने की अपेक्षा नहीं की जाती है। हालांकि, कुछ विशेष मामलों में ऋण जब गैर-निष्पादित संपत्ति (एनपीए) में बदल जाता है और कानूनी या संविदात्मक उपाय अपनाए जाते हैं, तब बैंक गिरवी रखी गई अचल संपत्ति का स्वामित्व वसूली रणनीति के तहत ले सकते हैं।

आरबीआई ने इस तरह हासिल गैर-वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रबंधन को स्पष्ट करने के लिए सतर्कता संबंधी मानदंड जारी किए हैं। इसके तहत बैंक को ऐसी संपत्तियों का निपटान अपनी नीति में निर्धारित अवधि के भीतर करना होगा, जो अधिकतम सात वर्ष से अधिक नहीं होगी।

इसके साथ ही आरबीआई ने कहा कि बैंक को इन्हें यथाशीघ्र सार्वजनिक नीलामी के माध्यम से बेचने का प्रयास करना चाहिए। इससे पहले मई में आरबीआई ने इन नियमों का मसौदा जारी कर हितधारकों से सुझाव मांगे थे। एक सुझाव उधारकर्ताओं को अपनी संपत्ति वापस खरीदने की अनुमति देने को लेकर आया था। रिजर्व बैंक ने इससे असहमति जताते हुए कहा कि ऐसा होने पर नैतिक जोखिम पैदा हो सकता है और ऋण अनुशासन कमजोर पड़ सकता है, क्योंकि चूक करने वाले उधारकर्ताओं को संपत्ति वापस पाने का विशेष अवसर मिल जाएगा। इन संपत्तियों के मूल्यांकन पर कहा गया है कि अधिग्रहण के समय बैंक को इस तरह की गैर-वित्तीय संपत्ति की कीमत अपने खातों में उस आधार पर दर्ज करना चाहिए, जो खत्म किए गए कर्ज की बही-खाते में दर्ज कीमत या फिर जल्दी बेचने पर मिलने वाली कीमत से कम हो। इसके अलावा, यदि ऐसी परिसंपत्तियों का उपयोग बैंक स्वयं करता है, तो उपयोग में लाने की तारीख से उन्हें निर्दिष्ट गैर-वित्तीय परिसंपत्ति की श्रेणी से हटाकर 'स्थिर परिसंपत्ति' या अन्य उपयुक्त लेखा शीर्ष के अंतर्गत दर्ज किया जाएगा। आरबीआई की तरफसे जारी ये निर्देश एक अक्टूबर, 2026 से प्रभावी होंगे।

## रुपये में लगातार चौथे दिन गिरावट, 17 पैसे टूटकर 96.42 प्रति डॉलर पर



मुंबई, (भाषा)।

अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया बृहस्पतिवार को 17 पैसे की गिरावट के साथ 96.42 पर बंद हुआ। कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव और बढ़ते आयात खर्चों के बीच देश के सामने भुगतान संतुलन की चुनौतियां और बढ़ गई हैं। कारोबारियों के अनुसार, पश्चिम एशिया में नए तनाव के बाद डॉलर इंडेक्स में बढ़ोतरी ने घरेलू शेयर बाजार से विदेशी पूंजी की निकासी को बढ़ावा दिया, जिससे स्थानीय मुद्रा पर दबाव पड़ा।

अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 96.28 प्रति डॉलर पर खुला। कारोबार के दौरान यह 96.22 के उच्च स्तर और 96.42 के निचले स्तर के बीच घूमता रहा। अंत में यह पिछले बंद भाव की तुलना में 17 पैसे की गिरावट के साथ 96.42 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। रुपया बुधवार को नौ पैसे टूटकर 96.25 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था।10 जुलाई को डॉलर के मुकाबले 95.38 के बंद स्तर से भारतीय मुद्रा में 104 पैसे या 1.5 प्रतिशत की गिरावट आई है।

भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा बुधवार को जारी ताजा आंकड़ों के अनुसार, चालू वित्त वर्ष के पहले दो महीनों में भारत का कुल भुगतान संतुलन 11 अरब डॉलर के घाटे में रहा, जबकि पिछले साल इसी अवधि में पांच अरब डॉलर का अधिशेष था।

बाजार विशेषज्ञों के अनुसार, पश्चिम एशिया में तनाव जारी रहने के कारण कच्चे तेल की कीमतें ऊंचे स्तर पर बनी हुई हैं। होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर बढ़ते खतरे ने ईरान युद्ध समाप्त करने के अंतरिम समझौते पर अनिश्चितता पैदा कर दी है, जिससे क्षेत्र में व्यापक संघर्ष की आशंका बढ़ गई है।

मिराए एसेट शेयरखान के शोध विश्लेषक अनुज चौधरी ने कहा कि अमेरिका-ईरान के बीच तनाव और कच्चे तेल की ऊंची कीमतों के कारण रुपये में कमजोरी का रुख बना रह सकता है। हालांकि, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के इस बयान से कि ईरान, अमेरिका के साथ समझौता करना चाहता है, वैश्विक बाजार धारणा में कुछ सुधार हो सकता है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) का हस्तक्षेप भी निचले स्तर पर रुपये को समर्थन दे सकता है।


उन्होंने कहा कि कारोबारियों की नजर अमेरिका के खुदरा बिक्री और साप्ताहिक बेरोजगारी दावों के आंकड़ों पर रहेगी। डॉलर के मुकाबले रुपये की विनिमय दर 96.10 से 96.60 के दायरे में रह सकती है।

इस बीच, दुनिया की छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की मजबूती को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.02 प्रतिशत की बढ़त के साथ 100.50 पर रहा।

वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड वायदा कारोबार में 0.39 प्रतिशत की गिरावट के साथ 84.62 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा था। घरेलू शेयर बाजार बृहस्पतिवार को स्थिर रुख के साथ बंद हुआ। बीएसई सेंसेक्स 1.44 अंक की मामूली बढ़त के साथ 77,186.87 अंक पर रहा, जबकि निफ्टी 5.75 अंक फिसलकर 24,072.75 अंक पर आ गया।

शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशक बाजार में शुद्ध बिकवाल रहे। उन्होंने बृहस्पतिवार को 4,205.56 करोड़ रुपये के शेयरों की शुद्ध बिकवाली की।

## आईसीएआर फसल विविधीकरण योजना के तहत चावल, गेहूं के रकबे को सीमित करेगा



नई दिल्ली, (भाषा)।

***भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) अपनी वर्ष 2047 की रूपरेखा के तहत फसल विविधीकरण को बढ़ावा देगा। इसके तहत चावल की खेती का रकबा 5.3-5.5 करोड़ हेक्टेयर तक सीमित किया जाएगा और गेहूं के रकबे में***

भी इसी तरह की कमी की योजना है, जबकि मक्का, पोषक अनाज, दालों और बागवानी फसलों के रकबे को बढ़ाया जाएगा। आईसीएआर के महानिदेशक एम एल जाट ने कहा कि विविधीकरण योजना नीति आयोग के साथ सलाह-मशविरे से तैयार की गई है। इस और अन्य लक्ष्यों के लिए मांग-आधारित अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए आईसीएआर ने अपने प्रभागों और संस्थानों में 52 कार्यबल बनाए हैं, जिनमें से प्रत्येक एक तय 'बदलाव के सिद्धांत' ढांचे के तहत काम कर रहे हैं।

जाट ने बृहस्पतिवार को यहां आईसीएआर के 98वें स्थापना दिवस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि परिषद का लक्ष्य वर्ष 2047 तक कृषि उत्पादन को मौजूदा 1.3 अरब टन से बढ़ाकर 2.1 अरब टन, बागवानी उत्पादन को 36.97 करोड़ टन से 79.7 करोड़ टन, दूध उत्पादन को 24 करोड़ 78.7 लाख टन से 62.8 करोड़ टन, मत्स्य उत्पादन को 1.95 करोड़ टन से चार करोड़ टन और कृषि-वानिकी क्षेत्र को 2.84 करोड़ हेक्टेयर से पांच करोड़ हेक्टेयर तक बढ़ाना है।

रणनीतिक क्षेत्रों में सुधार पर भी ध्यान दिया जाएगा -- खेती में मशीनीकरण, जो अभी 47 प्रतिशत है, उसे वर्ष 2047 तक 80 प्रतिशत से अधिक तक बढ़ाना होगा, जबकि पोषक तत्वों के उपयोग की दक्षता 35 प्रतिशत से बढ़कर 75 प्रतिशत से अधिक होनी चाहिए।

जाट ने कहा कि पानी के उपयोग की दक्षता को 40-80 प्रतिशत तक बढ़ाने और फसल कटाई के बाद होने वाले नुकसान, जो अभी 20 प्रतिशत है, को शून्य तक लाने का लक्ष्य है।

रूपरेखा के अनुसार, किसानों की जरूरतों के हिसाब से सेवाओं की आपूर्ति को 100 प्रतिशत कवरेज तक बढ़ाया जाएगा।

अधिकारियों ने कहा कि अन्य दीर्घकालिक प्राथमिकताओं में घरेलू उर्वरक उत्पादन में आत्मनिर्भरता, भूमि क्षरण निरपेक्षता, शुद्ध शून्य उत्सर्जन कृषि और बेहतर पोषण परिणाम शामिल हैं।

जाट ने बताया कि आईसीएआर ने 'हार्वेस्ट' (हार्नेसिंग एग्री-फूड रिसर्च, वाइब्रेंट एक्सटेंशन एंड एजुकेशन फॉर साइंस-लेड ट्रांसफॉर्मेशन) नाम की एक नई एकीकृत योजना भी शुरू की है, जो आईसीएआर की मौजूदा आठ योजनाओं को एक ही रूपरेखा में मिलाती है।

जाट ने बताया कि प्रधानमंत्री के निर्देशों के बाद, आईसीएआर ने राज्यों के हिसाब से विज्ञान पर आधारित कृषि रूपरेखा तैयार करनी शुरू कर दी है। उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, असम, महाराष्ट्र और गोवा के बाद इस सप्ताह पश्चिम बंगाल की रूपरेखा पेश की गई। पिछले साल के प्रदर्शन की समीक्षा करते हुए आईसीएआर ने कहा कि अनाज के उत्पादन में 1.9 करोड़ टन की बढ़ोतरी हुई है, जिसकी कीमत 60,000 करोड़ रुपये है। वर्ष 2001 से वर्ष 2014-15 के बीच दर्ज की गई वृद्धि की तुलना में पिछले 12 साल में उत्पादन तीन गुना से ज़्यादा बढ़ा है।

12 साल में बागवानी उत्पादन में 9.7 करोड़ टन की बढ़ोतरी हुई, जिसमें पिछले साल हुई बढ़ोतरी की कीमत 20,000 करोड़ रुपये थी, जबकि डेयरी और पशुपालन क्षेत्र ने साल के दौरान 50,000 करोड़ रुपये का योगदान दिया। जाट ने बताया कि वर्ष 2014 के बाद से मछली पालन (फिशरीज) उत्पादन दोगुना हो गया है और पिछले साल इसमें 40,000 करोड़ रुपये का मूल्य जुड़ा।

उन्होंने बताया कि इन चारों क्षेत्र ने मिलकर पिछले साल 1,70,000 करोड़ रुपये का योगदान दिया, जिसमें से शोध का हिस्सा लगभग एक-तिहाई यानी करीब 55,000 करोड़ रुपये था।

क्षेत्रवार उपलब्धियों पर आईसीएआर ने कहा कि वर्ष 2025 में 34 फसलों की 386 किस्में जारी की गई, जिनमें 94 प्रतिशत मौसम के अनुकूल और 29 जैविक स्तर पर पोषण से समृद्ध किस्में शामिल थीं। बागवानी में, 57 फसलों की 117 किस्में जारी की गई। अधिकारियों ने बताया कि पशुओं में खुरपका-मुंहपका बीमारी (एफएमडी) के मामलों में 85 प्रतिशत की कमी आई है और अफ्रीकन स्वाइन फीवर के लिए टीका जल्द ही जारी किया जाएगा।

आईसीएआर ने यह भी बताया कि पिछले साल पराली जलाने की घटनाओं में 85 प्रतिशत की कमी आई, जिसे संसद में भी माना गया। साथ ही, संस्था ने कहा कि वर्ष 2021 से वर्ष 2025 के बीच उसके बौद्धिक संपदा पोर्टफोलियो में 33 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई।

जाट ने बताया कि जून में चलाए गए 'खेत बचाओ' अभियान के तहत, 728 जिलों में 1,657 टीमों ने 1.31 लाख से ज़्यादा कार्यक्रम आयोजित किए। इन कार्यक्रमों के ज़रिये सीधे तौर पर एक करोड़ किसानों और मीडिया के माध्यम से पांच करोड़ और किसानों तक पहुंच बनाई गई।

आईसीएआर ने पिछले साल के लिए 99.73 प्रतिशत खर्च का उपयोग किया, जो अब तक का सबसे ज्यादा है।

इस कार्यक्रम में कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, मत्स्य पालन और पशुपालन मंत्री राजीव रंजन सिंह, राज्यमंत्री -- भागीरथ चौधरी, रामनाथ ठाकुर और एस के सिंह बघेल -- के साथ-साथ पशुपालन और डेयरी सचिव नरेश पाल गंगवार और नीति आयोग के सदस्य के वी राजू भी मौजूद थे।

## दो साल मे नौ राज्यों को खुरपका-मुंहपका बीमारी से मुक्त करने का लक्ष्य : मंत्री..

नई दिल्ली, (भाषा)

भारत अगले दो साल में कम से कम नौ राज्यों को खुरपका और मुंहपका बीमारी (एफएमडी) से मुक्त करने का लक्ष्य बना रहा है। सरकार को उम्मीद है कि इससे यूरोप के डेयरी बाजार के दरवाज़े खुलेंगे, जो दुनिया के सबसे बड़े दूध उत्पादक देश के लिए अब तक ज्यादातर पहुंच से बाहर रहा है।

बृहस्पतिवार को भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) के 98वें स्थापना दिवस को संबोधित करते हुए मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री राजीव रंजन सिंह ने कहा कि लगातार स्वदेशी टीकाकरण से एफएमडी के मामलों में भारी कमी आई है। यह वर्ष 2021 के 105 मामलों से घटकर पिछले साल सिर्फ40 पर आ गया है। उन्होंने कहा कि जिन नौ राज्यों में बीमारी के मामले लगातार कम रहे हैं और टीकाकरण का काम पूरा हो चुका है, उन्हें अब एफएमडी-मुक्त प्रमाणपत्र के लिए पहली पसंद के तौर पर चुना गया है।

सिंह ने कहा, ''दूध उत्पादन में दुनिया में सबसे आगे होने के बावजूद, हमें डेयरी उत्पादों के निर्यात में मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि विकसित देशों, खासकर यूरोप में, एफएमडी-मुक्त प्रमाणीकरण की जरूरत होती है। प्रधानमंत्री ने वर्ष 2030 तक भारत को एफएमडी-मुक्त बनाने का लक्ष्य रखा है।''

उन्होंने कहा कि विश्व पशु स्वास्थ्य संगठन से प्रमाणीकरण मिलने के बाद, ये नौ राज्य भारत को उन बाजारों में डेयरी निर्यात शुरू करने का पहला असली मौका देंगे, जो लंबे समय से व्यापार के लिए बीमारी-मुक्त होने की शर्त रखते आए हैं।

उन्होंने कहा कि बीमारी पर काबू बड़े पैमाने पर टीकाकरण और 'ट्रेसिबिलिटी' अभियान के जरिये पाया गया। सरकार ने 38 करोड़ जानवरों को 13 अंक वाले डिजिटल पहचान टैग जारी किए हैं और इस साल ओटीपी-आधारित जांच प्रणाली शुरू की गई है। अब किसानों को उनके फोन पर 'वन-टाइम पासवर्ड' (ओटीपी) मिलता है ताकि यह पक्का किया जा सके कि टीकाकरण हुआ है, क्योंकि कई राज्यों में बिना टीका लगाए ही टीकाकरण दर्ज करने के मामले सामने आए थे।

सिंह ने कहा कि आईसीएआर और पशुपालन विभाग ने मिलकर स्वदेशी टीके विकसित किए हैं, जो न सिर्फएफएमडी बल्कि क्लासिकल स्वाइन फीवर (सीएसएफ) और पेस्ट डेस पेटिट्स रूमिनेंट्स (पीपीआर) को नियंत्रित करने में भी मदद कर रहे हैं।

बृहस्पतिवार के कार्यक्रम में देश में विकसित अफ्रीकी स्वाइन फीवर का टीका भी पेश किया गया। अमेरिका द्वारा आयात शुल्क बढ़ाने के झटके से मछली निर्यात के उबरने पर मंत्री ने कहा कि वर्ष 2025 में अमेरिका द्वारा लगाए गए 58 प्रतिशत शुल्क का शुरुआती असर उन निर्यातकों पर पड़ा जो भारत के सबसे बड़े समुद्री खाद्य बाजार, अमेरिका पर निर्भर थे।

इसके बावजूद, वर्ष 2025-26 में निर्यात बढ़कर 73,891 करोड़ रुपये का हो गया, जो पिछले साल 62,408 करोड़ रुपये था। मंत्री ने एक ऐसी कमी की ओर इशारा किया जिसे नीति के जरिये अभी दूर किया जाना बाकी है। देश के भीतर के जल स्रोतों में मछली पालन, जहां वर्ष 2014 के बाद से उत्पादन में 147 प्रतिशत की भारी वृद्धि हुई है, देश के कुल मछली निर्यात में इसकी हिस्सेदारी मुश्किल से दो प्रतिशत है। उन्होंने देश के भीतरी स्रोतों से मछलीपालन (इनलैंड फिशरीज) से होने वाले उत्पादन को निर्यात के लिए बाहर भेजने को विशेष नीतिगत समर्थन ङ्क जिसमें ड्रोन-आधारित परिवहन भी शामिल है ङ्क की आवश्यकता पर जोर दिया।

सिंह ने आईसीएआर से कम इस्तेमाल हो रहे संसाधनों पर ध्यान देने को भी कहा और अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे राज्य सरकार के साथ मिलकर ओडिशा में खारे पानी (ब्रैकिश वॉटर) के संसाधनों के विकास की रणनीति तैयार करें। उन्होंने बताया कि ओडिशा में देश का सबसे बड़ा खारे पानी का क्षेत्र मौजूद है, जो 'झींगा पालन के लिए एक बेहतरीन इलाका है। यह भारत का निर्यात के जरिये सबसे अधिक कमाई वाल समुद्री उत्पादों में से है।

वित्तपोषण के बारे में सिंह ने कहा कि आईसीएआर को 'प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना' के तहत बीमारी नियंत्रण, एक्वाकल्चर और नस्ल सुधार पर शोध के लिए 123 करोड़ रुपये मिले हैं। उन्होंने एजेंसी को निर्देश दिया कि वह अपने 'कृषि विज्ञान केंद्र' नेटवर्क का इस्तेमाल करके इस शोध को सीधे किसानों तक पहुंचाए।




विज्ञापन
आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433



जग प्रेरणा
लांजी किरनापुर हट्टा
● भानेगांव ● मोहझरी ● बोलेगांव ● रिसेवाड़ा ● बहेला ● साडरा ● हिर्री ● रजेगांव

विज्ञापन
आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# मध्यप्रदेश कांग्रेस में राधेश्याम सिंगनदुपे बने प्रदेश सचिव..





जगप्रेरणा लांजी।

***मध्यप्रदेश कांग्रेस संगठन को मजबूत करने की दिशा में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राजीव गांधी पंचायती राज संगठन की नई प्रदेश कार्यकारिणी का गठन किया गया है।***

प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा 15 जुलाई को जारी नियुक्ति पत्र के अनुसार राधेश्याम सिंगनदुपे को प्रदेश सचिव नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी के निर्देश तथा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी की अनुशंसा पर की गई है। नई कार्यकारिणी का उद्देश्य संगठन को पंचायत स्तर तक मजबूत करना, जनाधार का विस्तार करना तथा कांग्रेस की नीतियों एवं कार्यक्रमों को गांव-गांव तक पहुंचाना बताया गया है। नियुक्ति के बाद राधेश्याम सिंगनदुपे ने कहा कि वे संगठन द्वारा सौंपी गई जिम्मेदारी का पूरी निष्ठा से निर्वहन करेंगे और पार्टी की विचारधारा तथा जनहित के कार्यक्रमों को जमीनी स्तर तक पहुंचाने का प्रयास करेंगे।

सिंगनदुपे की नियुक्ति पर पूर्व विधायक हीना कावरे, जनपद पंचायत लांजी अध्यक्ष श्रीमती अर्चना खोंगल, देवेन्द्र खोंगल, अनिश चौहान, उपाध्यक्ष अजय अवसरे, पूर्व शहर कांग्रेस अध्यक्ष प्रमोद अग्रवाल, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बहेला अध्यक्ष ऋषि पटेल दशरिया, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी लांजी अध्यक्ष रेवाजी कराटकरे, नगर कांग्रेस कमेटी लांजी अध्यक्ष सौरभ मोनू पशीने, मनीष जुझार, ललित कबीरे, अशोक पालीवाल, पूनम आसटकर, राजू बापुरे, संतोष आवरे, ज्योति उमरे, ओमकार रहांगडाले, खेमचंद दानी, मुकेश दसरिया, राजू मेंढे, मुकेश रणदिवे, महेन्द्र सोनवाने, शरद आसटकर, दिनेश लांडे, संजीत ठाकरे, देबीलाल चौधरी, आशीष सोनू श्रीवास्तव, धर्मेन्द्र चूटे, घनश्याम पटले, संजय वानखेड़े, कोमल कांडे, योगेन्द्र मिश्रा, राम ठाकरे, लिखेन्द उपराड़े, एडवोकेट अनमोल तिडके, जीतू मोरघड़े, सुरेन्द्र चौधरी, पन्ना बिल्हारे, पोषण मस्करे, नरेन्द्र नागपुरे, बंटी पटेल, मोनू हरिनखेड़े, अफ्जल बेग, आरिफ बेग, सैयद अरशद, इरशाद खान, गणेश बागड़े, राजू सोयाम, प्रभुदयाल किरमें, विनोद उमरे, टुमन घोरमारे, सिद्धीक अंसारी, अफसाना अंसारी, जुग्गू खान, बब्बू भाईजान, युवराज पटले, महेश चौधरी, गोवर्धन घोरमारे, श्याम बेदरे, राधेश्याम नखाते, रविन्द्र धारने, दिनेश चौहान, लीलाराम मानकर, अमन श्रीवास्तव, शिवम् नखाते, लक्ष्मण कावरे, रामकृष्ण गिरिया, कल्याण कालबेले, योगदास नागपुरे, अजीत नागपुरे, गुरुदास लिल्हारे, रामेश्वर बिल्थरे, विश्वनाथ मोरघड़े, मुरली बावनथडे, स्नेहा बागड़े, राकेश बागड़े, कैलाश मस्करे, बब्लू उमरे, पप्पू कावडे, भरत बड़में, नरेश चौहान, सीताराम बड़मे, चंद्रकांत किरनापूरे, प्रवीण दुबे, पप्पू कामरी, सुखराम बड़में, दिलीप रामटेके, पवन कश्यप, विजय रामटेकर, राजेश पन्द्रे, सखाराम वरकड़े, गुड्डू गोस्वामी, नरेन्द्र मोतीचुर, ललित वरकड़े, राकेश पंद्रे, बेनीराम खोटेले महासचिव जिला कांग्रेस कमेटी बालाघाट, श्रीमती रुक्मणी माहुले जिला पंचायत सदस्य, श्रीमती चेतना कुराहे, जिला पंचायत सदस्य, सुश्री डाली कावरे, जिला पंचायत सदस्य, अजय कुराहे, श्रीमती मीरा सिंगनदुपे जिला पंचायत सदस्य, यूसुफ पटेल अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी किरनापुर, मनीष भीमटे, मंगल रैकवार, बालचंद पांचे, अजय पाचे, अनिल खरे, प्रेमलाल हाथीमारे, प्रेमलाल पाचे, नारायण कावरे, त्रिवेंद्र गुड्डा पाचे, भोजराज ठाकरे, पूरनलाल देशमुख, संतोष बहेकार, तिलक पचाले, शेषराम पंचाले, डिगुलाल पाचे, गीतेश पाचे, मानिक लाल पाचे, खेमराज वाहेकर, संजय ठाकरे, गुड्डू मडामे, जयचंद बिसेन, राजेन्द्र बिसेन, मुन्ना तुरकर, यादव राव तुरकर, पवन खरखाटे, अरुण बिसेन, लखन मानकर, राधेश्याम मानकर, राकेश मेश्राम, ऋषिकेश भास्कर, ओमकार पांचे, बुधराम वगारे, सहित सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

# नशा नाश की जड़: स. शि. म. में नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम संपन्न..







जगप्रेरणा लांजी।

***सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लांजी में 15 जुलाई को पुलिस विभाग द्वारा नशा मुक्ति जन जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया।***

मध्य प्रदेश शासन के निर्देश पर 15 से 30 जुलाई तक चलाए जा रहे इस अभियान के तहत विद्यालय में विशेष कार्यक्रम का आयोजन कर नशे की दुष्प्रभावों के प्रति छात्र-छात्राओं व स्थानीय नागरिकों को जागरूक किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में मुकेश दबोलिया थाना प्रभारी लांजी, श्रीमती विधि पांडे उप निरीक्षक, प्रमोद बिसेन प्रधान आरक्षक, व्यवस्थापक विजय रामटेक्कर तथा विद्यालय के प्राचार्य दिनेश गिरी गोस्वामी उपस्थित रहे। अतिथियों ने मां सरस्वती एवं मां भारती के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया।

वाणी वंदना के बाद श्री बोहने जी ने सभी अतिथियों का तिलक वंदन कर स्वागत किया। थाना प्रभारी मुकेश दबोलिया ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मध्य प्रदेश सरकार द्वारा 15 जुलाई से 30 जुलाई तक नशा मुक्ति जन जागरण अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य युवाओं सहित आमजन को नशे की लत से मुक्त करना है। उन्होंने कहा, 'गुटखा, बीड़ी, सिगरेट, शराब जैसी नशीली वस्तुएँ व्यक्ति, परिवार और पूरे समाज को तबाह कर देती हैं। नशेड़ी व्यक्ति खुद को बर्बाद करने के साथ परिवार को कर्ज के बोझ तले दबा देते हैं।

चोरी, डकैती जैसी गतिविधियों तक की नौबत आ जाती है। उन्होंने अपील की कि यदि किसी के आस-पास नशे का आदी व्यक्ति दिखे तो तुरंत पुलिस थाने में सूचना दें और उसे नशा मुक्ति केंद्र तक पहुँचाने में सहयोग करें। कार्यक्रम में सभी उपस्थित जनों को नशा मुक्ति की शपथ भी दिलाई गई। प्राचार्य दिनेश गिरी गोस्वामी ने शासन की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि नशे की लत कई परिवारों को बर्बादी की कगार पर ला खड़ी कर रही है।

उन्होंने आधुनिक समस्या की ओर भी इशारा करते हुए कहा कि मोबाइल फोन का अत्यधिक उपयोग भी नशे की तरह है। छात्र-छात्राओं को पढ़ाई और अन्य रचनात्मक कार्यों के लिए समय देना चाहिए तथा अनावश्यक मोबाइल उपयोग से दूरी बनानी चाहिए।

उन्होंने पुलिस विभाग, विद्यालय परिवार तथा सभी भाई-बहनों का आभार व्यक्त किया जो इस अभियान को सफल बनाने में सहयोग कर रहे हैं। कार्यक्रम का मंच संचालन त्र्यंबक भगत ने किया।

## 'नशे से दूरी है जरूरी 2.0' अभियान..

# बहेला पुलिस द्वारा सावरी, मनेरी के विद्यार्थियों को बताया गया नशे के दुष्परिणाम..





जगप्रेरणा बहेला।

***पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार संचालित 'नशे से दूरी है जरूरी 2.0'अभियान के तहत थाना बहेला पुलिस द्वारा हाई स्कूल सावरी एवं शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल मनेरी में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।***

इस दौरान पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए नशामुक्त जीवन अपनाने का संकल्प दिलाया। कार्यक्रम में थाना प्रभारी शैलेंद्र सक्सेना, एएसआई बीजू मम्मन, आदर्श मिश्रा, जितेंद्र सेन, शुभम मिश्रा सहित थाना बहेला का पुलिस स्टाफ उपस्थित रहा।

थाना प्रभारी शैलेंद्र सक्सेना ने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए कहा कि आज का युवा देश का भविष्य है। यदि युवा नशे से दूर रहेंगे, तभी वे अपने परिवार, समाज और राष्ट्र के लिए बेहतर योगदान दे सकेंगे। उन्होंने विद्यार्थियों से किसी भी प्रकार के नशे से दूर रहने तथा अपने आसपास के लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करने का आह्वान किया। उन्होंने साइबर अपराधों, सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग, यातायात नियमों के पालन तथा कानून का सम्मान करने की भी समझाइश दी। विद्यार्थियों ने पुलिस अधिकारियों से विभिन्न विषयों पर प्रश्न पूछे, जिनका अधिकारियों ने सरल एवं प्रेरणादायक तरीके से उत्तर दिया। कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थियों को नशामुक्त समाज निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाने की शपथ दिलाई गई।

'नशा व्यक्ति के स्वास्थ्य, परिवार और भविष्य तीनों को बर्बाद कर देता है। छात्र जीवन सपनों को साकार करने का समय होता है, इसलिए किसी भी प्रकार के नशे से दूर रहें। यदि आपके आसपास कोई व्यक्ति नशे की लत में है, तो उसे समझाने का प्रयास करें और आवश्यकता पड़ने पर पुलिस को सूचना दें। 'नशे से दूरी है जरूरी 2.0' अभियान का उद्देश्य युवाओं को जागरूक कर नशामुक्त समाज का निर्माण करना है।'

# डायरिया रोको अभियान के तहत पेयजल स्त्रोतों में किया जर्मेकस का छिड़काव..





जगप्रेरणा लांजी।

***जिले में संचालित 'डायरिया रोको अभियान' के अंतर्गत लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग (पीएचई) द्वारा पेयजल स्त्रोतों को सुरक्षित एवं स्वच्छ बनाए रखने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है।***

इसी क्रम में उपखंड लांजी के बोथली, सुलसूली, घोटी सहित सात गांवों में खराब पड़े हैंडपंपों की मरम्मत कर उन्हें पुनः चालू किया गया। पीएचई विभाग की टीम ने गांवों में पहुंचकर खराब हैंडपंपों का तत्काल सुधार कराया, जिससे ग्रामीणों को निर्बाध पेयजल उपलब्ध हो सके। इसके साथ ही सुधारे गए हैंडपंपों सहित गांवों के अन्य सभी पेयजल स्त्रोतों में जर्मेक्स डालकर क्लोरीनीकरण किया गया। विभाग के अनुसार क्लोरीनीकरण से पानी में मौजूद हानिकारक जीवाणु एवं कीटाणु नष्ट होते हैं, जिससे डायरिया सहित अन्य जलजनित बीमारियों की रोकथाम में प्रभावी सहायता मिलती है। विभागीय अधिकारियों ने ग्रामीणों को स्वच्छ पेयजल के महत्व की जानकारी देते हुए कहा कि वर्षा ऋतु में जलजनित रोगों का खतरा बढ़ जाता है। इसलिए पेयजल को हमेशा छानकर और ढककर रखें, जल स्त्रोतों के आसपास साफ-सफाई बनाए रखें तथा केवल स्वच्छ एवं सुरक्षित पानी का ही उपयोग करें।

पीएचई विभाग ने बताया कि डायरिया रोको अभियान के तहत जिले के विभिन्न गांवों में पेयजल स्त्रोतों की नियमित निगरानी, हैंडपंपों का रखरखाव एवं क्लोरीनीकरण का कार्य निरंतर जारी रहेगा, ताकि ग्रामीणों को सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराया जा सके और जलजनित रोगों पर प्रभावी नियंत्रण रखा जा सके।

# बालाघाट जिला प्राध्यापक संघ द्वारा प्राचार्य के माध्यम से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी के नाम विभिन्न मांगों का ज्ञापन सौंपा गया..



जगप्रेरणा बालाघाट।

***प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय जटाशंकर त्रिवेदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बालाघाट में बालाघाट जिला प्राध्यापक संघ द्वारा उच्च शिक्षा विभाग के प्राध्यापकों की विभिन्न लंबित मांगों के संबंध में***

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अशोक मराठे के माध्यम से यशस्वी मुख्यमंत्री माननीय डॉ. मोहन यादव जी के नाम ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में उच्च शिक्षा विभाग के सहायक प्राध्यापकों एवं अन्य प्राध्यापकों की सेवा संबंधी लंबित समस्याओं के शीघ्र निराकरण, पदोन्नति, वेतनमान एवं अन्य लंबित मांगों के त्वरित समाधान की मांग की गई। प्रतिनिधिमंडल ने प्राचार्य से आग्रह किया कि ज्ञापन को शासन तक शीघ्र प्रेषित कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

इस अवसर पर बालाघाट जिला प्राध्यापक संघ के जिला अध्यक्ष डॉ. अनिल पंचारिया, महाविद्यालय अध्यक्ष डॉ. आर. एन. झारिया, वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. पी. एस. कातुलकर सहित महाविद्यालय के अनेक प्राध्यापक एवं प्राध्यापिकाएँ उपस्थित रहे।

सभी ने प्राध्यापकों की लंबित समस्याओं के शीघ्र निराकरण की अपेक्षा व्यक्त करते हुए शासन से सकारात्मक निर्णय लेने का आग्रह किया। अंत में प्राचार्य डॉ. अशोक मराठे ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि ज्ञापन शासन के समक्ष नियमानुसार अग्रेषित किया जाएगा।

# पाश्चात्यीकरण की अंधी दौड़ में गुरु शिष्य की गौरवशाली परंपरा प्रभावित

## सांदीपनी विद्यालय में गुरु पूर्णिमा पखवाड़े का हुआ शुभारंभ..





जगप्रेरणा लांजी।

***क्षेत्र के प्रतिष्ठित शिक्षा के क्षेत्र: मे अग्रणी संस्था सांदीपनि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बोलेगांव में बुधवार को गुरु पूर्णिमा पखवाड़ा (15 जुलाई से 29 जुलाई 2026) का भव्य शुभारंभ श्रद्धा एवं उत्साह के साथ किया गया।***

कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था के प्राचार्य बी.आर. गुरदे एवं उपस्थित अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर तथा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने सरस्वती वंदना एवं गुरु वंदना की मनमोहक प्रस्तुति दी। इसके साथ ही गुरु महिमा पर प्रभावशाली भाषण, लघु नाटिका तथा वर्तमान समय में गुरु के घटते महत्व पर वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसकी सभी ने सराहना की।

अपने उद्बोधन में प्राचार्य बी.आर. गुरदे ने कहा कि पाश्चात्य संस्कृति की अंधी दौड़ में हम अपनी गौरवशाली गुरु-शिष्य परंपरा को धीरे-धीरे भूलते जा रहे हैं। शिक्षा तभी सार्थक है, जब उसके साथ संस्कार जुड़े हों। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश शासन द्वारा गुरु पूर्णिमा पखवाड़ा मनाने का उद्देश्य विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति, परंपरा एवं गुरु के महत्व से जोड़ना है। यह 15 दिवसीय आयोजन विद्यार्थियों में सांस्कृतिक मूल्यों के प्रति सम्मान एवं अपनी विरासत को अपनाने की भावना विकसित करेगा।

उन्होंने बताया कि पखवाड़े के दौरान प्रतिदिन विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। प्रथम दिवस दीप प्रज्वलन, सरस्वती वंदना एवं शुभारंभ कार्यक्रम आयोजित किया गया। आगामी दिनों में नवाचार गतिविधियों का अवलोकन, भाषण प्रतियोगिता, निबंध लेखन, संस्कृत श्लोक पाठ, भजन एवं गुरु वंदना, योगाभ्यास, ध्यान सहित अनेक सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं, विद्यार्थियों एवं गणमान्य नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रही। अंत में सभी ने गुरु परंपरा के संरक्षण एवं भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433





विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433


# ‘नशे से दूरी है जरूरी’ का संदेश लेकर सड़कों पर उतरी गढ़ी पुलिस छात्र/छात्राओं को दिया संदेश

## 30 जुलाई तक चलेगा नशा मुक्ति अभियान 2.0

अजय रजक, जगप्रेरणा गढ़ी।

***मध्यप्रदेश शासन एवं पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार 15 से 30 जुलाई 2026 तक संचालित ÷नशे से दूरी है जरूरी 2.0÷ अभियान के तहत गढ़ी पुलिस ने शासकीय माध्यमिक विद्यालय ग्राम परसामऊ से जन-जागरूकता अभियान की शुरूआत की।***





इस दौरान विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराते हुए नशामुक्त जीवन अपनाने का संकल्प दिलाया गया। कार्यक्रम में थाना गढ़ी में पदस्थ थाना प्रभारी उपनिरीक्षक सुनील घावरी सर, पुलिस बल, विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षक-शिक्षिकाएं, अन्य कर्मचारी व विद्यार्थियों की उपस्थिति रही। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि अभियान का उद्देस्था विद्यार्थियों, युवाओं और आम नागरिकों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक कर समाज को नशामुक्त बनाना है।

अभियान के तहत आगामी 15 दिनों तक विद्यालयों, सार्वजनिक स्थलों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

नुक्कड़ नाटक, जनसंवाद, रैलियां, लघु फिल्मों एवं अन्य रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से लोगों को यह संदेश दिया जाएगा कि नशा केवल व्यक्ति ही नहीं, बल्कि पूरे परिवार और समाज के लिए अभिशाप है।

नशा मुक्ति अभियान के दौरान उपस्थित विद्यार्थीगण शासकी माध्यमिक विद्यालय परसामऊ जिला-बालाघाट (मध्यप्रदेश) विद्यार्थियों को संबोधित करते पुलिस अधिकारी व शिक्षकगण।

### पुलिस की आमजन से अपील

यदि कहीं भी मादक पदार्थों के अवैध कारोबार, बिक्री या सेवन की जानकारी मिले तो तत्काल पुलिस को सूचित करें। सूचना देने वाले की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी तथा दोषियों के विरूद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

साथ ही बताया गया कि घरेलू हिंसा, पारिवारिक विवाद और कई सामाजिक अपराधों के पीछे नशा एक प्रमुख कारण होता है, इसलिए प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है कि वह स्वयं नशे से दूर रहे और दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करे।

गढ़ी पुलिस के थाना प्रभारी सुनील घावरी ने कहा ÷नशे से दूरी है जरूरी 2.0÷ केवल एक अभियान नहीं, बल्कि स्वस्थ, सुरक्षित और खुशहाल समाज के निर्माण का जनआंदोलन है।

# महाप्रभु भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा श्रद्धा एवं उत्साह के साथ निकाली गई

संजना मोनू बर्वे, जगप्रेरणा उकवा।

***जगन्नाथ धाम उकवा में महाप्रभु भगवान जगन्नाथ, बलभद्र स्वामी एवं माता सुभद्रा की भव्य रथयात्रा गुरुवार को श्रद्धा, भक्ति एवं उत्साह के साथ संपन्न हुई। रथयात्रा में नगर सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में***







श्रद्धालु शामिल हुए और भगवान के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। रथयात्रा का शुभारंभ विशेष पूजा-अर्चना एवं महाआरती के साथ किया गया। सुसज्जित रथ में विराजमान भगवान जगन्नाथ, बलभद्र एवं माता सुभद्रा के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। रथयात्रा नगर के जगन्नाथ धाम से मात्र कालोनी शीतला माता मंदिर में पहला पड़ाव, शीतला माता मंदिर से मुख्य मार्ग होते हुए दुसरा पड़ाव रजत रोडलाईस से होकर तीसरा पड़ाव अग्रवाल स्वीट्स ,चौथा पड़ाव गुरुकृपा आनलाईन से होकर पांचवां पड़ाव संतोष ज्वेलर्स से होकर छटवां पड़ाव मेथोडिस्ट चर्च गुदमा से होकर सातवां पड़ाव रेंज आफिस चौक से होकर सार्वजनिक शीतला माता मंदिर में प्रवेश हुए जहां श्रद्धालुओं एवं सामाजिक संगठनों द्वारा पुष्पवर्षा कर भगवान का स्वागत किया गया एवं फल जूस चाय नाश्ता पानी का वितरण किया गया।

यात्रा के दौरान भजन-कीर्तन, ढोल-नगाड़ों एवं धार्मिक जयघोषों ने पूरे नगर को भक्तिमय बना दिया। श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक रथ खींचकर पुण्य लाभ अर्जित किया। विभिन्न स्थानों पर प्रसाद वितरण की व्यवस्था भी की गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता की। रथयात्रा के समापन अवसर पर महाआरती एवं महाप्रसाद वितरण का आयोजन किया गया। मंदिर समिति ने रथयात्रा को सफल बनाने में सहयोग करने वाले सभी श्रद्धालुओं, सामाजिक संगठनों, प्रशासन एवं नगरवासियों का आभार व्यक्त किया। महाप्रभु भगवान जगन्नाथ मंदिर समिति के सदस्यों ने बताया कि महाप्रभु भगवान जगन्नाथ, बलभद्र स्वामी एवं माता सुभद्रा की रथ वापसी दिनांक 24 जूलाई 2026 को बड़े ही धूमधाम से ढोल नगाड़े श्रृद्धा एवं उत्साह से प्रभु को लाया जाएगा।

# स्वैच्छिकता पर्व के तहत नवग्रह वाटिका में हुआ पौधरोपण, पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प..

जगप्रेरणा बालाघाट।

***मध्यप्रदेश स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में स्वैच्छिकता पर्व के तहत मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद, बैहर द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशानुसार तथा कलेक्टर श्री मृणाल मीणा के निर्देश एवं जिला समन्वयक***





श्री महेश पटले के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला में 16 जुलाई को को कोहका एवं भंडेरी में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का आयोजन वीर नारायण जन कल्याण समिति एवं श्रीराम शैक्षणिक एवं समाज कल्याण समिति द्वारा सेक्टर बैहर एवं भंडेरी में ÷एक पेड़ मां के नाम÷ अभियान के तहत किया गया। इस दौरान नवांकुर सखियों ने कोहका के शाला परिसर तथा भंडेरी की नवग्रह वाटिका में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम में नवांकुर सखियों एवं ग्रामीणों ने पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण, वृक्षारोपण और नशा मुक्ति का सामूहिक संकल्प लिया।

इस अवसर पर जिला समन्वयक महेश पटले ने कहा कि पर्यावरण मानव जीवन का अभिन्न अंग है। यदि पर्यावरण शुद्ध नहीं रहेगा तो अनेक प्रकार की बीमारियां जन्म लेंगी। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को अधिक से अधिक पौधे लगाकर उनकी देखभाल करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि वृक्ष हमें शुद्ध वायु, वर्षा, जल और जीवन के लिए आवश्यक संसाधन प्रदान करते हैं। लगातार हो रही जंगलों की कटाई के कारण वर्षा चक्र प्रभावित हो रहा है तथा भूजल स्तर लगातार नीचे जा रहा है। ऐसे में पर्यावरण संरक्षण के लिए जनभागीदारी अत्यंत आवश्यक है।

उन्होंने बताया कि प्रदेश शासन पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से शासकीय संस्थाओं, स्वैच्छिक संगठनों एवं मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के माध्यम से व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण अभियान संचालित कर रहा है। नवांकुर संस्थाएं गांव-गांव में लोगों को अधिक से अधिक पौधे लगाने और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने का कार्य कर रही हैं।

कार्यक्रम में किशोर न्याय बोर्ड की सदस्य माधुरी पटले, राजेंद्र बिसेन, कुंदन मेरावी, मेंटर शिवनाथ यादव, आकांक्षा टेकाम, प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष सुबेलाल, डॉ. मुलायम राहंगडाले, श्रीमती भद्रशिला टेकाम सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन एवं नवांकुर सखियां उपस्थित रहीं।

# प्रियदर्शनी इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल साइंस में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर आयोजित..

जगप्रेरणा बालाघाट।

***प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री प्राणेश कुमार प्राण के कुशल मार्गदर्शन में प्रियदर्शनी इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल साइंस, बालाघाट में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।***





शिविर में छात्र-छात्राओं को विभिन्न महत्वपूर्ण कानूनों एवं उनके अधिकारों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। शिविर को संबोधित करते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं न्यायाधीश श्री सतीश शर्मा ने लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम (पॉक्सो अधिनियम), 2012 के प्रावधानों की जानकारी देते हुए बताया कि यह अधिनियम 18 वर्ष से कम आयु के सभी बालक एवं बालिकाओं को यौन शोषण, उत्पीडऩ एवं अन्य लैंगिक अपराधों से सुरक्षा प्रदान करता है। उन्होंने अधिनियम के उद्देश्य एवं इसके प्रभावी क्रियान्वयन पर विस्तार से प्रकाश डाला।

श्री शर्मा ने छात्र-छात्राओं को मोटरयान अधिनियम, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीडऩ (निवारण, प्रतिषेध एवं प्रतितोष) अधिनियम-2013, भारतीय न्याय संहिता तथा साइबर अपराधों से बचाव के संबंध में भी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की।

उन्होंने युवाओं से कानूनों की जानकारी रखने और उनका पालन करने का आह्वान किया। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि 12 सितंबर 2026 को जिला एवं तहसील न्यायालयों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा, जिसमें न्यायालयों में लंबित एवं प्री-लिटिगेशन प्रकरणों का राजीनामे के माध्यम से निराकरण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि लोक अदालत के माध्यम से समय एवं धन दोनों की बचत होती है और पक्षकारों के बीच आपसी सौहार्द भी बना रहता है।

श्री शर्मा ने यह भी बताया कि शासकीय कर्मचारियों (लोक सेवकों) के विरुद्ध अपराध करने पर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के तहत कड़े दंडात्मक प्रावधान हैं। उन्होंने शासकीय कर्मचारियों के कर्तव्यों में बाधा पहुंचाने, मारपीट करने अथवा अभद्र व्यवहार करने पर होने वाली कानूनी कार्रवाई की भी जानकारी दी। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य श्री विक्रांत वर्मा, संस्था के शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। शिविर के माध्यम से विद्यार्थियों को कानूनी अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति जागरूक किया गया।

# अमेड़ा सहकारी समिति ने शुरू किया कृषि रसायनों का विक्रय, किसानों को एक ही स्थान पर मिल रहे उर्वरक और फसल सुरक्षा उत्पाद

जगप्रेरणा बालाघाट।

***खरीफसीजन 2026 में किसानों को बेहतर कृषि सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित, अमेड़ा (विकासखंड बालाघाट) ने नई पहल की है। समिति ने कृषि विभाग से लाइसेंस प्राप्त कर कीटनाशक, फफूंदनाशक,***

खरपतवार नाशक एवं पादप हार्मोन्स का विक्रय शुरू कर दिया है। इससे किसानों को अब उर्वरकों के साथ-साथ फसल सुरक्षा से जुड़े सभी आवश्यक कृषि उत्पाद एक ही स्थान पर उपलब्ध हो रहे हैं।

इस पहल की विशेष बात यह है कि समिति द्वारा उपलब्ध कराए जा रहे सभी कृषि रसायन इंडियन फार्मर्स फर्टिलाइजर कोऑपरेटिव लिमिटेड (ढ्ढस्नस्नष्टह्र) के हैं, जो विश्व की सबसे बड़ी उर्वरक सहकारी संस्था है और उच्च गुणवत्ता वाले उर्वरकों एवं कृषि उत्पादों के लिए जानी जाती है।

### बालाघाट की नौ समितियों को मिले उत्पाद, अमेड़ा ने लिया लाइसेंस



इस खरीफसीजन में इफ्को द्वारा बालाघाट जिले की नौ प्राथमिक सहकारी समितियों को उर्वरकों के साथ कृषि रासायनिक उत्पाद भी उपलब्ध कराए गए हैं। इनमें बालाघाट विकासखंड की अमेड़ा समिति एकमात्र ऐसी समिति है, जिसने लाइसेंस लेकर कृषि रसायनों का व्यापार शुरू किया है। समिति के इस कदम से जहां संस्था को अतिरिक्त आय का स्रोत मिला है, वहीं किसानों को परमिट पर बिना ब्याज के कृषि उत्पाद उपलब्ध हो रहे हैं। किसान इन उत्पादों की राशि बाद में धान उपार्जन के दौरान समिति में जमा कर सकते हैं, जिससे उन पर तत्काल आर्थिक बोझ नहीं पड़ता।

### कृषि विभाग दे रहा तकनीकी मार्गदर्शन

कृषि विभाग के कृषि विस्तार अधिकारी ने समिति को उत्पादों के उपयोग से संबंधित आवश्यक प्रशिक्षण भी दिया है। इसमें विभिन्न फसलों की समस्याओं के अनुसार सही दवा का चयन, उपयोग की मात्रा, छिड़काव की विधि तथा उचित समय की जानकारी दी गई, ताकि किसानों को उनकी आवश्यकता के अनुरूप सही उत्पाद उपलब्ध हो सके। इसके साथ ही कृषि विभाग द्वारा गांव-गांव में प्रचार-प्रसार कर किसानों को जानकारी दी जा रही है कि वे उर्वरक के साथ-साथ कीटनाशक, फफूंदनाशक, खरपतवार नाशक और पादप हार्मोन्स भी अमेड़ा सहकारी समिति से ही प्राप्त करें।

### किसानों का बढ़ रहा रुझान

समिति के अनुसार वर्तमान में किसान अपनी फसलों की समस्याओं के समाधान के लिए बड़ी संख्या में समिति पहुंच रहे हैं और आवश्यकता के अनुसार कृषि रसायनों का उठाव कर रहे हैं। यह पहल किसानों को गुणवत्तापूर्ण कृषि सामग्री उपलब्ध कराने के साथ-साथ सहकारी समितियों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

# बैहर में प्रधान आरक्षक मनेंद्र वासनिक का हुआ सम्मान, एसडीएम ने फीता लगाकर दी पदोन्नति की बधाई..

जगप्रेरणा बैहर।

***पुलिस विभाग द्वारा जारी पदोन्नति आदेश के तहत 35वीं बटालियन एसएएफमंडला के आरक्षक मनेंद्र वासनिक को प्रधान आरक्षक के पद पर पदोन्नत किया गया है।***



वर्तमान में वे अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) बैहर की सुरक्षा ड्यूटी में गनमैन के रूप में पदस्थ हैं। पदोन्नति के अवसर पर अनुविभागीय अधिकारी अर्पित गुप्ता (आईएएस) ने प्रधान आरक्षक मनेंद्र वासनिक को फीता लगाकर नई जिम्मेदारी की शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि कर्तव्यनिष्ठा और ईमानदारी से कार्य करने वाले कर्मचारियों का सम्मान पूरे विभाग के लिए प्रेरणादायक है।

इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी प्रधान आरक्षक मनेंद्र वासनिक को बधाई देते हुए उनके सफल एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं।


**व्हाट्सअप पर प्रतिदिन की खबरें पढ़ने अपने ग्रुप में जोड़ें जगप्रेरणा को.. बालाघाट, गोंदिया एवं सिवनी में एक साथ प्रसारित दैनिक ‘जगप्रेरणा’ अब व्हाट्स अप पर भी उपलब्ध है। अपने ग्रुप में जोड़कर इसका लाभ हजारों लोगों तक पहुंचाने के लिये जगप्रेरणा के मो. 93290 33433 को अपने किसी भी ग्रुप में जोड़ें और स्वयं और अन्य लोगों को भी ताजा एवं महत्वपूर्ण खबरों से जोड़ें।**

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

जग प्रेरणा ग्रामीण गोंदिया भंडारा
11 शुक्रवार 17 जुलाई 2026
● तिरोड़ा ● गोरेगांव ● आमगांव ● सालेकसा ● देवरी ● मोरगांव अर्जुनी ● तुमसर ● साकोली ● लाखांदूर

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# भारी वाहनों की यातायात हेतु बंद किया गया बंद 50 साल पुराना जर्जर खतरनाक पुल..

जगप्रेरणा आमगांव।

***जर्जर खतरनाक पुल पर गिर कर निष्पाप लोगो की जाने जानी की घटना लगातार हो रही है गोंदिया जिल्हे के सालेकसा - आमगाव तहसील के बीच बाघ नदी पर के 50 साल पुराने जर्जर खतरनाक***



पुल से लगातार भारी वाहनो की यातयात जारी थी जिससे बारिश मे कभी यह पुल ढह जाने की संभावना है इस हेतु पुल की गंभीर हालत को देखते हुए पुल के दोनों तरफ फिर से बॅरिकेट लगाकर भारी वाहनों हेतु इस पुल को बंद कर दिया है पुल के लिए केंद्रीय राखीव निधी से निधी मंजूरी है किंतु निये पुल के निर्माण तक पुल छोटी-छोटी वाहन कार मोटारसायकल की यातयात सुरु रहे एव संभावित जिवितहानी टाली जा सके इस दृष्टिकोन से इस पुल से भारी वाहनों हेतु बंद कर दिया गया है।

सालेकसा -आमगाव यह अत्यंत महत्त्वपुर्ण मार्ग है यह मार्ग ना केवल दो तहसील को जोडने वाला मार्ग बल्की दो राज्य को जोडणे वाला महत्त्वपुर्ण मार्ग है इस मार्ग पर बाघ नदी पर बना 50 साल पुराना पुल जर्जर एव खतरनाक हो चुका है पुल पर लगातार भारी वाहनो की यातयात जारी थी जिससे पुल गिरकर कभी भी जिवित हानी होने की संभावना थी जिसके चलते तुरंत भारी वाहनो की यातयात पुर्णताह बंद करने की आवश्यकता थी पिछले साल क्षेत्र के विधायक संजय पुराम ने इस पुल की गंभीरता को समझते हुये दिसंबर महिने मे पुल का निरक्षण कर नये पुल के लिये निर्माण कार्य विभाग को 25 करोड रुपये का निधी का प्रस्ताव सरकार को सादर करने के आदेश दिये जिसके बाद निर्माण कार्य विभाग ने ऐसा प्रस्ताव सादर किया एव विधायक संजय पुराम के निरंतर प्रयास से पुल के लिये 25 करोड रुपये का निधी मंजूर भी हुआ कितु जबतक नया पुल निर्माण नही हो जाता तबतक पर्याय मार्ग देकर भारी वाहनो की यातयात इस पुल से तुरंत बंद करने आवश्यक थी अन्यथा बडी दुर्घटना होने की शक्यता से इंकार नही किया जा सकता आज इस पूल पर बॅरिकेट्स लगाकर भारी वाहनों की यातयात बंद कर दी है।

स्ट्रक्चरल ऑडिट के तुरंत बाद तत्कालीन जिलाधिकारी उसके बाद पिछले साल तत्कालीन जिलाधिकारी प्रजीत नायर ने पुल की गंभीर अवस्था के बाद पुल से तुरंत भारी वाहनो की यातयात बंद करने के आदेश संबंधित विभाग को दिये थे जिसके बाद संबंधित विभाग ने इस मार्ग पर बॅरिकेड्स लगाकर भारी वाहनो की यातयात बंद की कितु वह बॅरिकेड्स तोंडकर भारी वाहनो की यातयात जारी थी जिससे कभी पुल ढह कर बडी दुर्घटना हो सकती थी जिसको देखते हुए निकले हुये बॅरिकेट को फिर से लगाकर भारी वाहनों हेतु यह मार्ग बंद कर दिया गया है।

## सार्वजनिक निर्माण कार्य विभाग लगाये अलग अलग जगह सुचना फलक..

आमगाव-सालेकसा मार्ग पर का 50 साल पुराना पुल पुरी तरह से भारी वाहनों हेतु बंद है एवं इस मार्ग के भारी वाहनों हेतु पर्यायी मार्ग आमगांव कमठा चौक से कुलपा मार्ग होते हुये झालिया एवं झालिया (कुनबीटोला) होते कुलपा मार्ग दिया गया इस मार्ग को लेकर सुचना फलक सार्वजनिक निर्माण कार्य विभाग सालेकसा चौक, आमगांव बाबासाहेब आंबेडकर चौक गोंदिया ऐसे महत्वपूर्ण जगह पर लगाने की मांग की जा रही है ताकि भारी वाहन चालक पहले से डायवर्सन मार्ग का पता चले एंव अपना आगे का मार्ग सुनिश्चित करें

## इस मार्ग से दौड़ेगी महाराष्ट्र राज्य परिवहन विभाग की बसे..

महाराष्ट्र राज्य परिवहन विभाग की बसों को फिर से आमगांव -साकरीटोला-तिरखेडी-सालेकसा इस मार्ग पर चलाये जा रहा है पिछले बार हुई महाराष्ट्र राज्य एवं मध्यप्रदेश राज्य की संयुक्त सभा जंहा विधायक संजय पुराम एवं लांजी क्षेत्र के विधायक राजकुमार कर्राहे उपस्थित थे जंहा कुलपा मार्ग व्हाया महाराष्ट्र राज्य परिवहन विभाग की बसों को चलाने का निर्णय हुआ था किन्तु महाराष्ट्र राज्य परिवहन विभाग की बसों को चलाने लायक यह मार्ग नही होने से इस मार्ग पर बसो को चलाना संभव नहीं होने से अब करीब 13 किमी की अधिक यात्रा कर बसो को आमगाव-साकरीटोला-तिरखेडी-सालेकसा बसो को चलाया जायेगा जिसके चलते आर्थिक रुप से एवं समय भी अधिक जायेगा इससे सबसे ज्यादा परेशानी लाडली बहने एवं स्कूल महाविद्यालय में पढ़ने वाली छात्रा को होगी

# कर्ज़ माफ़ी में देरी से, किसानों और इकॉनमी पर गंभीर असर पड़ेगा..

**कांग्रेस के आदिवासी आघाड़ी गोंदिया ज़िला प्रेसिडेंट राजकुमार पुराम ने सरकार से तुरंत फैसले की मांग की..**

## फसल लोन न मिलने की वजह से किसान साहूकारों के दरवाज़े पर..

जगप्रेरणा देवरी।

***किसान कर्ज़ माफी प्रोसेस में देरी का मुख्य नतीजा यह है कि किसानों को खरीफ़ सीज़न के लिए नया फसल लोन मिलने में मुश्किलें आ रही हैं और उन पर ब्याज़ का बोझ बढ़ रहा है। केंद्र सरकार से इनकम टैक्स देने वाले किसानों का***

डेटा मिलने और नई बदली हुई शर्तें लागू करने की प्रोसेस में देरी की वजह से 'पुण्यश्लोक अहिल्याबाई होळ्कर किसान कर्ज माफी योजना में देरी हुई है।

क्योंकि इस देरी से लाखों किसानों और इकॉनमी पर गंभीर असर पड़ेगा, इसलिए कांग्रेस के आदिवासी आघाड़ी गोंदिया ज़िला प्रेसिडेंट राजकुमार पुराम ने एक प्रेस रिलीज़ के ज़रिए सरकार से तुरंत फैसला लेने की मांग की है। प्रेस रिलीज़ में राजकुमार पुराम ने कहा कि राज्य सरकार की लोन माफी में देरी और बार-बार बदलते नियमों की वजह से खरीप सीज़न की प्लानिंग में रुकावट आई है। बारिश आने के बाद भले ही बुआई का सीज़न बढ़ गया है, लेकिन कई किसानों को बीज और खाद के लिए ज़रूरी पैसे नहीं मिले हैं। इस वजह से, बैंकों से समय पर फसल लोन न मिलने की वजह से कई किसानों को प्राइवेट साहूकारों का सहारा लेना पड़ रहा है।



कई बैंकों में फसल लोन का बंटवारा अभी 25 परसेंट से ज़्यादा नहीं हुआ है। सरकार ने 30 जून से पहले लोन माफी लागू करने का वादा किया था, लेकिन उसके बाद भी किसानों के अकाउंट में रकम जमा नहीं हुई है। इसलिए, पुराने लोन न चुका पाने की वजह से बैंक नए लोन देने में आनाकानी कर रहे हैं।

बारिश की अनिश्चितता और कुछ इलाकों में खराब क्वालिटी के बीजों की वजह से दोबारा बुआई का समय बढ़ने से किसानों की मुश्किलें और बढ़ गई हैं। साथ ही, कई किसानों को पिछली भारी बारिश से मिली मदद भी अभी तक नहीं मिली है। राज्य सरकार किसानों के हित में होने का दावा करती है, लेकिन अब किसान उसे ढूंढ रहे हैं। लेकिन अब वह कहां छिपी है? यह सवाल किसानों के सामने खड़ा हो गया है। ऐसे में, इंसेंटिव सब्सिडी के लिए भी अभी हालत यह दिख रही है कि उन्हें प्राइवेट साहूकारों से लोन लेना पड़ रहा है।

खरीफ सीजन में लोन माफी का फायदा न मिलने और फसल लोन बांटने में देरी की वजह से किसानों पर पैसे का बोझ बढ़ गया है। लाखों किसान इस बात का इंतजार कर रहे हैं कि लोन माफी की रकम उनके अकाउंट में कब आएगी। क्योंकि इस देरी का लाखों किसानों और इकॉनमी पर गंभीर असर पड़ेगा, इसलिए कांग्रेस के आदिवासी गठबंधन के गोंदिया जिला अध्यक्ष राजकुमार पुराम ने एक प्रेस रिलीज के जरिए सरकार से तुरंत फैसला लेने की मांग की है।

## मजदुरी के पैसे के विवाद मे चलाई लाठी मामला दर्ज..

**जगप्रेरणा गोंदिया।**

गोंदिया जिले के रावणवाडी पुलिस थाना अंतर्गत मारपीट का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 14/7/2026 के रात 10 बजे के दरम्यान डांगोर्ली मे फर्यादी राजेन्द्र रामचंद नान्हे उम्र 35 वर्ष निवासी डांगोर्ली अपने घर पर थे। जहा आरोपीयों ने आकर मजदुरी के पैसे के बारे मे गालीगलौच की और लकड़ी से आख पर मारकर जख्मी किया बेटा बिचबचाव करने आया तो उसे भी मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने से दिये शिकायत पर पोस्टे रावणवाडी मे अपराध क्रमांक 365/2026 धारा 118, 2, 352, 351, 3, 3, 5, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जॉच पोहवा बघेले 788 पोस्टे रावणवाडी कर रहे है।

# गोंदिया पुलिस डायरी..

संजीव बापट, शहर प्रतिनिधि मो. 9922607145

## घर के आंगन से मोटरसायकल चोरी मामला दर्ज..

**जगप्रेरणा गोंदिया।**

गोंदिया जिले के दवनीवाडा पुलिस थाना अंतर्गत चोरी का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 14/7/2026 के रात धापेवाडा मे फर्यादी कमलेश चैनलाल येरणे उम्र 30 वर्ष निवासी धापेवाडा ने अपने घर के आंगन मे हिरो कंपनीकी मोटरसायकल क्रमांक एम एच 35 एसी 9036 किमत 25 हजार की रखी थी। रात के समय किसी अज्ञात चोर ने चुराकर ले जाने से दिये शिकायत पर पोस्टे दवनीवाडा मे अपराध क्रमांक 357/2026 धारा 303,2, भान्यास के तहत अपराध दर्ज कर जाँच पोहवा गुलाबदास छोटेलाल तुरकर 1501 पोस्टे दवनीवाडा कर रहे है।

## रेती चोर टिप्पर सहीत गिरफ्तार मामला दर्ज..

**जगप्रेरणा गोंदिया।**

गोंदिया जिले के तिरोडा पुलिस थाना अंतर्गत रेतीचोरी का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 15/7/2026 के रात 12 बजे मांडवी तिरोडा रोड पर आरोपी ने वैनगंगा नदी पात्र से अपने टिप्पर मे 5 ब्रास रेती भरकर जा रहा था। फर्यादी पोशी प्रमोद चुन्नीलाल पाटील पोस्टे तिरोडा ने उसे रोककर कागज पुछा तो उसके पास पास परमीशन नही थी। रेती चोरी करते समय पकाडाये जाने पर टिप्पर किमत 20 लाख और 5 ब्रास रेती किमत 30 हजार कुल 20 लाख 30 हजार रुपये का माल जप्त कर दिये शिकायत पर पोस्टे तिरोडा मे अपराध क्रमांक 673/2026 धारा 305, ई, भारतीय न्याय संहिता 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जॉच पोहवा नामुर्ते 1194 पोस्टे तिरोडा कर रहे है।

## अपने बेटे को डाट रहे युवक को पडोसी ने की मारपीट मामला दर्ज..

**जगप्रेरणा गोंदिया।**

गोंदिया जिले के तिरोडा पुलिस थाना अंतर्गत मारपीट का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 14/7/2026 के शाम 6 बजे के दरम्यान बेलाटी मे फर्यादी मोरेश्वर नैपाल चौधरी उम्र 40 वर्ष निवासी बेलाटी और आरोपी पडोस मे रहते है, घटना के समय फर्यादी ने अपने बेटे को नई सायकल लेकर दी और उससे कहा की अच्छे से रखना तु बराबर रखता नही तो इस बात पर दोनो आरोपियो ने बाहर आकर फर्यादी को गालीगलोच कर बास की लकड़ी से हाथ पैर पर मारकर जख्मी करने से दिये शिकायत और डाक्टर की रिपोर्ट पर पोस्टे तिरोडा मे अपराध क्रमांक 677/2026 धारा 118,1, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जॉच पोहवा नामुर्ते 1194, पोस्टे तिरोडा कर रहे है।

# जन्म-मृत्यु प्रमाणपत्र जारी करने के अधिकार THO को दिए जाएं..

## सरपंच गुणाराम मेहर ने विधायक संजय पुराम को लिखा पत्र..

जगप्रेरणा सालेकसा।

***कुछ माह पूर्व शासन के निर्देशानुसार जन्म एवं मृत्यु प्रमाणपत्र पास करने के अधिकार ग्राम पंचायतों से लेकर DHO को सौंप दिए गए।***


आजादी का अमृत महोत्सव
कार्यालय ग्रामपंचायत पिपरिया
पं.स. सालेकसा जि.प. गोंदिया

इसके बाद से आम नागरिकों को जन्म-मृत्यु प्रमाणपत्र प्राप्त करने के लिए अनावश्यक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पूर्व में यह अधिकार ग्राम पंचायतों के पास होने से लोगों को प्रमाणपत्र आसानी से मिल जाता था, लेकिन नियमों में बदलाव के बाद प्रक्रिया जटिल हो गई है। अब ग्राम पंचायत द्वारा प्रमाणपत्र तैयार कर उसे ऑनलाइन माध्यम से **DHO** कार्यालय भेजा जाता है। इसके बाद **DHO** द्वारा समय मिलने पर प्रमाणपत्र को स्वीकृति दी जाती है और फिर लाभार्थियों को जारी किया जाता है। इस पूरी प्रक्रिया में कितना समय लगेगा, इसका कोई निश्चित अनुमान नहीं होता।

इन्हीं समस्याओं को देखते हुए ग्राम पंचायत पिपरिया के सरपंच गुणाराम मेहर ने विधायक संजय पुराम को पत्र लिखकर मांग की है कि जन्म एवं मृत्यु प्रमाणपत्र जारी करने की स्वीकृति देने के अधिकार जिला स्तर के बजाय तालुका स्वास्थ्य अधिकारी **(THO)** को दिए जाएं, ताकि तालुका स्तर पर ही इन कार्यों का त्वरित और सुगमता से निपटारा हो सके।

उन्होंने पत्र में उल्लेख किया है कि वर्तमान व्यवस्था में प्रमाणपत्र समय पर जारी नहीं होने के कारण ग्रामीणों का आक्रोश ग्राम पंचायतों पर निकलता है। अधिकांश लोगों को यह जानकारी नहीं होती कि अंतिम स्वीकृति **DHO** स्तर से दी जाती है। इसलिए जनता को अनावश्यक परेशानी और ग्राम पंचायतों को असुविधा से बचाने के लिए इस मांग पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेने का आग्रह किया गया है।

# नगर पंचायत देवरी ने 10 वीं और 12वीं क्लास के होनहार स्टूडेंट्स को सम्मानित किया..



## नगर पंचायत हॉल में प्रोग्राम हुआ..

जगप्रेरणा देवरी।

***सोमवार (13 जुलाई) को नगर पंचायत देवरी ने देवरी शहर के अलग-अलग स्कूल और कॉलेज में शैक्षणीक सेशन 2025-26 में 10वीं और 12वीं क्लास के कुल 50 होनहार स्टूडेंट्स***

को शील्ड और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया और उनके उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर होनहार स्टूडेंट्स के माता-पिता और टीचर्स को भी सम्मानित किया गया। इस प्रोग्राम में नगर पंचायत देवरी के सभी अधिकारी और कर्मचारी, जिनमें प्रेसिडेंट संजू उइके, वाइस प्रेसिडेंट प्रज्ञा संगीडवार, नगर सेविका सीताबाई रंगारी, कौशल्याबाई कुंभरे, नगरसेवक रितेश अग्रवाल शामिल थे, इस मौके पर देवरी के मनोहरभाई पटेल हाई. स्कूल, जिला परिषद हाई. स्कूल, बाबूराव मडावी हाई. स्कूल, कमलादेवी जैन हाई. स्कूल और छत्रपति शिवाजी हाई. स्कूल के प्रिंसिपल, सभी टीचर और स्कूल के स्टूडेंट्स के साथ-साथ गांव के नागरिकों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

# नगर पंचायत देवरी की ओर से नागरिकों को कोल्ड स्टोरेज सिस्टम और गटर साफ करने वाली मशीन की व्यवस्था के लिए एक गाड़ी समर्पित की गई..



## नगर पंचायत परिसर में प्रोग्राम आयोजित किया गया..

जगप्रेरणा देवरी।

***नगर पंचायत देवरी ने देवरी इलाके और आस-पास के गांवों में मरने वाले व्यक्ति के परिवार की तुरंत सुविधा के लिए एक फ्री मुर्दाघर का इंतज़ाम किया है। साथ ही, नगर पंचायत देवरी को सरकार से मिला गाड़ी***

गडर सफाई यंत्र सोमवार (13 जुलाई) को नगर पंचायत देवरी में इस इलाके के **MLA** संजय पुराम के हाथों शहर की जनता के सामने जनता को समर्पित किया गया।

इस मौके पर कार्यक्रम में नगर पंचायत देवरी प्रेसिडेंट संजू उइके, वाइस प्रेसिडेंट प्रज्ञा संगीडवार, नगर सेविका सीताबाई रंगारी, कौशल्याबाई कुंभरे, नगरसेवक रितेश अग्रवाल के साथ नगर पंचायत की एडमिनिस्ट्रेटिव ऑफिसर सुश्री जागृति रणदिवे और सभी अधिकारी, कर्मचारी और गांव वाले मौजूद थे।

# सुफलाम इंडस्ट्रीज देवरी ने देवरी नगर पंचायत को गीले और सूखे कूड़ेदान बांटे..




## नगर पंचायत ऑफिस के सामने प्रोग्राम हुआ..

जगप्रेरणा देवरी।

***नगर पंचायत देवरी के तहत देवरी को स्वच्छ देवरी, सुंदर देवरी बनाने के मकसद से देवरी इलाके में मौजूद सुफलाम इंडस्ट्रीज ने सोमवार***

(13 जुलाई) को देवरी नगर पंचायत को 5 सूखे और गीले कूड़ेदान और 3 कूड़ा गाड़ी रिक्शा दिए। यह तोहफा इस इलाके के **MLA** संजय पुराम ने नगर पंचायत को बांटा। इस मौके पर नगर पंचायत देवरी की प्रेसिडेंट संजू उइके, वाइस प्रेसिडेंट प्रज्ञा संगीडवार, नगर सेविका सीताबाई रंगारी, कौशल्याबाई कुंभरे, पार्षद रितेश अग्रवाल, नगर पंचायत के सभी अधिकारी, कर्मचारी और शहर के नागरिक मौजूद थे।

दैनिक जगप्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापनों के लिये संपर्क करें मो. 9329033433




पिछले 15 दिनों से बारिश ने मुंह फेर देने किसानों पर संकट आ गया है ऐसे मे अपने रोपो को बचाने हेतु बैल बंडी पर पानी लाकर अपने रोपो को पानी देता किसान।
छाया - प्रा.गणेश भदाडे

अंकुर टेस्ट ट्युब बेबी एंड रिसर्च सेंटर
बंधत्व पीड़ितों के लिये एक आशा की किरण
उपलब्ध सुविधाएँ..
■ टेस्ट ट्युब बेबी (IVF ET) ■ इक्सी टेस्ट ट्युब बेबी (ICSI) ■ (IUI) आय.यू.आय. ■ अधिक उम्र में मातृत्व ■ ओव्हम डोनेशन द्वारा ■ बंद फॉलोपियन ट्युब खोलना
■ पुरुष बंधत्व निदान व उपचार ■ शुक्राणु बैंक सुविधा ■ सोनोग्राफी ■ हार्मोस की जांच ■ हार्मोस की गड़बड़ी की ईलाज ■ दुरबीन द्वारा ऑपरेशन
डॉ. संजीव चिटणवीस
अस्थि रोग विशेषज्ञ
डॉ.सौ.प्रणिता चिटणवीस
प्रसुति, स्त्रीरोग व बंधत्व चिकित्सा विशेषज्ञ
एक्सीडेंट हॉस्पीटल व अंकुर क्लिनिक
गणेश नगर, गोंदिया फोन - 07182 - 236692 मो. 9823970754

12 शुक्रवार 17 जुलाई 2026
जग प्रेरणा
live गोंदिया भंडारा
● आमगांव ● गोरेगांव ● सड़क अर्जुनी ● देवरी ● सालेकसा ● अर्जुनी मोरगांव ● तिरोड़ा ● लाखांदुर ● साकोली

महावीर डेवलपर्स गोरेगांव
1 महावीर कॉम्पलेक्स
एन.एच.रोड, बस स्टेंड के पास
2. अरुट विनायक अपार्टमेंट
2 बीचके फ्लेट रेडी पजेशन, लिफ्ट, पार्किंग, बैंक लोन सुविधा.. 3) एनए किये हुए प्लॉट उपलब्ध..
संपर्क-नायरा पेट्रोल पंप मो. 9372316555

# गोंदिया शहर मे डब्लिंग ग्राऊंड और गौशाला वार्ड से निकली भगवान जगन्नाथ की भव्य रथयात्रा..

## श्रद्धा और भक्ति के साथ उमड़ा शहर का जनमानस..

जगप्रेरणा गोंदिया।

*गोंदिया शहर में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी शहर में अलग अलग आयोजनों के रुप में गौशाला वार्ड स्थित उत्कल घसिया समाज के प्रतिनिधित्व में भगवान जगन्नाथ मंदिर सेवा संस्था द्वारा गौशाला वार्ड से भगवान जगन्नाथ जी की रथयात्रा निकाली गई। इसी प्रकार शहर के डबलिंग ग्राउंड स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर पूजा समिति के तत्वाधान में भगवान श्री जगन्नाथ स्वामीजी की वार्षिक रथयात्रा धुमधाम से निकाली गई।*



शहर के प्रमुख मार्गों का भ्रमण करने निकली इन रथयात्राओं में आकर्षक बैंड बाजों और आकर्षक झाकियों के साथ रथयात्रा निकाली गई। रथयात्रा में भगवान श्री जगन्नाथ, बलभद्र एवं बहन सुभद्रा की प्रतिमाएं भव्य रथयात्रा में सुसज्जित की गई, तथा इस रथयात्रा को खींचने के लिये श्रद्धालुओं में भारी होड़ नजर आई। नगर में जगह जगह जगन्नाथ रथ यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं का पेयजल एवं अन्य व्यवस्थाओं के साथ स्वागत सत्कार किया गया, तो वहीं जगह जगह घरों के सामने से निकलकर लोगों ने श्रद्धा और भक्ति के साथ भगवान जगन्नाथ जी, बलभद्र जी और बहन सुभद्रा की पूजा अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

### पारंपरिक एवं लोकसंस्कृति का दिखा संगम..

गौरतलब है कि भगवान जगन्नाथ जी की रथयात्रा को आयोजकों द्वारा भव्यता प्रदान की गई। रथयात्रा में विधि विधान से भगवान की प्रतिमाओं को पूजा अर्चना के उपरांत रथ में बिठाया गया। रथयात्रा के सामने सामने बैंड बाजे, लोकसंस्कृति से सुसज्जित झांकियां और आदिवासी एवं उड़ीया नृत्यांगनाओं के नृत्यों की प्रस्तुतियां भी दी गई, जिससे कि रथयात्रा का ऐसा अनुपम दृश्य देखने के लिये भी भारी भीड़ नजर आई।

पूर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल द्वारा

# पूज्य राष्ट्रसंत श्री प्रदीप जी मिश्रा की भव्य शिव महापुराण कथा 25 जनवरी 2027 से गोंदिया में..

## 18 जुलाई 2026 को भव्य आयोजन की तैयारियों पर चर्चा-बैठक, आयोजन के सफलतार्थ सक्रिय सहयोग हेतु सभी शिवभक्त-श्रध्दालुगण आमंत्रित



जगप्रेरणा गोंदिया।

पूर्व विधायक श्री गोपालदास अग्रवाल ने दिव्य कथा व्यास परम पूज्य राष्ट्रसंत श्री प्रदीप जी मिश्रा सीहोरवाले के श्रीमुख से आगामी 25 जनवरी 2027 से गोंदिया में भव्य शिव महापुराण कथा का आयोजन किया है।

इस विराट धार्मिक आयोजन की सफल एवं सुव्यवस्थित रुपरेखा तैयार करने के उद्देश्य से प्रताप मेमोरियल चेरिटेबल ट्रस्ट गोंदिया द्वारा सभी शिवभक्तों-श्रध्दालुओं के प्रथम चर्चा सत्र का आयोजन शनिवार, 18 जुलाई 2026 को शाम 5 बजे श्री गुरुनानक ऑडिटोरियम, गांधी प्रतिमा के पास, गोंदिया में किया गया है। बैठक में आयोजन की सभी व्यवस्थाओं, सेवा कार्यों, स्वयंसेवकों की जिम्मेदारियों तथा आयोजन को भव्य एवं सफल बनाने हेतु आवश्यक विषयों पर विस्तृत चर्चा की जाएगी। पूर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल एवं प्रताप मेमोरियल चेरिटेबल ट्रस्ट ने इस भव्य आयोजन के सफलतार्थ सभी धर्मप्रेमी बंधुओं, सामाजिक संगठनों, श्रध्दालुओं तथा शिवभक्तों से इस बैठक में पहुंचकर अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराने तथा आयोजन के सफलतार्थ सक्रिय सहयोग देने का निवेदन किया है।

# जगन्नाथ रथयात्रा में शामिल होकर सांसद राजेन्द्र जैन ने खीचा रथ..

## महाप्रभु भगवान से की क्षेत्र व देश के नागरिको की मंगल कामना..





जगप्रेरणा गोंदिया।

*आज गोंदिया शहर में महाप्रभु भगवान श्री जगन्नाथ जी की पावन रथयात्रा शहर के दो स्थानों से निकाली गई, तथा दोनों ही रथयात्राओं में क्षेत्र के नेता सांसद राजेन्द्र जैन भी श्रद्धाभाव से शामिल हुए।*

सांसद राजेन्द्र जैन ने गौशाला वार्ड सर्कस मैदान के समीप उत्कल घसिया समाज द्वारा संचालित जगन्नाथ मंदिर पहुंचकर तथा डब्लिंग ग्राऊंड स्थित जगन्नाथ मंदिर में माथा टेका, तो वहीं श्री जैन जगन्नाथ रथयात्राओं में भी शमिल हुए, और भगवान जगन्नाथ जी के रथ को खींचा तथा क्षेत्र व देश की सुख शांति की मंगलकामना महाप्रभु भगवान जगन्नाथ जी से की।

इस अवसर पर मीडिया से रुबरु होते हुए सांसद राजेन्द्र जैन ने कहा कि आज भगवान जगन्नाथ जी की भव्य शोभायात्रा में सहभागी होने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। भव्य शोभायात्रा में भक्ति, श्रद्धा और उत्साह से ओतप्रोत इस वातावरण में प्रभु के प्रति आस्था का अद्भुत दर्शन हुआ। इस अवसर पर महाप्रभु भगवान श्री जगन्नाथ जी के मंदिर में माथा टेककर महाप्रभु जी का आशीर्वाद लिया एवं सभी के जीवन में सुख, शांती, समृद्धी कि मनोकामना की।

# विशाल गोपालदास अग्रवाल ने प्रभु श्री जगन्नाथजी की पुजा अर्चना कर श्री जगन्नाथजी का भव्य रथ खींचा..

## नागरिकों की खुशहाली एवं विश्वशांती की मनोकामना की..

जगप्रेरणा गोंदिया।

*दिनांक 16 जुलाई 2026 को श्री जगन्नाथ पुजा समिती डब्लिंग ग्राऊंड गोंदिया द्वारा आयोजित श्री जगन्नाथजी की सार्वजनिक रथयात्रा में पुर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल की अनुपस्थिती में विशाल गोपालदास अग्रवाल ने*





पहुंचकर श्री जगन्नाथजी की पूजा अर्चना की व इस वर्ष अच्छे मानसुन के साथ किसानों को अच्छी फसल के माध्यम से राहत मिले तथा भारत एवम् संपूर्ण विश्व में शांती कायम होने की कामना प्रभु जगन्नाथजी के श्रीचरणों में की। इस अवसर पर वे श्री जगन्नाथजी के रथ को हाथों से खिंचकर रथयात्रा में सम्मिलीत हुए। इस अवसर पर प्रमुख रुप से डॉ.दिपक बहेकार, जिला कांग्रेस अध्यक्ष अमर वरुहाड़े, शहर कांग्रेस अध्यक्ष अशोक चौधरी, पार्षद पंकज यादव, मनोज पटनायक, प्रदीप द्विवेदी, पूर्व जिप सभापती अर्जुन नागपुरे, मितेश पोद्दार, आलोक मोहंती, शिनु राव, सचिन चौरसिया, शकील मंसुरी, श्यामका सर, अभिषेक अग्रवाल सर, जसपालसिंग चावला, योगेश बापू अग्रवाल, पार्षद राकेश ठाकुर, सुनिल भालेराव, क्रांती जैसवाल, महेश अग्रवाल माया, देवा रुसे, भागवत मेश्राम, पुर्व पार्षद व्यकंट पाथरु, कमल पुरोहित, डॉ. राकेश गुप्ता, बाबा बागड़े, पार्षद रुपेश नशीने, पार्षद अमर रंगारी, बी.बी.साहु, पतीबाबू, निरज कटकवार, एन.एन.दास, के.सी. पटनाईक, सोहन पटले, कुमेन्द्र परिहार, मनोज पटले, विक्रम मोहंती, गोल्डी गावंडे, लक्की तिवारी, विभुती गरनाईक, सुशील अग्रवाल, प्रकाश रहमतकर, जहिरभाई अहमद, कमलेश नशीने, महेश करियार, योगेश नागवंशी, दिलीप कर, एच.एच. नायक, एच.के. श्यामल, प्रमोद भेज, सतीश समुद्रे आदि उपस्थित थे।

## - सूचना -

यदि आपको प्रतिदिन दैनिक जगप्रेरणा समाचार पत्र नहीं मिल रहा हो तो कृपया दिनेश उके से मोबाईल नंबर 98605 58902 पर संपर्क करें।

## गुमशुदा की तलाश



गोंदिया के रामनगर पुलिस स्टेशन अंतर्गत मराटोली, गोंदिया से एक 23 वर्षीय युवती के लापता होने का मामला सामने आया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, लापता युवती का विवरण इस प्रकार है। लापता युवती का नाम संघमित्रा संतोष कोटंगले, उम्र 23 वर्ष, निवासी ग्राम- कोटदरा, तहसील- सालेकसा, जिला- गोंदिया। युवती 10 जुलाई 2026 को दोपहर लगभग 3:00 बजे गोंदिया के मराटोली इलाके से बिना किसी को कुछ बताए कहीं चली गई है। काफी खोजबीन के बाद भी उसका कोई पता नहीं चल पाया है, जिसके बाद रामनगर पुलिस स्टेशन, गोंदिया में गुमशुदगी (मामला क्रमांक 31/2026) दर्ज की गई है। युवती का रंग सावंला, ऊंचाईः 4 फीट 3 इंच, कठकाठी मजबूत, बालः काले, पहनावा शरीर पर लाल रंग का सलवार-कुर्ता और पायजामा। विशेष पहचानः बाएं पैर में काला धागा बंधा हुआ है। मराठी और हिंदी बोलती है। यदि किसी को भी इस हुलिए की महिला के बारे में कोई जानकारी मिले, तो कृपया तुरंत नीचे दिए गए नंबरों या रामनगर पुलिस स्टेशन, गोंदिया में सूचित करें। मो.नि. तिरुपति राणे (पो.स्टे. रामनगर): 897575246, स्थानीय अपराध शाखा, नियंत्रण कक्ष गोंदिया 07182-236100, पो.हवा. ओमेश्वर मेश्रामः 8805986082

SONO VIEW

SONOGRAPHY

X-RAY

CT SCAN
DR. GHANSHYAM M. TURKAR
M.B.B.S., M.D., D.N.B., M.N.A.M.S.
Diplomate of National Board
Radiologist, Sonologist & Imagiologist
DR. PADMINI TURKAR
M.B.B.S., D.C.H.
बालरोग एवं नवजात शिशु विशेषज्ञ
FACILITIES AVAILABLE
SONOGRAPHY
■ Color Doppler ■ Power Doppler Imaging
■ B-flow Imaging ■ Tissue Harmonic Imaging
■ Transrectric & TV Sonography
■ Pediatric Sonography ■ Orbital Sonography
■ Breast, Thyroid, Scrotal Sonography
■ Neonatologist Neurosonogram
■ 2 D Echo Cardiography ■ Foetal Echo
■ Whole Body Ct Scan ■ Digital X-ray Digital Radiography System ■ M.R.I.
DIGITAL X-RAY
● 2D, 3D/4D High Resolution Sonography
● 2D Echo
● Colour Doppler
● Siemens Germany Multislice/Spiral High Resolution CT Scan
राष्ट्रीय क्षयरोग दुरीकरण कार्यक्रम अंतर्गत मुफ्त सोनोग्राफी, एक्स रे, सी.टी. स्कैन
तुरकर क्लिनिक
SONOGRAPHY, X-RAY, C.T. SCAN
सिव्हिल लाईन, गोंदिया
फोन - 07182- 231149, 234198, 236391
E-mail : sonoview@gmail.com SONOGRAPHY C.T. SCAN

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक आशीष वर्मा द्वारा जगप्रेरणा पेपर इंडस्ट्रीज कटंगीकला गोंदिया से मुद्रित तथा कार्यालय जगप्रेरणा, वार्ड नं.16, कल्पतरु मॉल, महावीर चौक, बालाघाट (मध्यप्रदेश) से प्रकाशित..
संस्थापक - स्व. गंगाबिसन जी वर्मा, प्रधान संपादक - आशीष वर्मा मो. 9329033433 आर.एन.आई. रजि. नं. एमपी/हिन्दी/2012/43298 ईमेल - jagprernaw@gmail.com